सूर्योदय 5:51 सूर्यास्त 6:58

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 19 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,857.84 |
| निफ्टी | 25,050.55 |
| सोना | 98,946 |
| चांदी | 1,11,194 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 21 अगस्त 2025 | 6 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 233, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




क्या तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बनेंगे गिल

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### सूरत में मालिक ने चोरी करवाए 32 करोड़ के हीरे

**एजेंसी, सूरत।** गुजरात के सूरत में 32 करोड़ के हीरा चोरी केस का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। मुख्य आरोपी कंपनी का मालिक देवेंद्र कुमार चौधरी ही निकला। उसने इंश्योरेंस की रकम हड़पने के लिए साजिश रची थी। देवेंद्र ने साजिश में अपने दोनों बेटों, ड्राइवर और उसके दो साथियों को शामिल किया था। कापोद्रा पुलिस और सूरत क्राइम ब्रांच ने मिलकर इस फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया। पुलिस के मुताबिक, डीके एंड संस डायमंड कंपनी के मालिक देवेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि उस पर कर्जा बढ़ गया था। इसी वजह से उसने हीरे चोरी की साजिश रची। ड्राइवर और उसके दो साथियों से 10 लाख रुपए में डील की। एडवांस में 5 लाख भी दिए थे। पुलिस ने कंपनी के मालिक देवेंद्र को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### चंबा में एक घंटे में दो बार डोली धरती




**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले में बुधवार सुबह दो बार भूकंप आया है। एक घंटे में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। 3:27 बजे 3.3 तीव्रता का पहला भूकंप आया था। इसके बाद 4:39 बजे 4.0 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि, फिलहाल इससे कोई नुकसान की खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मॉलोजी (एनसीएस) के मुताबिक, पहला भूकंप सुबह 3:27 बजे आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 दर्ज की गई और इसकी गहराई 20 किमी रही। जिसके करीब एक घंटे बाद चंबा में दूसरा भूकंप आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 रही। यह भूकंप 10 किमी गहराई पर आया। भूकंप के झटकों से जिले में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### चंडीगढ़ हाईकोर्ट और 50 स्कूलों को उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली/चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-1 स्थित पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट और दिल्ली के करीब 50 स्कूलों को बुधवार सुबह ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। दिल्ली के 50 स्कूलों में द्वारका के राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर का एसकेवी और प्रसाद नगर का आंध्रा स्कूल शामिल हैं। पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंचीं। तलाशी में कोई विस्फोटक नहीं मिला। वहीं, चंडीगढ़ हाईकोर्ट परिसर में भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी में कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है, लेकिन पुलिस हर जगह तलाशी ले रही है। (अनंत ज्ञान)


### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- रैगिंग के दोषी छात्रों को हो सकता है कारावास व जुर्माना -पेज 2
- बिंदल की टीम में 8 उपाध्यक्ष और 8 ही सचिव -पेज 3
- टांडा कॉलेज में फर्जी दस्तावेजों से एमबीबीएस में प्रवेश की कोशिश -पेज 5
- चरस तस्कर को 4 साल कैद और 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा-पेज 6
- गगरेट की सड़कों ने धारण किया नालों का रूप, करोड़ों का नुकसान -पेज 10


# 30 दिन जेल जाने पर जाएगी कुर्सी

## पीएम-सीएम और मंत्रियों को छोड़ना होगा पद, शाह ने पेश किए 3 बिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार या 30 दिन हिरासत में लिए जाने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाने का प्रावधान करने के लिए बुधवार को संसद में तीन बिल पेश किए। लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने इन बिलों को पेश किया। शाह ने केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) बिल 2025, 130वां संविधान संशोधन बिल 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 को लोकसभा के पटल पर रखा। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इन बिलों को पेश करने के बाद सदन में जोरदार हंगामा शुरू हो गया।

गृह मंत्री ने कहा कि बिलों को जल्दबाजी में लाने का आरोप सही नहीं है। विपक्ष के हंगामे के बीच वह अपनी सीट पर खड़े हुए और कहा कि अब आप मेरी बात सुनो। मुझ पर जब आरोप लगाया गया था उस दौरान मैंने गिरफ्तार होने से पहले नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दिया था और जब तक मैं कोर्ट से निर्दोष साबित नहीं हुआ, मैंने कोई संवैधानिक पद नहीं लिया। ये क्या सीखाते हैं नैतिकता मुझे। हम भी चाहते हैं कि नैतिकता के मूल्य और बढ़ें। उन्होंने कहा कि बिलों को संयुक्त समिति को सौंपा जाएगा। सभी पक्ष-विपक्ष के सांसदों की समिति इस पर विचार करेगी और आपके सामने लेकर आएगी। (अनंत ज्ञान)

### विपक्ष ने शाह पर फेंके बिलों के टुकड़े



**कांग्रेस** ने विधेयकों का विरोध किया। कांग्रेस ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह इन बिलों को वापस ले। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम इन बिलों का विरोध करते हैं। ये बिल देश के संविधान के खिलाफ हैं। ये बिल विपक्ष दलों की सरकार (राज्य सरकार) को निशाना बनाने के लिए लाए जा रहे हैं। बिल नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे लोगों को डराने के लिए लाए जा रहे हैं। विपक्षी सांसदों ने तीनों बिलों की कॉपी फाड़ी और विरोध करते हुए अमित शाह पर टुकड़े फेंके।

### किस बिल में क्या-क्या प्रावधान?

#### केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) बिल-2025

**केंद्र** सरकार के मुताबिक, अभी केंद्र शासित प्रदेशों में गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 (1963 का 20) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए, ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 की धारा 45 में संशोधन की आवश्यकता है।

#### 130वां संविधान संशोधन बिल-2025

**संविधान** में अभी किसी ऐसे मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, जिसे गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार किया गया हो और हिरासत में लिया गया हो, इसलिए ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री या केंद्रीय मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री और राज्यों या नेशनल कैपिटल टेरिटरी दिल्ली के मुख्यमंत्री या मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239 में संशोधन की जरूरत है।

#### जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025

**जम्मू** और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन के बाद गंभीर आपराधिक केस में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को 30 दिन में हटाने का प्रावधान होगा।

# देश में ड्रीम-11 जैसे फैंटेसी स्पोर्ट्स हो सकते हैं बैन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आने वाले दिनों में फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे ड्रीम-11, रमी, पोकर वगैरह सब बंद हो सकते हैं। ड्रीम-11 भारतीय क्रिकेट टीम की लीड स्पॉन्सर भी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक-2025 पेश किया। यह विधेयक ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने और रियल-मनी गेम्स पर रोक लगाने के लिए है। अगर संसद में यह बिल पास हो गया, तो सभी मनी बेस्ड ऑनलाइन गेम्स पर रोक लग जाएगी। चाहे ये गेम्स स्किल बेस्ड हों या चांस बेस्ड दोनों पर रोक लगेगी। कैबिनेट ने कथित तौर पर मंगलवार को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। (अनंत ज्ञान)



लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन- विनियमन विधेयक पेश

### तीन साल कैद या एक करोड़ तक का जुर्माना

मसौदे के अनुसार, कानून का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाएं प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऐसी सेवाओं का विज्ञापन करने वालों को दो साल तक की जेल और/या 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। रीयल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी तीन साल तक की जेल या 1 करोड़ रुपए के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे। बार-बार अपराध करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। इसमें तीन से पांच साल की जेल और अधिक जुर्माना शामिल है। हालांकि, यह विधेयक ऑनलाइन मनी गेम्स खेलने वालों को अपराधी नहीं मानता, बल्कि उन्हें पीड़ित मानता है।

# जॉब ट्रेनी पॉलिसी और नौकरियों पर हंगामा

## मानसून सत्रः विपक्ष ने मांगा हिसाब, सरकार के आंकड़ों पर वॉकआउट

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल की कार्यवाही में नौकरी, जॉब ट्रेनी पॉलिसी और बेरोजगारी का मुद्दा उठते ही विपक्ष और सत्ता पक्ष आमने-सामने आ गए। विपक्ष ने सरकार पर चुनाव में किए गए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा विधायक विक्रम सिंह ठाकुर ने सरकार से पूछा कि चुनाव घोषणा पत्र में एक साल में एक लाख और पांच साल में पांच लाख नौकरियों का जो वादा किया गया था, उसका क्या हुआ। विपक्ष ने कहा कि सरकार जनता को गुमराह कर रही है और जो आंकड़े दिए जा रहे हैं, वे झूठे हैं। वहीं, सरकार ने दो साल में सरकारी और निजी क्षेत्र में दी गई नौकरियों का आंकड़ा सदन में रखा। मुख्यमंत्री के जवाब के बीच ही विपक्षी सदस्य खड़े हो गए और 'वादाखिलाफी बंद करो' और 'झूठे आंकड़े वापस लो' जैसे नारे लगाने लगे। कुछ देर तक हंगामा चलता रहा, जिसके बाद भाजपा के विधायक नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए।



जॉब ट्रेनी पॉलिसी और नौकरियों को लेकर सदन से वॉकआउट करते भाजपा के विधायक।

### भाजपा सरकार ने बेची नौकरियां



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पिछली भाजपा सरकार में नौकरियां बेची जाती थीं। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने चयन आयोग को भंग करके नया आयोग बनाया है और अब तक सरकारी और निजी क्षेत्रों में 34 हजार नौकरियां दी हैं।

### विधायक मलेंद्र राजन ने एशिया कप के बहिष्कार की उठाई मांग

# भारत-पाक मैच पर गरमाया सदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र बुधवार को अचानक उस समय गरमा गया, जब इंदौरा से कांग्रेस विधायक मलेंद्र राजन ने शून्यकाल में खड़े होकर एशिया कप में भारत के पाकिस्तान के साथ न खेलने की बात कही। जैसे ही राजन ने यह मुद्दा उठाया, सदन का माहौल तनावपूर्ण हो गया और विपक्षी बेंचों से जोरदार तालियां व समर्थन की आवाजें उठीं।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी तकरार

विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए भारत का पाकिस्तान के साथ खेलना उचित नहीं है। आतंकवादी घटनाओं के बावजूद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना राष्ट्र की भावना के खिलाफ है। उन्होंने सदन से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की अपील की कि टीम इंडिया को टूर्नामेंट से वापस लिया जाए।



सदन में सदस्यों को शांत करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

### दो वर्ष में चौपाल को महज 10 करोड़ का ही अनुदान

**सदन** में चौपाल से भाजपा विधायक बलबीर वर्मा ने भी नियम 67 के तहत हस्तक्षेप करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार उनके क्षेत्र के साथ राजनीतिक आधार पर भेदभाव कर रही है। वर्मा ने कहा कि पिछले दो वर्षों में चौपाल को महज 10 करोड़ रुपए का ही अनुदान मिला, जबकि अन्य क्षेत्रों में इससे कई गुना अधिक धनराशि जारी की गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा पाकिस्तान जिस तरह पानी के लिए रोता है, उसी तरह चौपाल के लोग भी विकास के लिए तरस रहे हैं। दोनों मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विधानसभा अध्यक्ष को बार-बार हस्तक्षेप कर माहौल शांत करना पड़ा।

# भारत ने 'अग्नि 5' मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**एजेंसी, कोलकाता**



भारत ने बुधवार को बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित अब्दुल कलाम द्वीप से अपने सबसे ताकतवर मिसाइल अग्नि पांच का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इस मिसाइल को बंगाल की खाड़ी के तट से हवा में छोड़ा गया। यह हिंद महासागर में अपने लक्ष्य को सटीक निशाना लगाने में कामयाब रहा। भारत का यह सबसे लंबे दूरी का मिसाइल है, जिसे भारत का ब्रह्मास्त्र कहा जाता है। अग्नि 5 मिसाइल एक साथ कई सौ किलोमीटर में फैले तीन ठिकानों पर हमला कर सकता है, और उसे पलक झपकते ही तबाह कर सकता है। मिसाइल 29.401 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने में सक्षम है। (अनंत ज्ञान)

# कुल्लू में पीज की पहाड़ी पर फटा बादल

## मलबा आने से शास्त्री नगर में तबाही, बाढ़ की चपेट में आए कई वाहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले के पीज की ऊंची पहाड़ी पर बादल फटने से शास्त्री नगर में भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात अचानक से पीज की पहाड़ियों पर बादल फट गया। देखते ही देखते पहाड़ी का सारा मलबा शास्त्री नगर नाले में आ गया।

मंगलवार रात के समय भारी बारिश को देखते हुए शास्त्री नगर में लोग अपने-अपने घरों से भी बाहर निकल गए और सुबह तक डर के मारे घरों में नहीं गए। बादल फटने के कारण बाढ़ के कारण आए सैलाब में नाले के किनारे खड़े 3 से 4 चार पहिया वाहन और दो बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। गनीमत रही कि इस घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ।



वहीं, मौसम विभाग के द्वारा जारी भारी बारिश की चेतावनी के देखते हुए बुधवार को भी जिला प्रशासन ने मनाली और बंजार उपमंडल में सभी शिक्षण संस्थानों को बंद करने के आदेश जारी किए थे। हालांकि कुल्लू उपमंडल में सभी स्कूल खुले रहे।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर सुनवाई कार्यक्रम में हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री गुप्ता अपने सिविल लाइंस में मौजूद कैंप कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम कर रही थीं, उसी दौरान राजेश साकरिया नामक व्यक्ति वहां पहुंचा। उसने पहले मुख्यमंत्री को कुछ कागज सौंपे और फिर अचानक उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने तुरंत उसे काबू में लेकर हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। 41 वर्षीय राजेश साकरिया राजकोट शहर के कोठारिया रोड पर स्थित गोकुल पार्क में अपने माता-पिता, पत्नी और बेटे के साथ रहता है। (अनंत ज्ञान)



# उपराष्ट्रपति चुनाव : राधाकृष्णन ने भरा नामांकन

## पीएम मोदी पहले प्रस्तावक, शाह-राजनाथ और नड्डा भी रहे मौजूद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने नामांकन दाखिल कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले प्रस्तावक बने। नामांकन के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेता मौजूद थे। नॉमिनेशन से पहले राधाकृष्णन ने संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा पर फूल चढ़ाए।

17 अगस्त को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी थी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया था। राधाकृष्णन का मुकाबला विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी से होगा। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक नामांकन वापस लिए जा सकते हैं। दरअसल, उपराष्ट्रपति का चुनाव जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई की रात अचानक इस्तीफा देने की वजह से हो रहा है। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। ९अनंत ज्ञान)



9 सितंबर को होगी वोटिंग, उसी दिन होगी मतों की गिनती

**अनदेखी** आजादी के 79 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित तीन गांव, विकास से कोसों दूर

# आदिवासी जीवन जी रहे शाक्टी, मरोड़ और शुगाड़ के बाशिंदे

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी में स्थित ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के भीतर बसे गांवों के लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में आदिवासी जीवन यापन करने को मजबूर हैं। आजादी के 79 साल बाद भी दुर्गम गांव शाक्टी, मरोड़ तथा शुगाड़ अति पिछड़े और विकास की दृष्टि से कोसों दूर हैं। बेशक सरकारें घर-द्वार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी देने का दावा करती हैं, लेकिन शाक्टी, मरोड़ और शुगाड़ गांवों की हालत सरकारी दावों को खोखला साबित कर रही है।

बंजार विकास खंड की गाडापारली पंचायत के इन गांवों में अभी तक सड़क और बिजली जैसी सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। आए दिन इस पंचायत से मरीजों को कुर्सी में डंडे बांधकर सड़क तक लाना पड़ रहा है। गांव से सड़क पंद्रह से बीस किमी दूर है। भारी बारिश हो या बर्फबारी लोगों का पथरीले रास्तों से गुजरना मजबूरी बन गया है। आलम यह है कि स्वास्थ्य सुविधाओं और खाद्य सामग्री के लिए इन गांवों के लोगों को मीलों दूर तक पैदल चलकर अपनी पीठ पर सामान लाना पड़ता है। विश्व धरोहर साइट ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के नियम यहां के विकास में बाधा बने हुए हैं। मरोड़ गांव तक पहुंचने के लिए लगभग नौ घंटे दुर्गम रास्तों से पैदल चलना ग्रामीणों की मजबूरी बन गई है।

प्रदेश में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का दावा करने वाली सरकारें तीनों गांवों में बिजली की व्यवस्था अभी तक नहीं कर पाई हैं। गांव में जब कोई बीमार पड़ता है, तो उसे कुर्सी या चारपाई पर उठाकर लाने के अलावा दूसरी कोई सुविधा नहीं है। उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को 40 किमी दूर सैंज जाना पड़ता है। ग्रामीण पेयजल के लिए प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर निर्भर हैं।




ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के नियम विकास में बने बाधा

### मोबाइल सिग्नल नहीं

**क्षेत्र** के युवा प्रकाश ठाकुर, केहर सिंह, राकेश ठाकुर, धर्म सिंह, सोनू, कर्म चंद, सुनील, लायक राम ने बताया कि जल बिजली परियोजनाओं की नगरी सैंज घाटी में बसे गाडापारली पंचायत के शाक्टी-मरोड़ गांवों में सरकारी सुविधा के नाम पर मात्र एक प्राथमिक पाठशाला है। यह गांव मोबाइल सिग्नल से भी कोसों दूर हैं।

### देव नियम ही सर्वोपरि

**यहां** के लोगों का रहन-सहन, खान-पान और तौर-तरीके भी अभी पारंपरिक हैं। ग्रामीणों की देवों में आस्था है। स्थानीय देवता श्री आदि ब्रह्मा और ध्रुव ऋषि यहां के बाशिंदों के लिए सर्वोपरि हैं। इन देवताओं का आदेश ही इनके लिए सब कुछ है और देवता के बनाए कानून का अनुसरण होता है। शराब इन गांवों में पूरी तरह से निषेध है।

## न्यूज ब्रीफ

### सद्भावना दिवस पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्म दिवस बुधवार को हमीरपुर जिले में भी सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर हमीरपुर जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय सद्भावना की शपथ ली। उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में सहायक आयुक्त राजीव ठाकुर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म और भाषा इत्यादि का भेदभाव किए बिना देश की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने तथा सभी प्रकार के मतभेदों को सदैव आपसी बातचीत एवं संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की शपथ दिलाई।

### बीएड के परिणाम में अकांक्षा रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा जुलाई माह में ली गई बीएड की चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी सेमेस्टरों को मिलाकर बीएड परीक्षा में आकांक्षा चड्ढा ने 1400 में से 1166 अंक (82.85 प्रतिशत) लेकर प्रथम स्थान, दीक्षा ने 1120 (80 00 प्रतिशत अंक) लेकर दूसरा स्थान तथा अंजली देवी ने 1113 (79.50 प्रतिशत अंक) लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह, सेक्रेटरी कुलवीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजकुमार धीमान व स्टाफ ने कॉलेज का परिणाम सौ फीसदी रहने पर सबको बधाई दी तथा पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्र व छात्राओं को भी शुभकामनाएं दीं।

### श्रेया ने पहले ही प्रयास में पास की नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल के सबसे छोटे जिले हमीरपुर के उपमंडल बड़सर की बेटी श्रेया सोनी ने पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा पास कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बिझड़ी क्षेत्र निवासी श्रेया को डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए दाखिला मिला है। श्रेया ने अपनी स्कूली शिक्षा किड बाज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिझड़ी से प्राप्त की है और 12वीं कक्षा में 90 अंक हासिल किए थे। इससे पहले, वह सीबीएसई मैट्रिक परीक्षा में 94 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान पर रही थीं। उसके पिता व्यवसायी हैं और माता शिक्षिका हैं। श्रेया ने अपनी सफलता का श्रेय दादा-दादी, माता-पिता, चाचा-चाची, भाई और गुरुजनों को दिया है। श्रेया का कहना है कि कठिन परिश्रम से कोई भी मंजिल पाई जा सकती है। एमबीबीएस में चयन होने पर स्थानीय विधायक आईडी लखनपाल, समाजसेवी एवं भाजपा नेता संजीव कुमार शर्मा, शिक्षक सुरेश कुमार शर्मा और संजीव चंदेल ने श्रेया को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रेया का भाई सौम्य सोनी भी प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत है।

### कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर मैदान में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी व ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद ने कहा कि वह सही मायनों में आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनकी सोच दूरदर्शी थी। कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी को भारत की जरूरत मानकर उन्होंने वह नींव रखी, जिस पर आज हमारा डिजिटल इंडिया खड़ा है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष संधू, कमल कम्मी, रीना देवी, अजय जैन, लाटा भाटिया, रिपन कपिल व सोनी सहित काफी कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### पूर्व पीएम की जयंती पर बच्चों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिवस पर भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी व सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल नादौन में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल आरती कटोच व प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद ने की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों व अध्यापकों को सद्भावना की शपथ दिलाई गई। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जीवनी व उनके द्वारा शुरू की गई योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उनकी नई शिक्षा नीति, वोट देने की आयु 18 वर्ष किए जाने, सूचना व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में की गई बड़ी पहल, पंचायतीराज को मजबूत बनाने के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला।

### त्रिशा कॉलेज में धूमधाम से मनाया सद्भावना दिवस




**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजूकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में सद्भावना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशिक्षु अध्यापकों ने पोस्टर मेकिंग के द्वारा सद्भावना के महत्व को दर्शाया। कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने बताया कि यह दिन पूरे भारतीय समाज में सद्भावना और समझ को बढ़ावा देता है, जोकि लोगों को एकता और मित्रता के सूत्र में पिरोने को काम करता है। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्या डॉ पूनम भारद्वाज ने कहा कि इस दिन भारतीय समाज को सामाजिक समरसता की प्राप्ति हेतु विविधता के बीच एकता के महत्व को समझाने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। इस अवसर पर बीएड तथा डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक तथा कॉलेज स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# लगातार बारिश से जिले में कई जगह तबाही

## एक दर्जन से ज्यादा कच्चे मकान गिरे, कई परिवार हुए बेघर, प्रशासन राहत कार्यों में जुटा

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश का हमीरपुर जिले में भी कहर जारी है। पिछले 24 घंटे में तकरीबन एक दर्जन कच्चे मकान गिर गए हैं या फिर वे लोगों के रहने लायक नहीं रहे हैं। पूर्व बीडीसी सदस्य अमी चंद लुडी का रिहायशी मकान भी मुकम्मल तौर पर रहने लायक नहीं रहा है। जिले के बड़सर इलाके में भी कई जगह कच्चे मकान गिर गए हैं।

जियोलीदेवी इलाके में बड़ितर गांव की विधवा उर्मिला देवी का मकान भी मुकम्मल तौर पर ढह गया है, लेकिन गनीमत यह रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, भीतर से सभी लोग बाहर सुरक्षित निकाल लिए गए थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही मकान में दरारें आनी शुरू हुईं और कुछ मिट्टी गिरकर उनके बिस्तर पर पड़ने लगी, तत्काल ही भीतर बैठे सभी बच्चों के साथ वे भी बाहर निकल गईं। इसके बाद धीरे-धीरे मकान के सारे कमरे ढहते चले गए। पीड़ित ने कहा कि डेढ़ साल पहले ही इस मकान की मुकम्मल तौर पर छत बदलकर करीब ढाई लाख रुपए खर्च किए गए थे, लेकिन अब फिर नुकसान हो गया।



भारी बारिश से वणी में कृष्णदेव के पुराने दो कमरों का कच्चा स्लेटपोश मकान गिर गया, वहीं लुडी और उर्मिला का मकान भी तेज बारिश की वजह से गिर गया।

### जाखू-कक्कड़ बिजली लाइन के खंभे बहे

पानी के तेज बहाव में 33 केवी जाखू-कक्कड़ विद्युत लाइन के खंभे बह गए और बिजली सप्लाई बाधित हो गई। इस महत्वपूर्ण विद्युत लाइन को चालू करने के लिए विद्युत उपमंडल कक्कड़ की पूरी टीम एसडीओ अंकज गुप्ता की देखरेख में स्पॉट पर दिखी। उनके साथ कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार, कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार, कनिष्ठ अभियंता जगदीश सकलानी तथा कक्कड़ सेक्शन का पूरा फील्ड स्टाफ खराब मौसम में डटा रहा। एसडीओ अंकज गुप्ता ने बताया कि विद्युत लाइन को ठीक करने के लिए पूरी टीम फील्ड तैनात है।



वहीं, सुजानपुर इलाके की डूहक पंचायत में डूबकर टूछेद गास्यां गांव में पूर्व बीडीसी सदस्य अंमी चंद लुडी पर भी मुसीबत आन पड़ी है। उनके कई कमरों वाले मकान के तीन कमरे तो धराशाई हो गए हैं, जबकि कइयों में दरारें आ गई हैं। धीरे-धीरे ये दरारें और बढ़ रही हैं। पूरा परिवार घर के बाहर डेरा लगाने को मजबूर हो गया है। लुडी ने बताया कि इस गांव से पहले ही तकरीबन दो दर्जन परिवार पलायन कर चुके हैं और अब बचे कुछ मकान भी यहां उनके रिहायशी मकान की तरह ही अंतिम सांसें गिनने के लिए मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि गांव तक सड़क नहीं है। सड़क का निर्माण पिछले लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। स्थानीय विधायक भी इस तरफ ध्यान नहीं देते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव का दौरा कर उनकी समस्या का हल निकाला जाए। उन्हें राहत राशि भी दी जाए क्योंकि नया मकान बनाने की स्थिति में उनका परिवार नहीं है।

उधर, वणी में कृष्णदेव के पुराने दो कमरों का कच्चा, दो मंजिला स्लेटपोश मकान की छत लगातार बारिश के कारण गिर गई है। राजस्व विभाग ने इसमें तकरीबन 90 हजार के नुकसान का आकलन किया है। जिले के कई और इलाकों में भी इसी तरह के मकानों के ढहने की खबरें मिल रही हैं।

## प्रणव ने सीयूईटी में किया टॉप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के कलवाल गांव के प्रणव महाजन को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हंस राज कॉलेज में बीएससी कैमिस्ट्री (ऑनर्स) में प्रवेश मिला है। उन्होंने दिल्ली के लक्ष्मण पब्लिक स्कूल से दस जमा दो की परीक्षा पास करने के बाद सीयूईटी में टॉप किया। वह



राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं और उन्होंने पिछले वर्ष गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में एथेलेटिक्स में दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया।

वह दिल्ली में जिला, क्षेत्रीय और राज्य स्तरीय खेलों में भी झंडा बुलंद कर चुके हैं। उनका लक्ष्य सिविल सर्विस सेवा के माध्यम से हिमाचल की सेवा का है। उनके पिता डॉ. जीएल महाजन यूपीएससी के एडवाइजर हैं और इससे पहले पेट्रोलियम और नेचुरल गैस, ऊर्जा मंत्रालय और संचार मंत्रालय जैसे मंत्रालयों की सलाहकार समिति के सदस्य रहे हैं। दिल्ली में कार्यरत हिमाचली संगठनों ने प्रणव महाजन की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

## भाजपा जिला इकाई ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, महामंत्री अजय रिंटू, मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल और प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि नई प्रदेश कार्यकारिणी के तीन प्रमुख पदाधिकारी इसी जिले से हैं, जिसमें प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार, सचिव वंदना योगी और भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला शामिल हैं। उनकी नियुक्ति पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण और दीर्घकालिक सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस नई टीम के विशाल अनुभव, युवा ऊर्जा और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए, हिमाचल प्रदेश में भाजपा आने वाले समय में शक्ति और विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

## कुशल, नैतिक और दूरदर्शी नेतृत्व समय की मांग : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कुशल, नैतिक और दूरदर्शी नेतृत्व आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। FORE संस्थान में राजनीति के छात्रों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व केवल पदों तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वालों में निहित होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक गरीब महिला जो अपने घर में शौचालय बनवाने के लिए धन जुटाती है, वह भी नेतृत्व का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि भारत में कुछ नेता आज भी राजतंत्र जैसी मानसिकता से ग्रस्त हैं, जो राजनीति को परिवार तक सीमित रखते हैं और जनसेवा की जगह सत्ता को निजी संपत्ति मानते हैं। लोकतंत्र में जनादेश, संविधान और संस्थाओं



प्रधानमंत्री संग्रहालय में बोलते अनुराग।

का सम्मान आवश्यक है। पीएम नरेंद्र मोदीजैसे साधारण पृष्ठभूमि वाले नेता को देश ने तीन बार प्रधानमंत्री चुना, यह भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत की 140 करोड़ की जनसंख्या एक ताकत है, विशेषकर 40 करोड़ युवाओं की शक्ति। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ना है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## अवाहदेवी मंदिर का हो सरकारीकरण

**अनंत ज्ञान, टौणीदेवी**

हमीरपुर और मंडी जिले की सीमा पर स्थित लाखों रुपए की आय वाले प्रसिद्ध अवाहदेवी मंदिर को सरकारी ट्रस्ट के अधीन लाने की मांग उठने लगी है। इसी संदर्भ में 'अवाहदेवी मंदिर बचाओ मंच' का गठन किया गया है। मंच के सदस्य शीघ्र ही एसडीएम हमीरपुर से मिलकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने की तैयारी में हैं। स्थानीय निवासी अजय कुमार, राजेश शर्मा और रामलोक ने बताया कि माता अवाहदेवी के प्रति लोगों की अपार श्रद्धा है। कांगड़ा, हमीरपुर और मंडी जिलों से सैकड़ों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं और भेंट अर्पित करते हैं।

इनका कहना है कि मंदिर की पूर्व कमेटी ने माता के गहने तक बैंक में गिरवी रख दिए। मंदिर के नाम पर ली गई जमीन भी विवादित है और विकास कार्यों में लाखों रुपए के घोटाले के आरोप हैं। इन्होंने नई कमेटी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं, खासकर मंदिर में नियुक्त स्टाफ और उनके वेतन को लेकर। अजय कुमार ने



मांग को पूरा करवाने के लिए अवाहदेवी मंदिर बचाओ मंच का गठन भी किया गया।

कहा कि लाखों रुपए की आय वाली इस संस्था को यदि सरकार अपने अधीन ले ले, तो पारदर्शिता के साथ विकास संभव हो सकेगा और श्रद्धालुओं का पैसा मंदिर की भलाई में खर्च हो पाएगा। इसके अलावा पुजारियों को भी संरक्षण मिलेगा, जिन्हें कमेटियों द्वारा शोषित किया जा रहा है।

पुजारी राजेश शर्मा ने कहा कि अब अवाहदेवी मंदिर का सरकार के अधीन आना अत्यंत आवश्यक हो गया है, क्योंकि दान की राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि 'अवाहदेवी मंदिर बचाओ मंच' से दर्जनों लोग जुड़ चुके हैं और इस आवाज को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। रामलोक का कहना है कि मंदिर का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब इसे सरकारी ट्रस्ट के अधीन लाया जाए।

**कमेटी का पक्ष :** वहीं, अवाहदेवी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रमेश गुलेरिया ने बताया कि पुरानी कमेटी से जुड़े सभी छोटे-मोटे विवादों का निपटारा कर लिया गया है। वर्तमान में मंदिर स्टाफ को केवल 1.11 लाख रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है, जो पहले की तुलना में काफी कम है। उन्होंने कहा कि कमेटी ने कभी मंदिर को सरकारी ट्रस्ट के अधीन लाने की मांग नहीं की है। मंदिर का ऑडिट चार्टर्ड अकाउंटेंट से नियमित रूप से करवाया जाता है, और इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

## बूथ स्तर तक पहुंचेंगे सरकार के विकास चर्चा प्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**हमीरपुर जिले के पांचों प्रभारियों को बैठक में सीएम ने दिए निर्देश**

जिले के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में सरकार की ओर से नियुक्त किए गए विकास चर्चा प्रभारी इसी माह फील्ड में उतरेंगे। पांचों प्रभारियों की शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ मंगलवार शाम को बैठक हुई। मुख्यमंत्री ने इन्हें विकास पर चर्चा के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। ये प्रभारी जल्दी अपने-अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में भोरंज से कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार, नादौन विधानसभा के प्रभारी अजय शर्मा, सुजानपुर के प्रभारी सुमन भारती, भोरंज के प्रभारी राजेश आनंद, बड़सर के प्रभारी बिक्रम शर्मा व हमीरपुर के प्रभारी सुनील कुमार मौजूद रहे। पांचों प्रभारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में कांग्रेस के हर कार्यकर्ता के साथ संपर्क स्थापित करें। उनसे विकास कार्यों को लेकर फीडबैक लिया जाए। सरकार की योजनाओं को सरकारी विभाग धरातल पर उतार भी रहे हैं या नहीं, यह भी पूछा जाए। भोरंज से विधायक सुरेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री से बैठक में मार्गदर्शन मिला है। उनकी ओर से दिए गए दिशा-निर्देश के अनुसार पांचों प्रभारी कार्य करेंगे। ये प्रभारी सबसे पहले ब्लॉक स्तर की बैठक करेंगे, उसके बाद बूथ स्तर का रुख किया जाएगा। मुख्यमंत्री के गृह जिले से यह नई शुरुआत की जा रही है। सभी प्रभारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जनता की बातें और सुझाव सुनकर उनकी रिपोर्ट सीधे मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। कार्यकर्ताओं व जनता से विकास कार्यों पर भी प्रतिक्रिया ली जाएगी।

एपीएमसी के चेयरमैन व नादौन के प्रभारी अजय शर्मा और पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सुजानपुर के प्रभारी सुमन भारती ने कहा कि सुक्खू ने अपने कार्यकाल में अनेक ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की हैं। सरकारी योजनाओं से जनता को कितना लाभ पहुंच रहा है, इसकी फीडबैक बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं व बूथ की कमेटियों से लिया जाएगा।



बैठक के बाद मुख्यमंत्री के साथ यूं दिखे सभी प्रभारी और विधायक सुरेश कुमार।

## विधानसभा में गूंजा पश्चिम बंगाल में कपिल की संदिग्ध मौत का मामला

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**लखनपाल ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई, सीएम ने की कार्रवाई की पुष्टि**

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा के भगेड़ गांव के रहने वाले पूर्व सैनिक विजय कुमार के इकलौते पुत्र कपिल कुमार की पश्चिम बंगाल के हावड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला हिमाचल विधानसभा में गूंज उठा है। यह घटना न केवल अत्यंत हृदयविदारक है, बल्कि प्रदेश के युवाओं की सुरक्षा और भविष्य को लेकर चिंता भी उत्पन्न करती है। स्थानीय विधायक आईडी लखनपाल ने विधानसभा में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष निष्पक्ष जांच की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस की अब तक की कार्रवाई पर संदेह और चिंता बनी हुई है और हिमाचल सरकार को इस मामले में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।



इस दुखद घटना ने समूचे समाज को झकझोर कर रख दिया है। प्रदेश सरकार ने कपिल कुमार के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। सरकार का कहना है कि जब तक सच्चाई सामने नहीं आती और दोषियों को सजा नहीं मिलती, तब तक न्याय की लड़ाई जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री ने विधायक के सवाल का उत्तर देते हुए कहा कि यह घटना मुझे भी बेहद दुखद लगी है। मैंने स्वयं इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पश्चिम बंगाल सरकार और डीजीपी को पत्र लिखकर इस केस की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस घटना को दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' ने भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिससे मामला जनचर्चा का विषय बन गया।

## हिम अकादमी में अद्भुत संगम प्रदर्शनी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा भाषा प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रचनात्मकता, भाषाई ज्ञान और साहित्यिक सौंदर्य से सराबोर हो उठा। प्रदर्शनी में हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी भाषाओं की विविधता और महिमा को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अपने उत्साह और प्रतिभा का परिचय देते हुए सुंदर चार्ट, प्रेरणादायक जीवनी पोस्टर, रचनात्मक माडल तथा भावपूर्ण स्वरचित कविताएं प्रस्तुत कीं। प्रदर्शनी के प्रत्येक कोने में भाषाई कला की झलक देखने को मिली। अंग्रेजी व्याकरण को रोचक गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया, हिंदी के मुहावरों को सजीव चित्रों के साथ प्रदर्शित किया गया और संस्कृत श्लोकों के सरल अर्थों ने दर्शकों को प्राचीन संस्कृति से जोड़ दिया। साथ ही तीनों भाषाओं में कहानियों की झलक ने प्रदर्शनी को और भी समृद्ध बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने किया। इस अवसर पर समन्वयिका कंचन लखनपाल, विनिता गुप्ता और मनीषा मारवाह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में न केवल भाषाई दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, सांस्कृतिक समझ और टीमवर्क की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

**समीक्षा** बहुतकनीकी महाविद्यालय में प्रधानाचार्य ने की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता

## रैगिंग के दोषी छात्रों को हो सकता है कारावास व जुर्माना

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय हमीरपुर की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुधवार को महाविद्यालय के सम्मेलन हॉल में आयोजित की गई। प्रधानाचार्य चंद्रशेखर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कमेटी के सदस्यों, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अन्य फैकल्टी मैंबर्स, छात्र प्रतिनिधियों, अभिभावकों और हॉस्टल एवं पीजी संचालकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में रैगिंग को रोकने के लिए बहुत ही कड़ा कानून बनाया गया है। इसमें रैगिंग को गैर जमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया है। रैगिंग के दोषी विद्यार्थी को कारावास और जुर्माना हो सकता है तथा उसे संस्थान से निष्कासित भी किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को किसी भी तरह से शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने जैसी सभी गतिविधियां रैगिंग की श्रेणी में आती हैं। प्रधानाचार्य



बहुतकनीकी महाविद्यालय में प्रधानाचार्य एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत एंटी रैगिंग कमेटी को देने की अपील**

ने बताया कि बहुतकनीकी महाविद्यालय परिसर, हॉस्टलों एवं पीजी तथा इनके आसपास के क्षेत्रों में रैगिंग जैसी गतिविधियों को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। संस्थान में एंटी रैगिंग कमेटी के अलावा एंटी रैगिंग दस्तों का गठन भी किया गया है। संस्थान, हॉस्टल और इनके आसपास के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर हेल्पलाइन नंबर भी प्रदर्शित किए गए हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपनी-अपनी कक्षाओं में विद्यार्थियों को रैगिंग रोधी कानून के विभिन्न प्रावधानों के प्रति जागरूक करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत एंटी रैगिंग कमेटी या एंटी रैगिंग दस्ते के सदस्यों को दें। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस वर्ष पहली अगस्त से आरंभ किए गए नए बैच में लगभग 250 विद्यार्थी दाखिल हुए हैं। इन नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित एक सप्ताह के इंडक्शन कार्यक्रम में भी रैगिंग जैसी गतिविधियों के प्रति जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि एंटी रैगिंग कमेटी, समस्त फैकल्टी और छात्र प्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों से ही संस्थान और इसके आस-पास के पूरे परिसर को रैगिंग मुक्त बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष अरविंद कटोच और कमेटी के अन्य सदस्यों ने भी छात्र प्रतिनिधियों, अभिभावकों और पीजी संचालकों को रैगिंग विरोधी उपायों एवं आवश्यक प्रबंधों की जानकारी दी। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक वरुण कुमार ने कमेटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

## सीएम से की बहुउद्देशीय पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पदों को भरने की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश में बेरोजगार बहुउद्देशीय पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती होने का इंतजार कर रहे हैं। विभाग में हजारों पद खाली हैं, लेकिन भर्ती नहीं निकल रही है, जिस कारण वह सालों से नौकरी के इंतजार में हैं। बहुउद्देशीय पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता संघ के अध्यक्ष अभिषेक सहोता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में हजारों पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले और रिक्त पदों को भरने की मांग की है, ताकि सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। संघ के अन्य सदस्यों पूर्व युवा अध्यक्ष आशीष ठाकुर, युवा अध्यक्ष विशाल कुमार, प्रवीण, रितेश गुलेरिया, अरुण सुनील, आकाश, निशांत अंकुश, अंशुल ने आग्रह किया कि सुखु सरकार उनकी पीड़ा को समझे और जल्द से उन्हें नौकरी का यथोचित अवसर प्रदान किया जाए।

## तकनीकी विवि बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री से 60 अभ्यर्थियों को प्रवेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बुधवार को बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) की काउंसिलिंग हुई, जिसमें डिप्लोमा की मेरिट के आधार पर 60 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई, उन्हें 22 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। बीटेक लेटरल एंट्री की काउंसिलिंग 21 अगस्त को प्रस्तावित है। जिन अभ्यर्थियों ने बीटेक लेटरल एंट्री की काउंसिलिंग के लिए आवेदन किया है, वे 21 अगस्त को काउंसिलिंग के लिए संबंधित प्रमाण पत्रों के साथ भाग ले सकते हैं। सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग एक ही दिन प्रस्तावित है। बता दें कि लेटरल एंट्री से बीटेक में तीसरे सेमेस्टर में डिप्लोमा पास करने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलता है। बीटेक तीसरे सेमेस्टर में लेटरल एंट्री के माध्यम से कुल सीटों की दस प्रतिशत सीटें और जो रिक्त सीटें हैं, वे सभी डिप्लोमा की मेरिट के आधार पर भरी जाती हैं।

## एबीवीपी कार्यकर्ता की बेरहमी से की गई पिटाई की जांच करे कॉलेज प्रशासन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बड़सर इकाई ने कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एबीवीपी के विभाग संयोजक भवानी ठाकुर ने कहा कि कॉलेज प्रशासन खुलेआम एनएसयूआई के गुंडों को संरक्षण दे रहा है, जिसके चलते परिषद कार्यकर्ताओं पर हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भवानी ठाकुर ने आरोप लगाया कि बीते दिन कॉलेज परिसर के भीतर परिषद के एक अकेले कार्यकर्ता पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने आत्मघाती हमला किया। इस निंदनीय घटना से छात्र समाज में आक्रोश है और परिषद इस तरह की गुंडागर्दी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जब घटना की सीसीटीवी फुटेज की मांग कॉलेज प्रशासन से की गई तो प्रशासन ने जानबूझकर फुटेज देने से इंकार कर दिया। इससे जाहिर होता है कि कॉलेज प्रशासन गुंडों को बचाने का प्रयास कर रहा है।


## कांग्रेस सरकार से हर वर्ग दुखी : गुरदीप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित हमीरपुर के समाजसेवी व पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री गुरदीप दुबे ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से प्रदेश का पतन शुरू हो गया है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह चरमरा गई हैं, भाई भतीजावाद चरम सीमा पर है और यह



सरकार मित्रों की सरकार बनकर रह गई है, और इस सरकार से हर वर्ग दुखी है। दुबे ने कहा कि प्रदेश की अधिकतर सड़कें जानलेवा बनी हुई हैं, जिसकी सरकार सुध नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री केवल अपनी मित्रमंडली के विकास में ही लगे हुए हैं। आम जनता को कोई नहीं पूछ रहा। सरकार स्थिति नहीं सुधारती है तो जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।





# हिमाचल को केंद्र से मिली ₹3247 करोड़ की आपदा राहत

## राजस्व मंत्री ने विधानसभा में पेश किया विस्तृत आंकड़ा, तीन साल में कुल 3578 करोड़ रुपए हुए जारी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**70 हजार से अधिक प्रभावितों को मिली आर्थिक मदद, केंद्र और राज्य का साझा योगदान**

**शिमला।** हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र में आज आपदा राहत पैकेज का विस्तृत ब्यौरा पेश किया गया। सदन को बताया गया कि प्रदेश को पिछले तीन वर्षों में केंद्र से 3247 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आपदा राहत के तौर पर मिली है। वहीं, राज्य सरकार ने भी इस अवधि में 330.99 करोड़ रुपए का योगदान किया। इस तरह कुल 3578.63 करोड़ रुपए की मदद विभिन्न मदों में प्रदेश को उपलब्ध हुई।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा द्वारा पूछे गए सवाल पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से यह जानकारी सदन में दी गई। उन्होंने बताया कि राहत पैकेज की राशि विभिन्न फंडों के माध्यम से जारी की गई है, जिसमें केंद्र और राज्य का साझा योगदान रहा।

### एसडीआरएफ से मिली बड़ी राशि

**राजस्व** मंत्री के अनुसार राज्य को एसडीआरएफ (स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड) के तहत तीन साल में 1280.40 करोड़ रुपए केंद्र से प्राप्त हुए। इस मद में प्रदेश सरकार ने 142 करोड़ रुपए दिए। सहायता 90-10 के अनुपात से दी जाती है, जिसमें 90 प्रतिशत हिस्सा केंद्र का और 10 प्रतिशत हिस्सा राज्य का होता है। इसी अवधि में हिमाचल को एसडीएफएम (स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फंड) से 319.95 करोड़ रुपए मिले, जिसमें राज्य ने 35 करोड़ रुपए का योगदान किया। एनडीआरएफ (नेशनल डिजास्टर रिलीफ फंड) से 1637.84 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, जबकि राज्य ने इसमें 152 करोड़ रुपए डाले। इसके अलावा एनडीएफएम (नेशनल डिजास्टर मिटिगेशन फंड) के रूप में 9.45 करोड़ और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 451.45 करोड़ रुपए केंद्र से मिले।

### लाभार्थियों तक पहुंची सहायता

**राजस्व** मंत्री ने सदन को बताया कि तीन साल में कुल 70,787 आपदा प्रभावित लाभार्थियों को 403.61 करोड़ रुपए की मदद पहुंचाई गई। साथ ही राज्य सरकार के विशेष पैकेज से 25,916 लाभार्थियों को 256.57 करोड़ रुपए दिए गए। सदन को यह भी अवगत कराया गया कि वर्ष 2023 की आपदा के बाद राज्य सरकार ने राहत मैनुअल में संशोधन किया है। संशोधन की विस्तृत जानकारी भी विधानसभा पटल पर रखी गई।

## सदन की ओर...



नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा तथा (दाएं) डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।



सदन की ओर जाते भाजपा विधायक रणधीर शर्मा, बिक्रम ठाकुर और राकेश जम्वाल।



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ सदन की ओर जाते भाजपा विधायक।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और (दाएं) अर्की के विधायक संजय अवस्थी।



उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के साथ चंबा के विधायक नीरज नैय्यर।

### हिमाचल विधानसभा में मुख्यमंत्री सुक्खू का बड़ा ऐलान

# कॉन्ट्रेक्ट की जगह अब 'जॉब ट्रेनी' व्यवस्था लागू

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



सीएम सुक्खू सदन में अपनी सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए।

- **शिक्षा गुणवत्ता में हिमाचल 21वें से 5वें स्थान पर**
- **युवाओं को रोजगार देने की सरकार की प्राथमिकता**

**शिमला।** हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र में बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगार सृजन और संविदा प्रणाली को लेकर सरकार के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने शिक्षण संस्थान तो खोले, लेकिन आवश्यक सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध नहीं करवाए। परिणामस्वरूप प्रदेश शिक्षा गुणवत्ता के मामले में देशभर में 21वें स्थान तक खिसक गया था।

उन्होंने सदन को बताया कि कांग्रेस सरकार ने न केवल शिक्षकों की भर्ती की, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान दिया और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के ठोस कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों का ही परिणाम है कि आज हिमाचल प्रदेश गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में देश का पांचवां राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में यह भी घोषणा की कि सरकार अब जेबीटी, वोकेशनल टीचर, टीजीटी (आर्ट्स, मेडिकल, नॉन-मेडिकल), पीजीटी, शास्त्री, भाषा शिक्षक, ड्रॉइंग टीचर, होमगार्ड, जूनियर इंजीनियर और पटवारी समेत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां करने जा रही है। युवाओं को रोजगार देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

सदन को अवगत करवाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि टीजीटी, जेबीटी और वन मित्रों की नियुक्तियां पहले ही हो चुकी हैं। स्कीम-बेस्ड आईपीएच में पंप ऑपरेटर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन समेत अन्य पदों को भी भरा गया है। शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग में भी नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी की गई है। आने वाले समय में एनटीटी समेत अन्य पदों पर भी भर्तियां होंगी।

मुख्यमंत्री ने संविदा प्रणाली पर भी अपना पक्ष रखा और कहा कि माननीय न्यायालय के आदेशानुसार अब 'संविदा' शब्द का प्रयोग वर्जित है, इसलिए सरकार ने इसे हटाकर 'जॉब ट्रेनी' व्यवस्था लागू की है। राज्य चयन आयोग तथा अन्य माध्यमों से जो भी नियुक्तियां होंगी, वे दो वर्ष बाद नियमित हो जाएगी।

## सीएम सुक्खू बोले- पूर्व भाजपा सरकार में बिकती रही नौकरियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों का बार-बार सदन से बाहर जाना समझ से परे है। पूर्व भाजपा सरकार में नौकरियां बिकती रहीं और हमने उन भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद कर दिया। इसी मकसद से कर्मचारी चयन आयोग को भंग कर राज्य चयन आयोग का गठन किया गया।

**हमने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे किए बंद, 34 हजार नौकरियां देने का दावा**

सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार ने अढ़ाई साल में 34 हजार नौकरियां निजी और सरकारी क्षेत्र में दी हैं। जॉब ट्रेनी का नाम बदलने मात्र का आरोप निराधार है, क्योंकि दो साल बाद ये कर्मचारी नियमित होंगे। भाजपा युवाओं के साथ खड़े होने की बजाय उन्हें गुमराह कर रही है।

# नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रोजगार पर सरकार को घेरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सदन में मुख्यमंत्री पर झूठ बोलने का आरोप**



नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री रोजगार के मुद्दे पर सदन और जनता दोनों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री राष्ट्रीय पर्व जैसे स्वतंत्रता दिवस पर भी सच्चाई को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं। विधानसभा में रोजगार पर आए प्रश्नों के दौरान भाजपा विधायकों के वॉक आउट के बाद मीडिया से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। उन्होंने कहा कि सदन और सड़क पर बार-बार झूठ बोलना सरकार की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

जयराम ने कहा कि सरकार ने 2024 में सदन में दावा किया था कि 34,980 युवाओं को रोजगार दिया गया, लेकिन एक साल बाद स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 23,191 लोगों को नौकरी दी गई। उन्होंने सवाल किया कि आखिर 11,000 नौकरियों का यह अंतर कैसे आ गया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही मौजूदा सरकार ने 15 हजार से अधिक लोगों को नौकरी से निकाला और डेढ़ लाख से ज्यादा पद एक झटके में समाप्त कर दिए।

नेता प्रतिपक्ष ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की निंदा की। उन्होंने इसे अत्यंत दुखद और शर्मनाक बताया। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में इस तरह की घटनाओं की कोई जगह नहीं हो सकती। उन्होंने मांग की कि हमले में शामिल आरोपी पर सख्त कार्रवाई हो।

# शिमला विधानसभा काउंसिल चैंबर के 100 वर्ष हुए पूरे



सदन में काउंसिल चैंबर के 100 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए विधानसभा अध्यक्ष।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**विधानसभा अध्यक्ष बोले-चैंबर कई ऐतिहासिक घटनाओं का बना साक्षी**

हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन में मौजूद सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए विशेष महत्व का है, क्योंकि जिस कौंसिल चैंबर में हम सभी विराजमान हैं, वह अपने 100 वर्ष पूरे कर चुका है। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन, 20 अगस्त 1925 को भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड रीडिंग ने इस भवन का लोकार्पण किया था। यह भवन कई ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी रहा है और अपने आप में एक अद्वितीय विरासत है।

अध्यक्ष ने कहा कि यह चैंबर ब्रिटिश शासन के समय निर्मित अंतिम वास्तुशिल्पीय धरोहरों में से एक है। इसके निर्माण के लिए तत्कालीन लोक निर्माण सदस्य सर क्लॉड हिल ने देशभर से विधायकों की राय ली थी और 15 सदस्यीय समिति ने इस भवन के चरित्र व स्वरूप पर गहन विचार-विमर्श किया था। वर्ष 1925 में 8.5 लाख रुपए की लागत से निर्मित यह चैंबर न केवल केंद्रीय विधानसभा का केंद्र रहा, बल्कि इसने वायसराय की उपस्थिति और विट्ठल भाई पटेल व मोतीलाल नेहरू जैसी विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति को भी देखा है।

पठानिया ने आगे कहा कि स्वतंत्रता के बाद इस भवन ने कई भूमिकाएं निभाईं। एक अक्तूबर 1963 को इसी भवन में हिमाचल प्रदेश विधानसभा का पहला सत्र आयोजित हुआ, जो इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण था।

## भरमौर और हावड़ा मामले पर सरकार ने की स्थिति स्पष्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल विधानसभा में बुधवार को दो संवेदनशील मामलों पर सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा विधायक डॉ. जनकराज और भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सदन को जवाब दिया। उन्होंने दोनों मामलों में त्वरित और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। डॉ. जनकराज ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से भरमौर के एक अनाथ आश्रम में नाबालिग के साथ हुए दुराचार का मामला उठाया। उन्होंने सरकार की 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट' योजना के क्रियान्वयन पर भी सवाल उठाए।

इसके जवाब में मुख्यमंत्री सुक्खू ने सदन को बताया कि जैसे ही उन्हें इस घटना की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत सीआईडी के एडीजी ज्ञानेश्वर सिंह को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हिमाचल पुलिस ने पीड़िता से संपर्क कर एफआईआर दर्ज कर ली है और दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। विधायक लखनपाल ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा में मरीन इंजीनियरिंग की ट्रेनिंग कर रहे हमीरपुर के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर पुलिस ने हावड़ा पुलिस से संपर्क कर हत्या का मामला दर्ज करवाया है। हिमाचल पुलिस के डीजीपी को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस मामले को लेकर हावड़ा के पुलिस कमिश्नर सहित अन्य उच्च अधिकारियों से बात करें, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# विधानसभा में कार्य सलाहकार समिति ने बनाई खास रणनीति

### सदन की कार्यवाही व चर्चा विषयों की रूपरेखा तय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



कार्य सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कुलदीप सिंह पठानिया।

हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में कार्य सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्य एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, उपाध्यक्ष विनय कुमार, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, समिति सदस्य अनिल शर्मा तथा भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक सुखराम चौधरी उपस्थित रहे। बैठक में इस सप्ताह सदन की कार्यवाही की रूपरेखा तैयार की गई तथा चर्चा हेतु लाए जाने वाले विषयों को अंतिम रूप दिया गया।

इस सत्र के दौरान दो गैर-सरकारी सदस्य कार्य दिवस 21 एवं 28 अगस्त को निर्धारित किए गए हैं। नियम 101 के अंतर्गत 21 अगस्त को चार स्वीकृत संकल्पों पर सदन में चर्चा होगी। पहला संकल्प सदस्य अजय सोलंकी का है, जिसमें उन्होंने हिमाचल निर्माण और प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ. यशवंत सिंह परमार के प्रदेश एवं देश के विकास में दिए गए बहुमूल्य योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न प्रदान करने की सिफारिश केंद्र सरकार से करने का आग्रह किया है।

दूसरा संकल्प विपिन सिंह परमार का है, जिसमें यह प्रस्ताव रखा गया है कि छात्र राजनीति भविष्य के नेताओं का निर्माण करती है अथवा छात्रों के भविष्य को प्रभावित करती है, इस पर सरकार नीति बनाए। तीसरा संकल्प जीत राम कटवाल का है, जिसमें राज्य सरकार से ईको-टूरिज्म नीति एवं हिमालयी पारिस्थितिकी के संरक्षण की समीक्षा करने का आग्रह किया गया है। चौथा संकल्प सदस्य डॉ. जनक राज का है जिसमें सुझाव दिया गया है कि हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों के सदुपयोग पर सरकार नीति बनाए।

# एचपीएसईबी ने जेएसी नेताओं के खिलाफ चार्जशीट ली वापस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीएम सुक्खू के हस्तक्षेप से मिली बड़ी राहत**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के वादे के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (एचपीएसईबी) प्रबंधन ने कर्मचारियों, इंजीनियरों और पेंशनरों की संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के नेताओं के खिलाफ जारी आरोप पत्र को वापस ले लिया है।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में जेएसी प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान बोर्ड को यह कार्रवाई रोकने और अनुशासनात्मक रवैये में बदलाव लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही, बोर्ड मुख्यालय के बाहर यूनियन गतिविधियों पर लगे प्रतिबंध हटाने को भी कहा गया।

बैठक के दौरान सीएम ने आश्वासन दिया कि विद्युत बोर्ड कर्मियों की सबसे पुरानी पेंशन योजना पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने प्रबंधन को लंबित ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और पेंशन संशोधन राशि को अविलंब जारी करने के आदेश दिए।

जेएसी संयोजक हीरा लाल वर्मा ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि आरोपपत्र वापस लेने से कर्मचारियों का विश्वास बहाल हुआ है। हालांकि उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि बोर्ड अध्यक्ष और ऊर्जा सचिव प्रशासनिक ढांचे को दरकिनार करने की कोशिश कर रहे थे, जिससे कर्मचारियों में असंतोष फैल रहा है।

**घोषणा** | दिल्ली में हुई बैठक के बाद हिमाचल भाजपाध्यक्ष ने बनाई अपनी नई टीम

# बिंदल की टीम में 8 उपाध्यक्ष और 8 ही सचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल भाजपा ने दिल्ली में हुई बैठक के बाद अपने नए प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने पार्टी संगठन को और सशक्त करने के उद्देश्य से उपाध्यक्षों, महामंत्रियों, सचिवों, मीडिया विभाग व विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। पार्टी ने प्रदेश पदाधिकारियों की सूची में पहली बार 8 उपाध्यक्ष और 8 ही सचिव बनाए हैं।

घोषित सूची के अनुसार भाजपा के आठ उपाध्यक्ष बनाए गए हैं, जिनमें बिहारी लाल शर्मा, रश्मि सूद, डॉ. राजीव भारद्वाज, विपिन सिंह परमार, पवन काजल, विनोद कुमार, राजेश ठाकुर और बलवीर वर्मा शामिल हैं। इसी तरह तीन महामंत्री नियुक्त किए गए हैं, जिनमें डॉ. सिकंदर कुमार, संजीव कटवाल और श्रीमती पायल वैद्य हैं। वहीं सचिव पद की जिम्मेदारी सुमित शर्मा, डॉ. संजय ठाकुर, श्रीमती वंदना योगी, प्रियंका शर्मा, कुसुम सदरेट, तिलकराज शर्मा, अमित ठाकुर और शिशु धर्मा को सौंपी गई है। पार्टी ने संगठन की मजबूती के लिए कोषाध्यक्ष के पद पर कमलजीत सूद तथा कार्यालय सचिव के पद पर प्रमोद ठाकुर को नियुक्त किया है। मीडिया विभाग की जिम्मेदारी रणधीर शर्मा को सौंपी गई है, जबकि मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल और मीडिया संयोजक कर्ण नंदा होंगे। सोशल मीडिया और आईटी विभाग का दायित्व क्रमशः सुशील राठौर और अनिल उडवाल को मिला है।

### मोर्चों के अध्यक्ष भी किए नियुक्त

**भाजपा** ने अपने सभी मोर्चों के अध्यक्षों का ऐलान भी कर दिया है। युवा मोर्चा की कमान सनी शुक्ला को दी गई है, जबकि महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर होंगी। किसान मोर्चा का नेतृत्व संजीव देढा, अनुसूचित जाति मोर्चा का मनीष चौहान, ओबीसी मोर्चा का रामलाल धनोटिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा का सुनील नेगी और अल्पसंख्यक मोर्चा का नेतृत्व सरदार गुरमीत सिंह करेंगे। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि यह नई टीम संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# सीएम सुक्खू ने छोटा शिमला में स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते हुए।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को छोटा शिमला स्थित सद्भावना चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी को हमेशा आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश जिन डिजिटल सुविधाओं और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति का लाभ उठा रहा है, उसकी नींव राजीव गांधी की दूरदृष्टि ने रखी थी। उन्होंने युवाओं को नई दिशा देने का काम किया और भारत को आधुनिक युग की तकनीक से जोड़ा। सुक्खू ने बताया कि राजीव गांधी केवल तकनीकी क्रांति के अग्रदूत ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक सुधारक भी थे। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को मजबूती देने और महिलाओं को राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 73वें और 74वें संविधान संशोधन लागू किए। आगे चलकर इसी सोच को सोनिया गांधी ने आगे बढ़ाया और संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कराने का मार्ग प्रशस्त किया।

### राष्ट्रीय एकता का संकल्प

**श्रद्धांजलि** समारोह के उपरांत मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और सद्भाव की शपथ दिलाई। इस मौके पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल, कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह समेत मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, विधायक, पार्टी पदाधिकारी व वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सद्भावना दिवस पर डीसी ने दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना दिवस शपथ दिलाई और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डीसी ने कहा कि सद्भावना दिवस का मूल उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

### बैजनाथ में राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी कार्यालय बैजनाथ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विश्वविद्यालयों की स्वतंत्रता पर हमला : नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में पारित कृषि, उद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक के तहत कुलपतियों की नियुक्ति अब पूरी तरह सरकार की राय से होगी। एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने इसे विश्वविद्यालयों की अकादमिक स्वतंत्रता को खत्म करने और राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ाने वाली साजिश करार दिया। उन्होंने बताया कि संविधान ने कुलपति नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल/राष्ट्रपति को दिया था, ताकि राजनीतिक दबाव से बचा जा सके। अब कुलपतियों के लिए राजनीतिक लॉबिंग आम हो गई है, जो विश्वविद्यालयों की गरिमा पर हमला है। एबीवीपी इस कदम का सख्त विरोध करेगी।

### भक्ति और शक्ति का संगम हैं महादेव: डॉ. सर्वेश्वर

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** अभिनंदन मैरिज पैलेस शाहपुर में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय शिव कथामृत आयोजन शुरू हुआ। प्रथम दिवस पर गुरुदेव सर्व श्री आशुतोष महाराज के शिष्य डॉ. सर्वेश्वर ने कथा माहात्म्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति का आधार आध्यात्मिकता है। वेद, पुराण, उपनिषद् जैसे आर्ष ग्रंथ जीवन जीने के सूत्र देते हैं। भगवान शिव की पूजा न केवल भारत, बल्कि विश्व के कई हिस्सों में प्राचीन सभ्यताओं में भी होती रही है। तुर्किस्तान, स्कॉटलैंड और आयरलैंड में भी विशाल शिवलिंग पाए गए हैं, जो उनकी महत्ता दर्शाते हैं।

### राजकीय महाविद्यालय लंज में उन्नत पुस्तकालय



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज में शैक्षिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन्नत पुस्तकालय की स्थापना की गई है। इसका लोकार्पण हाल ही में उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया द्वारा किया गया था। महाविद्यालय प्राचार्य संजय कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह पुस्तकालय न केवल महाविद्यालय के विद्यार्थियों, बल्कि बाहरी छात्र-छात्राओं के लिए भी निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में आधुनिक संदर्भ पुस्तकें, शोध सामग्री, पत्र-पत्रिकाएं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। राजकीय महाविद्यालय लंज की निःशुल्क सुविधा से अब यह समस्या दूर हो गई है और शिक्षा का दायरा और अधिक विस्तृत हुआ है।

### कर्मचारियों ने सद्भावना दिवस पर ली शपथ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती बुधवार को पालमपुर में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर तहसीलदार पालमपुर साजन बग्गा ने सयुंक्त कार्यालय परिसर में एसडीएम कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलवाई।

# भारी बारिश से भूस्खलन, कई सड़कें बंद

## धर्मशाला डिवीजन में 50 लाख का नुकसान, पूर्व मंत्री चंद्रेश के घर के पास भी हुआ भूस्खलन

- खड़ा डंडा मार्ग पर भूस्खलन रोपवे और आबादी पर खतरा
- धर्मशाला डिवीजन को अब तक साढ़े सात करोड़ का नुकसान

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



खड़ा डंडा के साथ लगते मार्ग पर पूर्व मंत्री के घर के पास हुआ भूस्खलन

**धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते भूस्खलन होने से कई मार्ग बंद हो गए हैं, जिससे काफी नुकसान हुआ है। धर्मशाला से मैक्लोडगंज वाया खड़ा डंडा मार्ग के साथ लगता मार्ग, जो कि पूर्व मंत्री चंद्रेश कुमारी के घर से होकर गुजरता है, उस पर भूस्खलन होने से मार्ग बंद हो गया।

जहां भूस्खलन हुआ है, वहां ऊपर रोपवे का पिल्लर है और नीचे आबादी है। मलबा उठाने के लिए लोक निर्माण विभाग को वाहनों की मदद लेनी पड़ी। लोक निर्माण विभाग धर्मशाला के एक्सईएन दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि धर्मशाला डिवीजन में मंगलवार रात से जारी बारिश के कारण 9 के करीब विभिन्न सड़क मार्ग बंद हो गए तथा विभाग को करीब 50 लाख रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है। बरसात से विभाग को अब तक साढ़े सात करोड़ का नुकसान हो चुका है। पूर्व मंत्री चंद्रेश के घर के ऊपरी तरफ मार्ग भी क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसे हालांकि विभाग ने बंद कर रखा है, लेकिन वहां से दोपहिया वाहन साइड से निकल रहे हैं, जो कि जोखिम भरा है। मौसम खुलते ही उक्त मार्ग को रिस्टोर होने तक पूर्णतया बंद कर दिया जाएगा।

**कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने लिया नुकसान का जायजा :** कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने कहा कि मंगलवार रात से जारी बारिश के चलते धर्मशाला शहर में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। गमरू, धर्मशाला बाईपास, सकोह में भूस्खलन हुआ है। पूर्व मंत्री चंद्रेश कुमारी के घर में भी बारिश के कारण पानी घुस गया है। पूर्व मंत्री के घर के पास भूस्खलन के कारण बंद मार्ग को खोलने के प्रयास लोक निर्माण विभाग की ओर से किए जा रहे हैं। धर्मशाला का बाईपास पूरा टूट चुका है, वार्ड चार में एक घर की दीवार गिर गई है। नगर निगम एरिया दस दिन पहले तक 6 करोड़ के लगभग नुकसान आंका गया था।

### सुधेड़ खोला में करीब 15 घरों को खतरा

सुधेड़ खोला में 15 के करीब घरों को खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय निवासी गीता देवी ग्रामीणों के साथ बुधवार को डीसी कांगड़ा से मिलने पहुंची थी। गीता देवी ने बताया कि बस अड्डा से सुधेड़ रोड पर भूमि धंसने से क्षतिग्रस्त हुए दो मकान दो सालों से खाली करवाए गए हैं, जिनसे नीचे के मकानों को खतरा बना हुआ है। साथ ही दो नालों के बीच बसी आबादी को भी बरसात से खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से इस संदर्भ में उचित कदम उठाने का आग्रह किया है।

### कांगड़ा कला संग्रहालय को खतरा

कांगड़ा कला संग्रहालय में कार्यरत जेओए शैशव ने बताया कि भूस्खलन होने से नुकसान हुआ है। प्रशासन को इस बारे सूचित कर दिया गया है। हालांकि, पहाड़ी के नीचे छोटी दीवार लगाई गई है, जो कि भूस्खलन के मलबे को नहीं रोक पा रही है। आगामी समय में भी बारिश का दौर जारी रहने के साथ भूस्खलन होता रहा तो कांगड़ा कला संग्रहालय के भवन को भी खतरा उत्पन्न बढ़ जाएगा।

### धर्मशाला रोपवे की गतिविधियां अस्थायी रूप से निलंबित

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने धर्मशाला रोपवे परियोजना के पास हुए भूस्खलन को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर रोपवे की सभी गतिविधियों को तात्कालिक प्रभाव से अस्थायी रूप से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। उपमंडलाधिकारी धर्मशाला की रिपोर्ट के अनुसार, पिलर संख्या 5 के समीप भूस्खलन हुआ है, जिससे गंभीर जोखिम उत्पन्न हुआ है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30 व 34 के तहत यह एहतियाती कदम उठाया गया है। उपायुक्त ने तकनीकी समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें भू-वैज्ञानिक विशेषज्ञ और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

समिति दो दिनों में रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर रोपवे संचालन पर अगला निर्णय लिया जाएगा। पुलिस व प्रशासन को आदेशों की पालना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### फतेहपुर में कार से 23 किलो 570 ग्राम भुक्की सहित तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला पुलिस नूरपुर ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल की। सीआईए टीम ने फतेहपुर के मंझार चौक पर नाकाबंदी के दौरान एक फोर्ड फिगो कार (नं. एपी-88ए-4843) को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान कार से 23.57 किलोग्राम भुक्की बरामद हुई। आरोपी की पहचान दिनेश कुमार पुत्र चुन्नी लाल, निवासी पल्ली गांव, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना फतेहपुर में केस दर्ज किया गया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास नशा तस्करी से जुड़ा है और हरियाणा के पंचकूला में भी उस पर मामला दर्ज है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और समाज के सहयोग से इसे जड़ से खत्म किया जाएगा।

### शिवनगर-जयसिंहपुर-हरोट बस सेवा नियमित नहीं, लोगों की बढ़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** एचआरटीसी पालमपुर डिपो की शिवनगर-जयसिंहपुर-हरोट बस सेवा बीते एक सप्ताह से नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रही है। इस कारण विद्यार्थियों, कर्मचारियों व वरिष्ठ नागरिकों को हरोट की बजाए प्रतिदिन 7-8 किलोमीटर पैदल चलकर जयसिंहपुर पहुंचना पड़ रहा है। महाराज नगर, नागवन सहित आसपास के कई गांवों के लोग पहले ही 4-5 किलोमीटर पैदल चलकर हरोट बस स्टॉप तक पहुंचते हैं, ताकि वे इस बस सेवा का लाभ ले सकें। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर तो वर्षों से इस रूट को महाराज नगर तक बढ़ाए जाने की मांग लंबित है, वहीं दूसरी ओर वर्तमान रूट पर भी बस सेवा नियमित नहीं चल रही है। कॉलेज छात्र आयुष का कहना है कि इस रूट पर सुबह करीब 7:30 बजे एक अन्य बस जयसिंहपुर की ओर जाती जरूर है, लेकिन अगर वे उसी बस से जाएं तो वे बहुत जल्दी कॉलेज पहुंच जाते हैं, जिससे काफी समय बर्बाद होता है, क्योंकि ये बस कॉलेज समय के अनुरूप है, इसीलिए वे इसी बस का रुख करते हैं । जयसिंहपुर में कार्यरत अरुण बताते हैं कि वह उम्बर गांव से रोजाना पैदल चलकर हरोट बस स्टॉप तक आते हैं, पर पिछले कई दिनों से बस न आने के कारण उन्हें पूरा सफर पैदल तय कर जयसिंहपुर जाना पड़ रहा है। आरएम एचआरटीसी पालमपुर नितेश शर्मा का कहना है कि रूट विस्तार संबंधी प्रस्ताव शिमला स्थित मुख्य कार्यालय को भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही बस सेवा को महाराज नगर तक बढ़ा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिवनगर-जयसिंहपुर-हरोट रूट पर बस सेवा की अनियमितता की जानकारी प्राप्त हुई है। यदि भविष्य में इस प्रकार की समस्या पुनः उत्पन्न होती है तो बस सेवा तत्काल बहाल करने के लिए विभाग प्रयासरत रहेगा।

### द्रोणाचार्य कॉलेज का बीएड का परीक्षा परिणाम सरानीय



- रिया ने 83 प्रतिशत अंक हासिल कर झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य महाविद्यालय रैत में बीएड 2023-25 ओवरऑल परिणाम में छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। रिया ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, साक्षी पठानिया ने 82 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा, श्वेता चौधरी ने 82.20 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र एवं छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। बीएड चौथे सेमेस्टर में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ मानसी ने प्रथम, साक्षी पठानिया ने दूसरा, अदिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अव्वल रहे प्रशिक्षुओं को प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया व प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा व प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया, कार्यकारिणी निदेशक बीएस पठानिया ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## भाजपा ने वोट चोरी कर हासिल की सत्ता: राजेश



प्रेसवार्ता करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश रॉकी तथा इस दौरान मौजूद अन्य।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर जो चुनाव आयोग पर जो आरोप लगाए है, वे तथ्यों व आंकड़ों के साथ हैं। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश रॉकी ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2019 व 2024 वोट चोरी से ही सत्ता हासिल की है। राहुल गांधी ने जब चुनाव आयोग से मतदाता सूचियों में हुए फर्जीवाड़े के बारे में जवाब मांगा तो चुनाव आयोग जवाब देने के बजाए विपक्ष को ही धमका रहा है, जिससे साफ नजर आता है कि चुनाव आयोग भाजपा के एजेंट का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हरियाणा के चुनावों में तीन बजे तक कांग्रेस 70 सीटों पर आगे चल रही थी, लेकिन शाम को भाजपा सरकार बना लेती है, उसी तरह वाराणसी में नरेंद्र मोदी बहुत से वोटों से पिछड़ रहे थे, परंतु आखिर में सिर्फ 1,35,000 वोटों से जीत हासिल कर लेते हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि चुनाव आयोग सिर्फ भाजपा की कठपुतली बन कर रह गया है।

राजेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को नैतिकता के आधार पर त्याग पत्र दे देना चाहिए तथा चुनाव आयोग को भंग करके नए आयोग का गठन करना चाहिए, ताकि लोगों में चुनाव आयोग पर विश्वास बना रहे। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता संदीप कुमार व रामस्वरूप भी शामिल रहे।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity — अनंत ज्ञान

### पंजाब एंड सिंध बैंक में नौकरी का मौका



कुल पद
750
आयु : 20 से 30 साल
एजुकेशनल : ग्रेजुएशन की डिग्री
✔ सिलेक्शन प्रोसेस : रिटन टेस्ट, स्क्रीनिंग टेस्ट, पर्सनल इंटरव्यू, फाइनल मेरिट लिस्ट
वेबसाइट
punjabandsindbank.co.in
आवेदन की अंतिम तिथि
4 सितंबर

### रेलवे में 434 पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती



कुल पद
434
आयु : 18 से 40 साल
एजुकेशनल : बीएससी नर्सिंग या जीएनएम की डिग्री
✔ डायलिसिस टेक्नीशियन के लिए हेमोडायलिसिस में डिप्लोमा।
✔ 12वीं, संबंधित क्षेत्र में बीएससी
वेबसाइट : rrbapply.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि
7 सितंबर

### एनआईटी में भरे जाएंगे पद



कुल पद
46
आयु : 18 से 33 साल
एससी/एसटी : 5 साल की छूट
सिलेक्शन प्रोसेस : रिटन टेस्ट, स्किल टेस्ट या इंटरव्यू
आवेदन की अंतिम तिथि
30 सितंबर
वेबसाइट
nitkkr.ac.in

### इंटेलिजेंस ब्यूरो में निकली बंपर भर्ती




कुल पद
615
आयु : 18 से 37 साल
✔ 10वीं, 12वीं, ITI, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन आदि डिग्री या योग्यता
वेबसाइट
dsssb.delhi.gov.in
✔ वेतन : 18,000 से 1,51,100 प्रति माह
आवेदन की अंतिम तिथि
16 सितंबर

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

## धैर्य और निरंतरता सफलता के मूल मंत्र

**मानव** जीवन का उद्देश्य अपने अस्तित्व को सिद्ध करना और अपनी क्षमताओं का भरपूर उपयोग करके अपने जीवन में सर्वोत्तम और सर्वश्रेष्ठ को हासिल करना है। अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग करने के लिए मानव को कठिन परिस्थितियों और चुनौतियां का सामना करना ही पड़ता है। कोई भी मनुष्य चुनौतियों का सामना किए बिना सफलता और महानता हासिल नहीं कर सकता। चुनौतियों का सामना करने के लिए धैर्य सबसे बड़ा गुण है और निरंतर प्रयास करते रहना ही सफल होने का मूलमंत्र है। जीवन में सफलता पाने की चाहत हर किसी के मन में होती है, लेकिन यह रास्ता आसान नहीं होता। इसमें कई उतार-चढ़ाव, कठिनाइयां और चुनौतियां आती हैं।



**विक्रम वर्मा**
**प्रवक्ता अंग्रेजी शिक्षा खंड गैहरा जिला चंबा।**

बड़ा लक्ष्य हमेशा बड़ा धर्य और निरंतर प्रयास की मांग करता है। धैर्य का अर्थ है समय और परिस्थितियों के अनुकूल शांत बने रहना, बिना हताश हुए प्रयास जारी रखना। जब कोई लक्ष्य बड़ा होता है, तो उसे पाने में समय लगता है। बीच-बीच में असफलताएं मिलना स्वाभाविक है, लेकिन धैर्य रखने वाला व्यक्ति हार नहीं मानता। वह जानता है कि हर कठिनाई एक सीख है और हर चुनौती उसके अंदर मजबूती पैदा करती है। निरंतरता यानी लगातार प्रयास करते रहना। कई लोग बहुत उत्साह से शुरुआत करते हैं, लेकिन कुछ समय बाद रुक जाते हैं, जिससे लक्ष्य दूर हो जाता है। लक्ष्य जितना बड़ा होगा, उतना ही संयम और समर्पण आवश्यक होता है। धैर्य और निरंतरता का योग ही सफलता का असली आधार है।

यदि आप धैर्य रखते हैं, लेकिन मेहनत नहीं करते, तो प्रगति धीमी हो जाएगी। वहीं, यदि आप मेहनत करते हैं, लेकिन धैर्य नहीं रखते, तो छोटी-सी रुकावट पर हार मान सकते हैं। इन दोनों का संतुलन जीवन में चमत्कार कर सकता है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में लोग तुरंत परिणाम चाहते हैं, लेकिन सच्ची सफलता वही है जो धीरे-धीरे, पक्के कदमों से और मेहनत के बल पर मिलती है। इसलिए जब भी मन में अधीरता आए, तो याद रखें-बीज बोने के बाद फल आने में समय लगता है, पर सही देखभाल से वह अवश्य आता है। अंत में, सफलता का राज यही है-लक्ष्य तय करें, पूरी ईमानदारी से मेहनत करें, और धैर्य के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहें। सफलता आपके कदमों में होगी।

## करियर में प्रगति के लिए पर्सनैलिटी को निखारने के टिप्स

*करियर में सफलता पाने के लिए केवल डिग्री या तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नीचे कुछ प्रभावशाली सुझाव दिए गए हैं, जो आपकी पर्सनैलिटी को निखारने में मदद करेंगे।*

**आत्मविश्वास**

**अपने** आप पर विश्वास करना करियर ग्रोथ का पहला कदम है। इंटरव्यू हो या मीटिंग, आत्मविश्वास आपकी छवि को मजबूत बनाता है। यह बोलचाल, हाव-भाव और निर्णय क्षमता में दिखना चाहिए।

**प्रभावी संचार**

**स्पष्ट** और विनम्र ढंग से अपनी बात कहना, सुनना और प्रतिक्रिया देना जरूरी है। अच्छा संचार बॉस, सहकर्मी और क्लाइंट्स से संबंध बेहतर बनाता है।



**सौरभ गुप्ता**
**करियर काउंसलर**

**सकारात्मक सोच**

**हर** समस्या को अवसर की तरह देखना चाहिए। सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले लोग चुनौतियों से नहीं डरते और टीम का मनोबल भी बढ़ाते हैं।

**समय प्रबंधन**

**समय** की कद्र करने वाला व्यक्ति हमेशा भरोसेमंद माना जाता है। कार्यों को प्राथमिकता देकर समय पर पूरा करना जरूरी है।

**लर्निंग एटीट्यूड**

**निरंतर** सीखते रहना पर्सनैलिटी को अपडेट रखता है। नई चीजें सीखना आपको प्रतिस्पर्धा में आगे रखता है।

**प्रोफेशनल ड्रेसिंग और बॉडी लैंग्वेज**

**आपका** पहनावा और हाव-भाव आपके बारे में बहुत कुछ बताते हैं। साफ-सुथरा, उपयुक्त ड्रेसिंग और सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज आत्मविश्वास दर्शाते हैं।

*पर्सनैलिटी का विकास एक सतत प्रक्रिया है। यदि आप इन गुणों को अपने जीवन में उतारते हैं, तो निश्चित रूप से आपका करियर ऊंचाइयों को छूएगा।*

## ज्ञान का दीप और शिक्षा की असल दिशा

- हिमाचल में गाइड और कुंजी पर प्रतिबंध से जगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आस
- कृत्रिम छायों से मुक्ति मिलने के आसार, तर्क और सृजन की शक्ति बढ़ेगी

**शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का औजार नहीं, बल्कि जीवन का वह दीप है, जिससे मनुष्य का अंतर्मन आलोकित होता है। जब यह दीप गाइड और कुंजी जैसी कृत्रिम छायाओं के भरोसे जलाया जाने लगे, तो उसकी रोशनी मद्धम पड़ जाती है। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग का हालिया निर्णय, स्कूलों में गाइड और कुंजी के प्रयोग पर रोक, दरअसल इसी मद्धम होती रोशनी को बचाने का प्रयास है। यह निर्णय केवल प्रशासनिक आदेश भर नहीं, बल्कि शिक्षा की असली आत्मा की ओर लौटने का आमंत्रण है।**

**शिक्षा का असली मर्म**

**गाइड** और कुंजी शिक्षा को ज्ञान की गहराई से खींचकर सतही रटंत तक ले आती हैं। ऐसे में विद्यार्थी केवल उत्तर याद करते हैं, प्रश्नों का अर्थ नहीं समझते। शिक्षा विभाग ने सही समय पर यह समझ लिया कि अगर मूल पाठ्य पुस्तकों की ओर ध्यान केंद्रित नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियां केवल 'परीक्षा पास करने वाली मशीनें' बनकर रह जाएंगी। असल शिक्षा तो वह है, जो सोचने, तर्क करने और सृजन की शक्ति जगाती है।

**शिक्षक की भूमिका और चुनौती**

**कक्षा** का असली सौंदर्य शिक्षक की वाणी, उसकी दृष्टि और उसकी रचनात्मकता में होता है। जब शिक्षक गाइड पर निर्भर हो जाते हैं, तो वे अपने विचारों की आभा खो देते हैं। विभाग की यह चेतावनी इसीलिए आवश्यक है कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को समझें और विद्यार्थियों के बौद्धिक पथप्रदर्शक बनें, न कि केवल 'सहायक पुस्तकों' के पाठक।



**ज्योति, असिस्टेंट प्रोफेसर, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज अर्की।**

**शिक्षा सुधार की लहर**

**हिमाचल** प्रदेश बीते वर्षों में शिक्षा सुधार की दिशा में लगातार प्रयोग करता रहा है। चाहे बोर्ड परीक्षाओं में रट्टा संस्कृति रोकने के लिए नए प्रश्न-पत्र पैटर्न का प्रयोग हो या फिर स्थानीय भाषाओं को स्कूलों में बढ़ावा देने का प्रयास-हर कदम इस बात का संकेत है कि प्रदेश अपनी नई पीढ़ी को बेहतर भविष्य देना चाहता है।

**विद्यार्थियों के लिए नई चुनौती, नया अवसर**

**यह** निर्णय विद्यार्थियों को शुरुआत में कठिन लगेगा। गाइड और कुंजी उनके लिए तात्कालिक सहारे रहे हैं, लेकिन जब वे एनसीईआरटी की मूल पुस्तकों में उतरेंगे, तब वे प्रश्नों के पीछे छिपे विचारों को समझेंगे। यही समझ आगे चलकर उन्हें प्रतिस्पर्धा और जीवन के संघर्षों में मजबूत बनाएगी।

**अभिभावकों की जिम्मेदारी**

**अकसर** अभिभावक अपने बच्चों को जल्दी परिणाम पाने के लिए गाइड खरीदकर देते हैं। अब समय है कि अभिभावक भी इस सोच को बदलें। बच्चे को केवल परीक्षा में अच्छे अंक नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में समझदार और विवेकशील बनाना ही असली मकसद होना चाहिए। शिक्षा विभाग का यह कदम तभी सफल होगा, जब घर और स्कूल दोनों मिलकर शिक्षा की सही राह पकड़ें

**अनुशासन और प्रेरणा का संतुलन**

**सिर्फ** चेतावनी देना ही पर्याप्त नहीं होगा। उसमें शिक्षकों को नियमित प्रशिक्षण, प्रेरक कार्यशालाओं और संसाधनों से भी सशक्त करना होगा। शिक्षा तब ही सार्थक होगी, जब सख्ती के साथ-साथ प्रेरणा का वातावरण भी बने। यह निर्णय तभी टिकेगा जब सरकार अनुशासन और रचनात्मक सहयोग दोनों को साथ लेकर चले।

**शिक्षा की असली रोशनी की ओर**

**प्रदेश** का यह कदम सिर्फ एक आदेश नहीं, बल्कि शिक्षा के असली मर्म की पुनर्स्थापना है। गाइड और कुंजी की छाया में ढके दीप को अब असली ज्ञान की लौ से प्रज्वलित करने का अवसर है। यदि शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक मिलकर इस संकल्प को स्वीकार करें, तो हिमाचल प्रदेश शिक्षा की गुणवत्ता का वह आदर्श स्थापित कर सकता है जिसकी ओर पूरा देश देख सके।

**प्रस्तुति : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

## ज्ञान की बात

- हिमाचल प्रदेश की किस रियासत ने पझौता आंदोलन शुरू किया था? **-सिरमौर रियासत**
- हिमाचल प्रदेश में बकरोटा हिल्स कहां स्थित हैं? **-डलहौजी**
- सुजानपुर टिहरा में होली उत्सव की शुरुआत किस कांगड़ा शासक ने की? **-संसार चंद**
- अमेरिका में प्रथम पुस्तकालय जेम्स लॉगन ने कहां स्थापित किया? **-फिलाडेल्फिया**
- स्वतंत्र भारत के लिए व्यक्तिगत रूप से पहला ओलंपिक पदक किसने जीता? **-केडी जाधव**
- रुपया भारत का मानक सिक्का कब बना? **-1835**
- 1975 से पहले भारत में आयकर की सर्वाधिक दर क्या थी? **-97.25 प्रतिशत**

## न्यूज ब्रीफ

### जरा याद करो कुर्बानी कार्यक्रम में देशभक्ति की गूंज



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिडकमार की हिस्टॉरिकल सोसायटी की ओर से बुधवार को 'जरा याद करो कुर्बानी' विषय पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा से अवगत कराना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था। आयोजन में क्विज, भाषण, देशभक्ति कविता पाठ और गीत गायन जैसी विविध प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. हकम चंद ने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना पर चर्चा करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### जयसिंहपुर में सद्भावना दिवस पर दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस बुधवार को जयसिंहपुर में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। एसडीएम संजीव ठाकुर ने उपमंडल अधिकारी का कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म और भाषा इत्यादि का भेदभाव किए बिना देश की भावनात्मक एकता और सदभावना के लिए कार्य करने तथा सभी प्रकार के मतभेदों को सदैव आपसी बातचीत एवं संवैधानिक माध्यमों से ही सुलझाने की शपथ दिलाई।

### शाहपुर आईटीआई में एडमिशन काउंसिलिंग

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर ।** संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि संस्थान में तीसरे दिन की सपोर्ट काउंसिलिंग एडमिशन 55 प्रतिशत से नीचे तक सफल रही। 37 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें 27 अभ्यर्थियों ने ट्रेड चुनने में रुचि दिखाई। उन्होंने बताया कि कुछ ट्रेड्स की ही सीट खाली रह गई हैं, जो बच्चे किसी कारण उपस्थित नहीं हो पाए वे 21 अगस्त से लेकर 30 अगस्त तक अपनी एडमिशन ले सकते हैं, उनके लिए सरकार ने सीटें रिजर्व रखी हुई हैं। यह समाचार विज्ञापन विभाग से संजीव जी द्वारा भेजा गया है

### पूर्व सैनिकों ने की मारपीट की घटना की निंदा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** भारतीय सेना में सेवारत सैनिक के साथ टोल प्लाजा मेरठ पर टोल कर्मचारियों द्वारा शर्मनाक और अपमानजनक व्यवहार पर पूर्व सैनिकों ने निंदा की है। पूर्व सैनिक संगठन हटवास नगरोटा बगवां के अध्यक्ष कर्म सिंह धीमान ने कहा कि कुछ दिन पहले भारतीय सेना में सेवारत सैनिक कपिल राजपूताना के साथ टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा मारपीट की घटना निंदनीय है। प्रशासन से आग्रह किया कि तुरंत उचित कार्रवाई किया जाए, नहीं तो सबको खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### प्रशिक्षुओं से की नशे से दूर रहने की अपील



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय बीएड कॉलेज धर्मशाला की प्रातःकालीन सभा में सेवानिवृत्त सहाचार्य प्रो. कर्ण सिंह डढवाल ने प्रशिक्षुओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। ब्रह्मकुमारी संस्था के स्वयंसेवी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रो. डढवाल ने युवाओं को नशे के बढ़ते प्रचलन और उसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा की उपस्थिति में सभी प्रशिक्षुओं ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

### अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने मंगलवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना दिवस शपथ दिलाई और श्रद्धांजलि दी। एसडीएम कांगड़ा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी को राष्ट्र आधुनिक भारत निर्माता के रूप में जानता है। प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान उन्होंने लोगों और समाज की सोच को बदलने के लिए अनेक दूरदर्शी निर्णय लिए।

### दायित्वों का निर्वहन करने का किया आह्वान



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर की बैठक जिला अध्यक्ष रागिनी रखवाला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कांगड़ा-चंबा सांस्कृतिक क्षेत्र के संगठन मंत्री राजपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पार्टी द्वारा दिए गए आगामी कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से समयबद्ध तरीके से दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 16 कार्यकर्ताओं को कार्य समिति में शामिल किया गया। इसमें महेंद्र सिंह राणा, विजय सिंह, संजीव धरवाल, एडवोकेट शिवचरण चौधरी, सुभाष कुमार, कपिल धीमान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

### संस्थानों ने की भूकंप से बचने की रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा में आए भूकंप की दृष्टि से जिले की भौगोलिक संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार सभी संस्थानों एवं विभागों ने भूकंप सुरक्षा और आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों को लेकर रिहर्सल आयोजित की। उपमंडल कांगड़ा के समस्त संस्थानों ने सुबह 11 बजे चेतावनी अलार्म बजने के साथ ही समयबद्ध ढंग से ड्रॉप, कवर और होल्ड भूकंप सुरक्षा का अभ्यास किया। संस्थानों के सभी स्टाफ, विद्यार्थी एवं कर्मचारियों ने भी इस अभ्यास को किया। एसडीएम कांगड़ा ने कहा कि संस्थानों में आपदा जागरूकता गतिविधियां चलाने का उद्देश्य है, ताकि प्रत्येक सदस्य को यह जानकारी हो कि भूकंप से पहले, दौरान और बाद में सुरक्षित तरीके से कैसे कार्य करना है।

# टांडा कॉलेज में फर्जी दस्तावेजों से एमबीबीएस में प्रवेश की कोशिश

## स्क्रूटनी कमेटी की जांच में प्रस्तुत दस्तावेज पाए गए फर्जी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**डॉ.** राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज टांडा में एमबीबीएस प्रवेश प्रक्रिया में एक बड़ा घोटाला सामने आया है।

आरोप है कि हमीरपुर जिले के नादौन के साथ लगते एक गांव की छात्रा ने अपनी पहचान छिपाकर और फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह एमबीबीएस में प्रवेश लेने की कोशिश की है।

इस छात्रा ने एमबीबीएस प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था और टांडा मेडिकल कॉलेज में उसका चयन हुआ था, लेकिन उसने जो दस्तावेज दिए थे, जब जांच के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज स्क्रूटनी कमेटी के सामने पेश हुई, तो कमेटी ने जांच में पाया कि उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेज फर्जी थे। स्क्रूटनी समिति ने पाया कि सीट आवंटन पत्र अटल मेडिकल रिसर्च यूनिवर्सिटी से (एएमआरयू) से मेल नहीं खाता है। जांच में नाम, रोल नंबर वा एप्लीकेशन भी फर्जी पाए गए।

- **कॉलेज प्रशासन ने पुलिस के हवाले किया मामला**
- **हमीरपुर जिले की छात्रा ने अन्य अभ्यर्थी की जगह प्रवेश लेने का किया प्रयास**

> **जैसे** ही मामले की सूचना मिली, तो उस पर कारवाई करते हुए टांडा पुलिस चौकी में छात्रा और उसके परिजनों को बुलाकर बयान ले लिए हैं। मामले की आगामी जांच शुरू कर दी गई है।
> **-अंकित शर्मा, डीएसपी, कांगड़ा**

### दस्तावेज किसी अन्य अभ्यर्थी के नाम से जारी

**कमेटी** ने जांच में पाया कि उक्त छात्रा द्वारा प्रस्तुत किए गए सीट आवंटन पत्र और अन्य दस्तावेज अमान्य थे। ये दस्तावेज किसी अन्य अभ्यर्थी के नाम से जारी किए गए थे, जिनका मेरिट नंबर 108 था। कमेटी ने इस मामले को फर्जी पहचान वा फर्जीवाड़े का मामला बताया है और संबंधित अधिकारियों से उचित जांच करने का अनुरोध किया है। टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मिलाप शर्मा ने बताया कि उन्होंने मामले की सारी रिपोर्ट को पुलिस अधीक्षक कांगड़ा व डीएसपी को भेज दिया है।

# जिले में बरसात का कहर जारी दो माह में 47 लोगों की मौत

## 51 करोड़ से अधिक की संपत्ति का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले में बरसात का कहर जारी है। करीब दो माह के दौरान जिले में बरसात के दौरान अभी तक 47 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, निजी और सार्वजनिक संपत्ति को भी 51.40 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है।

इसके अलावा दो लोग अभी भी लापता हैं। जिले में अगर 47 लोगों की मौत की बात करें तो सबसे अधिक 18 मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हुई हैं। इसके अलावा 7 लोग डूबने से, 7 लोग बाढ़ से, 4 ऊंचाई से गिरने से, 4 सांप के काटने से, 3 बिजली का करंट लगने से, 2 पत्थर गिरने आए एक व्यक्ति की दीवार गिरने से मौत हुई है।

### 24 घंटों में 37 मकानों व 33 गोशालाओं को नुकसान

**पिछले** 24 घंटों के दौरान बारिश और भूस्खलन से जिला में 37 मकानों सहित 33 गोशालाओं को नुकसान हुआ है। इन घटनाओं में 29 लाख से अधिक के नुकसान का आकलन किया गया है। इस दौरान 33.98 लाख रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। जिला में अभी तक कुल 476 घरों और 509 गोशालाओं को भी नुकसान हो चुका है। इसके अलावा 5 दुकानों और 3 रसोईघर को भी नुकसान हुआ है। 20 जून, 2025 से अब तक कुल 155 पशुधन की हानि हुई है। इसमें 21 गाय, 2 खच्चर, 1 बैल, 9 भैंस, 112 बकरियां और 10 भेड़ें शामिल हैं। 20 जून से 12 अगस्त 2025 तक जिले में बरसात से कुल मिलाकर 51.40 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति का नुकसान दर्ज किया गया है।

### सरकार ने मांगा एक सप्ताह में इकोनामिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट पेश करने का समय

**अनंत ज्ञान, गगल।** पिछले काफी समय से कांगड़ा एयरपोर्ट की सुनवाई हाईकोर्ट शिमला में चली हुई है। 18 अगस्त को कांगड़ा एयरपोर्ट की सुनवाई हुई, जिसमें माननीय न्यायाधीश विवेक ठाकुर व सुशील कुकरेजा ने सुनवाई के दौरान सरकार से पूछा गया कि अभी तक कोर्ट में इकोनामिक फीजिबिलिटी रिपोर्ट पेश नहीं की गई। इसके जवाब में सरकार ने एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा है। कोर्ट ने कहा कि बिना इकोनामिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट के बिना आप कैसे अवार्ड दे रहे हो, जब तक इकोनामिक फीजिबिलिटी रिपोर्ट कोर्ट में पेश नहीं होती, तब तक अवार्ड नहीं दे सकते। समय की कमी के कारण, मामले की अंतिम सुनवाई नहीं की जा सकी, क्योंकि अन्य मामलों में चल रही सुनवाई में काफी समय लगने की संभावना है।

- **अब 15 सितंबर को होगी कांगड़ा एयरपोर्ट की सुनवाई**

याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट के बिना, राज्य सरकार अधिग्रहण के लिए राशि का वितरण करने का इरादा रखती है। उन्होंने दलील दी कि यदि तकनीकी कारणों से या अन्यथा परियोजना को समाप्त करना पड़ा, तो इससे भारी सार्वजनिक धन की बर्बादी होगी, क्योंकि बड़ी संख्या में लोगों से इसे वसूलना असंभव होगा, जिन्हें इसे वितरित करने का प्रस्ताव दिया गया है। यह जानकारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने दी।

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर तीन विमान ही कर सके लैंडिंग

**अनंत ज्ञान, गगल।** पांच में से केवल तीन ही विमान बुधवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुए हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट के वरिष्ठ प्रबंधक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि सुबह स्पाइसजेट और इंडिगो के विमान खराब मौसम के चलते कांगड़ा एयरपोर्ट पर अपनी सेवाएं नहीं दे सके। वहीं, शिमला से एलाइंस एयर के विमान में केवल दो ही यात्री शिमला से कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे, जबकि पांच यात्री कांगड़ा एयरपोर्ट से शिमला को रवाना हुए। शैलेश ने बताया कि दिल्ली से एक इंडिगो का विमान और एक स्पाइस जेट का विमान ने ही अपनी सेवाएं दी। इसके चलते 92 हवाई यात्री दिल्ली एयरपोर्ट से कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचे, जबकि 110 यात्री कांगड़ा एयरपोर्ट से दिल्ली को करवाना हुए।

- **शिमला से सिर्फ दो यात्री ही पहुंचे कांगड़ा एयरपोर्ट**

### ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के अस्तित्व पर मंडराया खतरा

#### मंदिर के गर्भगृह में हो रहा है भारी रिसाव

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** पुरातत्व विभाग की बेरुखी के चलते ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के अस्तित्व को ही खतरा उत्पन्न हो गया है। पिछले कई सालों से बैजनाथ शिव मंदिर के गर्भगृह में बरसात के दिनों में भारी पानी का हिसाब आम बात हो गई है। कुछ समय पूर्व विभाग ने रिसाव रोकने के लिए केमिकल ट्रीटमेंट किया था, लेकिन इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकला।

इस बार स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि पुजारी को श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटने के लिए गर्भगृह से बाहर बैठना पड़ रहा है। इसके अलावा मंदिर परिसर में मधुमक्खियों का आतंक भी बढ़ गया है, जिससे दर्शनार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। मंदिर में नंदी बैल व अन्य मूर्तियों पर जल चढ़ाने पर रोक के बोर्ड तो लगे हैं, लेकिन लोग इस नियम की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे मूर्तियों को नुकसान पहुंच रहा है। कुछ मूर्तियां पहले ही खंडित हो चुकी हैं और शेष के भी क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। एसडीएम बैजनाथ व मंदिर सह आयुक्त संकल्प गौतम ने बताया कि इस धरोहर को संरक्षित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पुरातत्व विभाग शिमला को पत्र भेजा है और अनुमति मिलते ही आवश्यक कार्य प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।

### सुधेड़ में खड्ड में बहा अज्ञात व्यक्ति, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अपर सुधेड़ मेला मैदान के पास खड्ड में अज्ञात व्यक्ति बड़ी देर से फंसा हुआ था, जिसे निकालने के लिए जब स्थानीय लोग एकत्रित हुए तो उन्हें वह पत्थर मारकर भगाने लगा। इसके चलने में उसे निकाले में दिक्कत आई। जब स्थानीय लोगों ने उसे बाहर लाने के लिए रास्ता बनाया तो व्यक्ति बाहर आने के बजाए खड्ड में ही बैठा रहा और असंतुलित होकर खड्ड में गिरकर बह गया। बार-बार गांव के लोग उसे खड्ड से बाहर निकालने की जद्दोजहद में रहे, लेकिन व्यक्ति की पानी में बह जाने से मौत हो गई। कुछ ही दूरी पर उसका शव पत्थर के साथ अटक गया। इसकी सूचना लोगों ने धर्मशाला पुलिस को दी। धर्मशाला थाना प्रभारी नारायण सिंह खुद मौके पर पहुंचे और शव को पुलिस ने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अग्निवीर भर्ती रैली: धर्मशाला में शारीरिक व मेडिकल जांच प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अग्निवीर** भर्ती रैली के तहत कांगड़ा-चंबा के युवाओं के लिए शारीरिक और मेडिकल जांच प्रक्रिया बुधवार से खेल विभाग के सिंथेटिक ट्रैक धर्मशाला में शुरू हो गई। भर्ती के दूसरे चरण के तहत सैन्य भर्ती विभाग की ओर से कांगड़ा-चंबा की विभिन्न तहसीलों से संबंधित युवाओं को विभिन्न तिथियों के अनुसार बुलाया जा रहा है। इसके बाद मेडिकल जांच भी धर्मशाला में ही करवाई जा रही है। पहले दिन वीरवार को 319 युवाओं को मैदानी परीक्षा के लिए बुनाया गया था, जिसमें 300 ने मैदान में पहुंचकर शारीरिक परीक्षा में दमखम दिखाया, जिसमें 188 आगामी चरण में भी प्रवेश कर लिया है, जबकि 112 उम्मीदवार मैदानी बाधा पार नहीं कर पाए। सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर की ओर से धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैक में अग्निवीर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेडसमैन पदों के लिए ग्राउंड टेस्ट करवाए जा रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया 20 से 31 अगस्त तक चलेगी, जिसमें अभ्यर्थियों को 1600 मीटर दौड़, बीम सहित अन्य शारीरिक परीक्षाओं से गुजर कर मेडिकल परीक्षा में पहुंच रहे हैं। इसके आधार पर युवाओं की मेरिट तैयार कर फाइनल सिलेक्शन किया जाएगा।

### एचपीएसओएस विशेष अंक सुधार परीक्षा के लिए पंजीकरण तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सितंबर 2025 में एचपीएसओएस के अंतर्गत आठवीं, दसवीं व जमा दो की विशेष अंक सुधार परीक्षा आयोजित करेगा। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण, प्रवेश पत्र भरने और परीक्षा शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि अब 21 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। विलंब शुल्क सहित यह तिथि सभी श्रेणियों के परीक्षार्थियों पर लागू होगी। उन्होंने बताया कि विवरणिका व दिशा-निर्देशों का पालन आवश्यक है, जो अध्ययन केंद्रों की लॉगिन आईडी पर उपलब्ध हैं। अंतिम तिथि के बाद किसी भी आवेदन को स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

### हैप्पी बर्थडे



मालूवाल हरोली की जसनूर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### अस्पताल को टीवी और 13 कुर्सियां की भेंट

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** आईडीबीआई बैंक ने सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा को 65 इंच का टेलीविजन और 13 कुर्सियां भेंट कीं। एसएमओ डॉ. अल्पना ने बैंक मैनेजर कीर्ति शर्मा व नरेश सिंह का धन्यवाद किया और बताया कि ये सुविधाएं मरीजों के उपयोग के लिए लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भूकंप आपदा से बचाव की रिहर्सल की गई और स्टाफ को सद्भावना दिवस की शपथ भी दिलाई गई।

### डिजिटलाइजेशन पद्धति राजीव गांधी की देन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बुधवार को सलोह में राजीव गांधी जयंती पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक अध्यक्ष प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने कहा कि आज का कंप्यूटराइजेशन प्रणाली और डिजिटलाइजेशन पद्धति पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की देन है। बैंकिंग के क्षेत्र में एटीएम और ऑनलाइन मनी ट्रांसफर पद्धति राजीव गांधी की खोज थी। चौहान ने कहा कि उनकी भारत के लिए चौमुख विकास की देन सदा प्रशंसनीय रहेगी।

### अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर डाला प्रकाश

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के डॉ. सरोजिनी महिषी महिला अध्ययन अनुसंधान केंद्र द्वारा पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. किस्मत कुमार ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. श्रेया बक्शी एवं हिमाचल पुलिस की मनुराधा ने भी विचार साझा किए। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. सत्यम कुमारी के मार्गदर्शन व प्रो. मंजूनाथ एसजी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### दीनानगर में पेड़ से टकराई गाड़ी, व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट-दीनानगर तारागढ़ रोड पर छोटू नाथ मंदिर के पास सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में सेना के रिटायर्ड नायब सूबेदार भाग सिंह (52) निवासी मदारपुर की मौत हो गई। वह अपनी बेटी से मिलकर लौट रहे थे, जब उनकी फारच्यूनर (HR 26CA 5925) सड़क के बीच गिरे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ का तना कार के शीशे तोड़ते हुए अंदर घुस गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दिन में हुई बारिश के कारण पेड़ पहले से झुका हुआ था और रात करीब 9 बजे गिर गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल गुरदासपुर भेजा है।

### खेलकूद स्पर्धा के लिए विद्यालयों का चयन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा बगवां में उपनिदेशक स्कूल शिक्षा उच्च कांगड़ा विकास महाजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें शाहपुर, नगरोटा बगवां, कांगड़ा व धर्मशाला जोन के अंडर-19 छात्रों एवं छात्राओं की खेल प्रतियोगिताओं पर चर्चा की गई। निर्णय लिया कि नगरोटा बगवां जोन की छात्र प्रतियोगिता सेराथाना व छात्रा प्रतियोगिता जसाई में होगी। बैठक में 38 स्कूलों के 100 से अधिक प्रधानाचार्य, डीपीई व पीईटी शामिल हुए। सभी जोनों के टूर्नामेंट स्थलों का भी निर्धारण किया गया। प्रतियोगिताएं सितंबर माह के पहले सप्ताह में होंगी।

### धर्मशाला कॉलेज में मनाया गया सद्भावना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में श्रद्धा और एकजुटता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्र-छात्राओं ने विभागीय कक्षाओं में सद्भावना प्रतिज्ञा ली। प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने कहा कि सद्भावना केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक व्यवहार है, जिसे युवा पीढ़ी को अपनाकर समाज में प्रेम, शांति और सहयोग का वातावरण बनाना चाहिए।

### बंद घर से नकदी व गहने चोरी, 3 गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिले के सुजानपुर थाना क्षेत्र के गांव गंदलालाहड़ी में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए नकदी व सोने के गहने चुरा लिए। शिकायतकर्ता दीपक, जो एमईएस श्रीनगर में कार्यरत हैं, ने बताया कि 2 अगस्त को वह ताले लगाकर श्रीनगर गए थे और 14 अगस्त को लौटने पर पाया कि घर के अंदर के ताले व अलमारियां टूटी हुई थीं। चोर सोने की चेन, मुंदरी, नथ, बालियां व नगदी चुरा ले गए। थाना प्रभारी मोहित ने बताया कि पुलिस ने सनी, मोहन सिंह और विनोद कुमार को गिरफ्तार कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया है। जल्द ही चोरी की रिकवरी की जाएगी।

### नूरपुर में चौकीदार की हार्ट अटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, भडवार।** आर्य डिग्री कॉलेज नूरपुर में ड्यूटी पर तैनात चौकीदार जोगिंदर सिंह की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। सुबह कॉलेज गेट न खुलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की मौजूदगी में खिड़की-दरवाजे तोड़कर जब अंदर देखा गया तो चौकीदार मृत पाया गया। सीसीटीवी फुटेज में सुबह चार बजे उन्हें गिरते हुए देखा गया, जिसके बाद लगभग पांच मिनट में उनकी मौत हो गई। फॉरेंसिक टीम ने मौके से सैंपल जुटाए। डीएसपी विशाल वर्मा ने पुष्टि की है।।

**मुसीबत** भारी बारिश और डैम से छोड़े पानी ने बढ़ाई मुश्किलें; लोगों का पलायन शुरू, मंड क्षेत्र में हाई अलर्ट

# पौंग बांध से पानी छोड़ने पर मंड क्षेत्र में बाढ़ का खतरा

**अनंत ज्ञान टीम, इंदौरा/फतेहपुर**

**कांगड़ा** जिले के निचले इलाकों में भारी बारिश और पौंग डैम से छोड़े गए पानी ने हालात बिगाड़ दिए हैं। ब्यास नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से फतेहपुर और इंदौरा के मंड क्षेत्रों के लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। भारी बारिश के चलते पौंग बांध से बीबीएमबी प्रशासन ने बुधवार को 65,846 क्यूसेक पानी छोड़ा, जिसके चलते मंड क्षेत्र तथा पंजाब के कई गांवों में बाढ़ की स्थिति का खतरा उत्पन्न हो गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम इंदौरा डॉक्टर सुरेंदर ठाकुर ने बताया के बीबीएमबी प्रशासन द्वारा अगले 24 घंटे में 75000 क्यूसेक पानी छोड़ेगा। हालांकि, यह पानी धीरे-धीरे छोड़ा जाएगा। लेकिन मंगलवार रात को फतेहपुर, इंदौरा आदि क्षेत्र में भारी बारिश के चलते स्थानीय नदी नालों में पानी का बहाव बढ़ जाने से मंड क्षेत्र के इलाके में खतरा उत्पन्न हो गया है। गांव खाली हो रहे हैं और राहत शिविर इन दिनों लोगों का सहारा बने हुए हैं। बीबीएमबी प्रशासन के अनुसार, बुधवार दोपहर 1 बजे पौंग डैम का जलस्तर 1383.27 फुट रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान डैम में 1,01,292 क्यूसेक पानी की आवक रही, जबकि 65,846 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसमें से 17,456 क्यूसेक टरबाइन से और 48,390 क्यूसेक स्पिलवे से छोड़ा गया। डाउनस्ट्रीम में शाह-नेहर बैराज से ब्यास नदी में 54,121 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया है। मंड क्षेत्र के गांवों में पलायन का मंजर देखने को मिल रहा है। लोग अपने आशियाने छोड़कर मजबूरी में राहत शिविरों का रुख कर रहे हैं। एसडीएम फतेहपुर, विश्रुत भारती ने कहा कि पौंग डैम से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा और बढ़ सकती है। हमारी पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा है। राहत शिविरों की व्यवस्था की गई है और अपील है कि सभी लोग तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचें। अफवाहों पर ध्यान न दें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी।





निचले इलाकों में भारी बारिश और पौंग डैम से छोड़े गए पानी ने हालात बिगाड़ दिए हैं। मंड क्षेत्र के लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है।

### शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने के निर्देश

**एसडीएम** डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि करीब 17 पंचायतों के सभी शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं, जिसमें पंचायत बड़ोखर भोगरवां, सनौर, घड़रां, मंड मियानी, मलकाना, बरोटा ठाकुरद्वारा, बसंतपुर, मिलवां, उजलेहरियां सहित प्रभावित क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थान बंद करने का निर्देश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि अभी स्थिति नियंत्रण में है और लोगों से आग्रह किया जाता है पानी के तेज बहाव के चलते सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

# स्लेट गोदाम में खोले शराब ठेके के विरोध में उतरे ग्रामीण

## डीसी को सौंपा ज्ञापन, बोले, शराब ठेके से खराब होगा गांव का माहौल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला के समीप स्लेट गोदाम में रातों रात खोले गए शराब ठेके के विरोध में ग्रामीण मुखर हो गए हैं। बुधवार को दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने डीसी कांगड़ा को शराब ठेके के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने डीसी कांगड़ा को स्लेट गोदाम की वास्तु स्थिति से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि जहां शराब ठेका खोला गया है, वहां पर एक प्राइमरी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी है।

शराब ठेके के साथ ही बस स्टॉप है, जहां लोग आने-जाने के लिए बस लेते हैं। यही नहीं शराब ठेके की जगह के साथ तीन मंदिर, राशन डिपो भी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शराब ठेका बंद नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही शराब ठेका खुलने से गांव का माहौल खराब होगा। महिलाओं का मंदिर, आंगनबाड़ी, डिपो आना और बस स्टॉप पर खड़ा होना मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शराब ठेका खोलने के संबंध में एनओसी भी नहीं ली गई है, न तो पंचायत प्रधान और न ही ग्रामीणों को इस संबंध में जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने डीसी कांगड़ा से इस संदर्भ में उचित कार्रवाई का आग्रह किया है। उधर, धर्मशाला भाजपा मंडल ग्रामीण के अध्यक्ष भुवनेश चौधरी ने कहा कि स्लेट गोदाम में शराब ठेका खोलने के संबंध में किसी से कोई अनुमति नहीं ली गई और रातों रात शराब ठेका खोल दिया गया। ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं और हम भी ग्रामीणों के साथ हैं।



ग्रामीणों ने डीसी कांगड़ा को शराब ठेके के विरोध में ज्ञापन सौंपा।

> **योल** के स्लेट गोदाम में हाल ही में ठेका खोलने की अनुमति प्रदान की गई थी, जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज करवाई है, इस विषय को गंभीरता से जांचने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।
> **-अनूप कुमार सिंह, आयुक्त, आबकारी विभाग कांगड़ा।**

## न्यूज ब्रीफ

### नारी स्वास्थ्य संकल्प अभियान की शुरुआत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश महिला कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नारी स्वास्थ्य संकल्प अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल मौजूद रहीं। इस अभियान के तहत महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित किया जाएगा। महिला कांग्रेस ने हर वर्ष एक लाख महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन देने व नैपकिन निर्माण का प्रशिक्षण देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जरूरतमंद महिलाओं को नैपकिन और फल वितरित किए गए।

### आयरन-एल्बेंडाजोल के महत्व पर दिया परिचय



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू।** राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज रोहड़ू में ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें फोलिक एसिड, आयरन और अल्बेंडाजोल के महत्व के साथ-साथ एचआईवी व तपेदिक जागरूकता पर चर्चा हुई। संस्थान के मीडिया प्रभारी देविंद्र सिंह प्रेमी ने बताया कि विभिन्न स्कूलों के नोडल शिक्षकों ने स्वास्थ्य विभाग टिक्कर के साथ सहयोग किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. धीरज कौशिक, राजकीय पॉलिटेक्निक किन्नौर के पंकज पथिक, फार्मेसी विभागाध्यक्ष शशि शर्मा, व्याख्याता मनोज कुमार शुक्ला, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्पित गुप्ता और स्वास्थ्य शिक्षक दीवान सिंह उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य व पोषण के महत्व को समझाना और विभागों के बीच सहयोग बढ़ाना था।

### द बायोग्राफी ऑफ अ गॉड पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इसराइली लेखक एवं शोधकर्ता प्रोफेसर असफ शराबी और उनके सहायक विनोद शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक द बायोग्राफी ऑफ अ गॉड का विधिवत विमोचन किया। यह पुस्तक ऊपरी शिमला, सिरमौर और उत्तराखंड के जौनसार-बावर क्षेत्र में पूजे जाने वाले महासू देवता से जुड़ी लोक परंपराओं, मान्यताओं और ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह पुस्तक हिमाचल की समृद्ध देव संस्कृति को गहराई से समझने का अवसर प्रदान करेगी। साथ ही यह शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत साबित होगी। उन्होंने लेखकों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के दस्तावेजों से लोक संस्कृति और परंपराएं संरक्षित रहती हैं।

### चुनावी साजिश का विस्फोटक खुलासा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल की शांत वादियों में इस वक्त एक राजनीतिक भूचाल आया हुआ है। बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने सीधे-सीधे चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत धौलरा में वोट की जगह वोटरों के नाम से खेल खेला गया। बंबर ठाकुर का दावा कि वोटर लिस्ट में 140 ऐसे लोगों के नाम दर्ज हैं, जो अब गांव में रहते ही नहीं हैं यानी प्रवासी लोग जो कब के लौट चुके हैं, उनके नाम पर आज भी वोट डाले जा रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले को एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश बताया और कहा कि इसी गड़बड़ी के कारण वे महज 139 वोटों से चुनाव हार गए। सबसे बड़ा आरोप सीमेंट कंपनी के कर्मचारियों पर है। इनके नाम पर फर्जी वोट तैयार किए गए और ये सब प्रशासन की नाक के नीचे हुआ। डीसी राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने मांग की कि इस वोटर लिस्ट की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों को बेनकाब किया जाए।

# 5 लेयर तक सीमित पैकिंग को लेकर बागवानों में असमंजस और विरोध

## हिमाचल में सेब की पैकिंग पर नया आदेश; बागवानों में बढ़ी चिंता, प्रतिबंध पर उठे सवाल

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल की बागवानी इस बार दोहरी मार झेल रही है। एक ओर मौसम की बरसात ने सेब को अपेक्षित आकार नहीं लेने दिया, तो दूसरी ओर सरकार के ताजा आदेश ने बागवानों की उम्मीदों पर चोट पहुंचाई है। आदेश के अनुसार सेब की पैकिंग पांच लेयर तक सीमित होगी और छह लेयर पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी।

पहली नजर में यह कदम अनुशासन लाने जैसा दिखता है, लेकिन बागवानों के लिए यह घाटे का सौदा बन गया है। मौसम की बजह से छोटे आकार के सेब पैकिंग में बागवानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब पांच लेयर की सीमा के कारण पैकिंग ढीली हो रही है, जिससे सेब आपस में टकराकर खराब होने का खतरा बढ़ गया है। बागवानों का मानना है कि इस आदेश ने उनकी मेहनत और परेशानियों को और बढ़ा दिया है।

पांच लेयर वाली पैकिंग को लूज ग्रेडिंग माना जाता है। मंदिरों और मंडियों तक पहुंचते-पहुंचते सेब का माल टकराने से उसकी गुणवत्ता और कीमत दोनों प्रभावित होती है। बागवानों का कहना है कि यदि ओवरवेट रोकना ही था, तो सरकार को छापामार कार्रवाई बढ़ानी चाहिए थी, लेकिन एपीएमसी के कर्मचारी कहीं नजर नहीं आ रहे और ओवरवेट पर कोई कार्रवाई भी नहीं हो रही है।

### सरकार पर उठाए सवाल

**बागवान** पूछ रहे हैं कि अगर समस्या ओवरवेट की है तो केवल पैकिंग लेयर को क्यों निशाना बनाया गया? मंदिरों में एचपीएमसी की टीमों की अनुपस्थिति पर सरकार क्यों चुप है? चालान की कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? इन सवालों के बीच यह आशंका बढ़ रही है कि असल मकसद बागवानों की मदद करना नहीं, बल्कि एचपीएमसी के सी-ग्रेड और क्रेट सिस्टम को बढ़ावा देना है।



### एचपीएमसी पर विशेष फोकस

**कई** विशेषज्ञ मानते हैं कि सरकार बागवानों पर दबाव डालकर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अधिक से अधिक सेब एचपीएमसी के माध्यम से बिके, लेकिन यह रणनीति उल्टा भी पड़ सकती है, क्योंकि इससे बागवानों में असंतोष और असमंजस बढ़ रहा है। उनका कहना है कि जब प्रकृति ने सेब को छोटा कर दिया है, तो सरकार का काम राहत प्रदान करना होना चाहिए था, न कि नए आदेशों से किसानों की परेशानी बढ़ाना।

### राजीव गांधी की जयंती पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली एकता की शपथ



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर एकता की शपथ लेते अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**पूर्व** प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर बचत भवन में सद्भावना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसी टू डीसी देवी चंद ठाकुर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, शांति और सद्भाव बनाए रखने की शपथ दिलवाई।

एसी टू डीसी देवी चंद ठाकुर ने कहा कि देश में हर वर्ष 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को समर्पित है। उनका जन्म 20 अगस्त 1944 को मुंबई (तत्कालीन बंबई) में हुआ था। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने, जिन्होंने मात्र 40 वर्ष की आयु में 1984 में अपनी मां और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश की कमान संभाली।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने राजीव गांधी के आदर्शों को याद करते हुए सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

### एनसीडीसी को 2000 करोड़ का अनुदान, प्रदेश को मिलेगा फायदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को दिए जा रहे अनुदान से जुड़े सवाल उठाए। उन्होंने केंद्रीय सहकारिता मंत्री से हिमाचल प्रदेश को अब तक मिले ऋण की राशि, जिलावार ब्योरा, तथा सहकारी विकास कार्यक्रमों के तहत की गई पहलों की जानकारी मांगी। जवाब में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बताया कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक एनसीडीसी को हर वर्ष 500 करोड़ रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। इस चार साल के दौरान निगम लगभग 20 हजार करोड़ रुपए खुले बाजार से जुटाकर सहकारी समितियों को नई परियोजनाओं, संयंत्र विस्तार और कार्यशील पूंजी के लिए ऋण प्रदान करेगा। इससे देशभर की लगभग 13 हजार सहकारी समितियों के 2.9 करोड़ सदस्य लाभान्वित होंगे। मंत्री ने बताया कि 31 जुलाई, 2025 तक हिमाचल प्रदेश की सहकारी समितियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दीर्घकालिक तथा कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इससे प्रदेश के सहकारी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

**डॉ. सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में उठाए सहकारी क्षेत्र के मुद्दे**

# कशिश भापटा बनी रेड रिबन क्लब की अध्यक्ष



सीमा कॉलेज में रेड रिबन क्लब के गठन के दौरान पदाधिकारी एवं कॉलेज के शिक्षक।

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में युवाओं के स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेड रिबन क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्य डॉ. रवि किरण शर्मा, डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा और रघुबीर सिंह (सहायक प्रोफेसर प्राणी विज्ञान) उपस्थित रहे।

सभी ने इस महत्वपूर्ण पहल का स्वागत करते हुए छात्रों को इसके उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। क्लब के नेतृत्व की जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्रतिभाशाली एवं ऊर्जावान विद्यार्थियों को सौंपी गई है। कशिश भापटा, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, श्रेया (बीएससी द्वितीय वर्ष) को उपाध्यक्ष, विनय (बीएससी द्वितीय वर्ष) को महासचिव और त्रिजया (बीएससी द्वितीय वर्ष) को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। यह छात्र टीम क्लब की गतिविधियों का संचालन करते हुए एचआईवी/एड्स जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और स्वैच्छिक रक्तदान जैसे विषयों पर अभियान चलाएगी।

# चरस तस्कर को 4 साल कैद और 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

20 अगस्त को विशेष सत्र न्यायालय रोहड़ू ने एनडीपीएस मामले में आरोपी 21 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र स्व. गुलाब सिंह, निवासी कमलानंद बिल्डिंग, रोहड़ू तहसील, जिला शिमला को अभियोग संख्या 53/2023 के तहत दंडित किया। मनोज कुमार को धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत चार साल का कठोर कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना न देने की स्थिति में उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सरकार की ओर से अभियोग की पैरवी जिला उपन्यायवादी सुचित्रा अग्रवाल ने की। घटना 2 अप्रैल, 2023 की है, जब पुलिस की गश्त के दौरान मनोज कुमार को न्यू बस स्टैंड रोहड़ू के पास पैदल जाते हुए देखा गया। पुलिस को देख वह भागने लगा, जिसे पकड़कर तलाशी लेने पर उसके जैकेट से 407 ग्राम चरस बरामद हुई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। मुख्य आरक्षी कुलदीप के नेतृत्व में की गई जांच में आरोप साबित हुए। विशेष सत्र न्यायालय में 12 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मनोज कुमार को सजा सुनाई।

### पहाड़ की संघर्षमय यात्रा से उभरी हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी, शिमला में हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान माला में प्रदेश के प्रख्यात कथाकार एसआर हरनोट मुख्य वक्ता थे। उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों और लोक जीवन के संदर्भ में हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की व्याख्या की। हरनोट ने विद्यार्थियों को आत्म संवाद और प्रकृति संवाद के लिए प्रेरित किया तथा साहित्यिक उद्धरणों के माध्यम से संस्कृति का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, टैगोर फेलो, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला, ने हिमाचल की बोलियों, लिपियों, लोकश्रुतियों और गाथाओं की विस्तृत जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने बताया कि वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला महाविद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिसहै, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक-सांस्कृतिक नेतृत्व के गुण और क्षमता का विकास करना है।

### पौधरोपण कर राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस सेवा दल बिलासपुर व युवा कांग्रेस बिलासपुर ने चांदपुर गो सदन में पेड़ और फलदार पौधे लगाए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, युवा कांग्रेस महासचिव गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष साक्षी शर्मा, और कई स्थानीय प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा ने राजीव गांधी के योगदानों को याद किया।

### सद्भावना दिवस पर डीसी ने दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने सद्भावना दिवस के अवसर पर उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों को सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने सभी से जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव न करने और देश की एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने हिंसामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। सद्भावना दिवस पर जिले के सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में भी इस शपथ का आयोजन किया गया, जिससे सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिले।

### चाइल्ड केयर सेंटर में बच्चों को बांटे फल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला बिलासपुर ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अपराजिता चाइल्ड केयर सेंटर में दिव्यांग बच्चों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में संयोजक ठाकुर हीरा पाल सिंह और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण चंदेल, प्रकाश चंदेल, प्यार चंद, जगदीश संख्या, अंजना ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर घुमारवीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। जिला मार्किट कमेटी चेयरमैन सतपाल वर्धन ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत में कंप्यूटर, दूरसंचार, सूचना क्रांति और शिक्षा सुधार की नींव रखी। उन्होंने पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा देकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाया और युवाओं को राजनीति में भागीदारी दिलाई। इस अवसर पर मस्त राम, शशि पाल, मनोहर लाल शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हरे कृष्णा समिति ने करवाया शेड का निर्माण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एकादशी के पावन अवसर पर हरे कृष्णा हेल्पिंग हैंड समिति की ओर से हरलोग गांव के शमशानघाट (मोक्ष धाम) में शेड का निर्माण किया गया। यह शेड क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी सुविधा है, जो बारिश, धूप और कठिन मौसम में अंतिम संस्कार के समय राहत देगा। यह सुविधा न केवल हरलोग पंचायत, बल्कि आसपास की पांच पंचायतों के लिए भी लाभकारी होगी। समिति के प्रमुख सदस्यों ने कहा कि इसका उद्देश्य सामाजिक सहयोग और मानवता की सेवा करना है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल के लिए समिति का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### बरमाणा में युवाओं को दिया सफलता का मंत्र

**अनंत ज्ञान, बरमाणा, (बिलासपुर)।** अडानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर बरमाणा में आयोजित विशेष कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर, अध्यक्ष कसोल विकास मंच व सेवानिवृत्त कृषि उप निदेशक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और निरंतर सीखना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में नए कौशल सीखने की सलाह दी। समाजसेवी रणबीर सिंह ने भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। डॉ. ठाकुर ने स्किल सेंटर के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में सेंटर इंचार्ज विनय मेहता और प्रशिक्षक प्रदीप, ममता, मनी राम, मोनिका व सुभाष मौजूद रहे।

# कोठीपुरा में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय

## जिला प्रशासन और एम्स प्रबंधन का बड़ा कदम, भूमि का किया चयन



जिला प्रशासन और एम्स बिलासपुर प्रबंधन की टीम ने कोठीपुरा में केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण को लेकर भूमि का निरीक्षण किया।

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कोठीपुरा (बिलासपुर)।** बिलासपुर और आसपास के लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। वर्षों की मांग और कई दौर की चर्चाओं के बाद कोठीपुरा में केंद्रीय विद्यालय निर्माण को लेकर अब औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**बिलासपुर के लोगों के लिए बड़ी राहत**

बुधवार को जिला प्रशासन और एम्स बिलासपुर प्रबंधन की टीम ने संयुक्त रूप से भूमि का निरीक्षण किया और विद्यालय निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन कर लिया है। इस ऐतिहासिक फैसले की जानकारी उपायुक्त राहुल कुमार ने स्वयं दी।

**एम्स कर्मियों के बच्चों के साथ आसपास की पंचायतों को भी होगा लाभ:** इस विद्यालय का सबसे बड़ा लाभ एम्स बिलासपुर में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों को मिलेगा। साथ ही बिलासपुर शहर और आसपास की पंचायतों के विद्यार्थी भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से लाभान्वित होंगे। यह केंद्रीय विद्यालय शहरी और ग्रामीण आबादी के बीच शिक्षा की खाई को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण अधिकारी मौजूद रहे जिन में एम्स के निर्देशक दयानंद शर्मा अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह, निदेशक उच्च शिक्षा रेनू कौशल तथा इसके अलावा राजस्व विभाग और अन्य तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

### जमीन तय एफसीए से मुक्ति निर्माण शीघ्र शुरू

**निर्माण** स्थल एम्स परिसर के भीतर ही स्थित है, जो जेएनवी स्कूल और प्रस्तावित 33 केवी सब-स्टेशन के निकट है। खास बात यह है कि इस भूमि पर एफसीए (फॉरेस्ट क्लीयरेंस एक्ट) की कोई बाध्यता नहीं है, जिससे निर्माण कार्य में अब और देरी की कोई संभावना नहीं बची है। डीसी ने बताया कि बहुत समय से केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रयास चल रहे थे, लेकिन भूमि चयन को लेकर लगातार अड़चनें आ रही थीं। आज जिला प्रशासन और एम्स प्रबंधन की समन्वित पहल से वह बाधा दूर हो गई है।

### डीसी बोले- आगे की कार्रवाई तेजी से होगी

**डीसी** ने निर्देश दिए कि सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाएं और केंद्रीय विद्यालय संगठन को निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया जाए, ताकि स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जा सके।

# बलोह और गरामोड़ा टोल प्लाजा में टोल शुल्क वसूली एक माह के लिए निलंबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में लगातार हो रही भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण किरतपुर से नेरचौक तक फोरलेन के अंतर्गत बलोह और गरामोड़ा टोल प्लाजा में टोल शुल्क वसूली को आगामी एक माह तक निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में आज आदेश जारी किए गए हैं। इससे पूर्व प्रदेश सरकार में नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर इस विषय को विस्तार से उठाया। आदेश में कहा कि लगातार हो रही भारी वर्षा और भूस्खलन से किरतपुर-नेरचौक राष्ट्रीय राजमार्ग के अनेक हिस्सों को गंभीर क्षति पहुंची है। यात्रियों को घंटों तक मार्ग पर फंसे रहना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भोजन, पेयजल और विश्राम जैसी बुनियादी सुविधाओं का भारी अभाव झेलना पड़ रहा है। ऐसे में यात्रियों की सुविधा और राहत को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### ई-कल्याण मोबाइल ऐप से सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों का सत्यापन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का ई-कल्याण मोबाइल ऐप के माध्यम से सत्यापन कार्य शुरू हो गया है, जो 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाना है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे इस सत्यापन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई व्यक्ति एक से अधिक योजनाओं का लाभ न ले सके। जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल ने बताया कि सत्यापन के समय आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र और पेंशन खाते की जानकारी अनिवार्य होगी। उन्होंने पेंशनधारियों से समय पर दस्तावेज उपलब्ध करवाने की अपील की है, ताकि भविष्य में पेंशन वितरण में कोई परेशानी न हो।

### हरनोडा-कसोल मार्ग पर सीटीबी तकनीक से बनेगी टिकाऊ सड़क

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हरनोडा-कसोल सड़क पर सीमेंट ट्रीटेड बेस तकनीक से टिकाऊ सड़क निर्माण का ट्रायल शुरू हो गया है। परियोजना का शुभारंभ पीडब्ल्यूडी एक्सईएन दुनी चंद ठाकुर ने किया। इस तकनीक से बनाई जा रही सड़कें लगभग 20 साल तक बनी रहती हैं। निर्माण कार्य निर्भया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। यह तकनीक अन्य ग्रामीण मार्गों पर भी लागू की जाएगी, जिससे मजबूत और टिकाऊ सड़कें बन सकेंगी।

**एक्सईएन दुनी चंद ने किया परियोजना का शुभारंभ**

### रामप्यारी का संदेश, इंसानियत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जब मानवता सिर्फ शब्दों तक सिमटने लगती है, तब रामप्यारी ठाकुर जैसे लोग अपने कर्मों से उसका अर्थ समझाते हैं। जीव भावना पशु कल्याण समिति, बिलासपुर की अध्यक्ष रामप्यारी ठाकुर वर्षों से बेसहारा पशुओं की सेवा में जुटी हैं।



नसबंदी, टीकाकरण और भोजन जैसी आवश्यक सेवाओं के साथ-साथ वे एक स्थायी पशु आश्रय स्थल की मांग को लेकर भी प्रशासन से लगातार प्रयासरत हैं।

विश्व मानवता दिवस पर उन्होंने अपील की कि इंसानियत का दायरा इतना छोटा नहीं कि उसमें सिर्फ इंसान ही समा सकें। उनका मानना है कि समाज की संवेदनशीलता उसकी सबसे निर्बल प्राणियों के प्रति व्यवहार से मापी जाती है। उनका यह संदेश एक सच्चे मानवीय समाज की ओर बढ़ने का आह्वान है।

### आरवी का सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा में चयन




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता की मेधावी छात्रा आरवी ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सुजानपुर टिहरा सैनिक स्कूल में स्थान प्राप्त किया है। 11 चयनित छात्रों में शामिल होकर आरवी ने न सिर्फ अपने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास का प्रमाण दिया, बल्कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को भी साबित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक पंकज चंदेल व प्रिंसिपल दुनेश सूद ने इस उपलब्धि पर आरवी और उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं। यह सफलता स्कूल के शिक्षकों, अभिभावकों और पूरे एसजीआईएस परिवार के लिए गर्व का विषय है। सभी ने आरवी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### गेहड़वीं में श्री गुग्गा जाहरवीर मेले का शुभारंभ

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के गेहड़वीं में श्री गुग्गा जाहरवीर के 8 दिवसीय मेले का शुभारंभ मंगलवार को धूमधाम से हुआ। मेले का उद्घाटन सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग रत्न देव ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस अवसर पर गेहड़वीं पंचायत के प्रधान प्यार सिंह और उपप्रधान सुनील नड्डा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेले की शुरुआत पारंपरिक डोल की थाप और झंडा रस्म के साथ हुई। यह मेला 26 अगस्त को हर वर्ष की भांति विशाल दंगल के साथ संपन्न होगा। स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक इस मेले में भाग लेंगे। विशाल दंगल मेले का मुख्य आकर्षण रहेगा, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करता है। मेले के आयोजन से स्थानीय समुदाय में उत्साह और भक्ति का माहौल है।

### जबलु गांव में 61 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, भगेड़।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने झंडूता विधानसभा के तहत डाहड पंचायत के जबलू गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर मे 61 लोगों की स्वास्थ्य जांच की और स्वास्थ्य, संतुलित आहार, अच्छी दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक किया। डॉक्टर देवेश के नेतृत्व में कुसुम लता फार्मसिस्ट, आशीष कुमार लैब टेक्निशन व चालक अक्षय राव ने अपनी सेवाए प्रदान कीं।

### रछेरा में 59 लोगों के स्वास्थ्य का चेकअप

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने डॉक्टर देवेश के नेतृत्व में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए झंडूता विधानसभा के अंतर्गत दाढ़ी बाड़ी पंचायत के रछेड़ा गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। अस्पताल सेवा टीम ने स्वास्थ्य जांच शिविर में 26 पुरुषों व 33 महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की।

### बेसिक्स ऑफ योगा पुस्तक का लेखन कार्य पूरा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर जिले के डॉ. विकास नड्डा द्वारा बीटेक विद्यार्थियों के लिए लिखित पुस्तक 'बेसिक्स ऑफ योगा' का लेखन कार्य पूर्ण हो चुका है। यह पुस्तक तकनीकी छात्रों को योग के मूल सिद्धांतों से परिचित कराने के उद्देश्य से तैयार की गई है। लेखन में शोधार्थी अतुल, दीपिका, चंद्र ज्योति, अंजू तथा सहयोगी राजेश का योगदान सराहनीय रहा। पूर्व में डॉ. नड्डा और राजेश द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम के तहत प्रदेश के 14 तकनीकी संस्थानों में 2400 से अधिक छात्र योग पढ़ रहे हैं। उपयुक्त पाठ्यपुस्तक की कमी को यह पुस्तक पूरा करेगी। सरल भाषा में योग की वैज्ञानिकता, उपयोगिता और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने वाली यह पुस्तक शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अभिनव पहल है।

### समाजसेवी दिनेश ने सलोआ स्कूल में रोपे पौधे

**अनंत ज्ञान, नयनादेवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोआ में 'एक पेड़ मां के नाम' थीम कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय गोद समिति के सदस्य एवं स्थानीय समाजसेवी दिनेश शर्मा ने अपनी निजी निधि से दो पौधे विद्यालय परिसर में रोपित किए। स्कूल परिवार ने दिनेश शर्मा को माता नयना देवी की चुनरी भेंटकर आभार व्यक्त किया।

### जूडो स्पर्धा : बिलासपुर को ओवरऑल दूसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता शिमला में हुई, जिसमें प्रज्जवल, दीपाली, यशित, आर्यन सहित कई खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते। एडीसी ओमकांत ठाकुर ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके प्रदर्शन की सराहना की।

# तागी स्कूल में जर्जर शौचालय बना परेशानी, खतरे में बच्चों की सुरक्षा



**अनंत ज्ञान, धरवाला**

शिक्षा खंड मैहला-1 के अंतर्गत आने वाला प्राथमिक विद्यालय तागी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी से जूझ रहा है। विद्यालय का एकमात्र शौचालय बेहद जर्जर अवस्था में है और गिरने की कगार पर पहुंच चुका है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। विद्यालय प्रभारी अश्विनी शर्मा ने बताया कि विद्यालय में प्री-प्राइमरी से कक्षा पांचवीं तक कुल 30 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। छोटे-छोटे बच्चे बार-बार शौचालय जाने की आवश्यकता पड़ने पर बेहद असुविधा और जोखिम का सामना कर रहे हैं। विद्यालय की इस गंभीर समस्या को लेकर प्रभारी अश्विनी शर्मा और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष परमेश कुमार ने संबंधित विभाग से मांग की है कि प्राथमिकता के आधार पर शौचालय का नया निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और उनका शैक्षणिक वातावरण बाधित न हो।


# चमेरा-1 डैम से कभी भी छोड़ा जा सकता है पानी, प्रशासन ने जारी की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जिला प्रशासन ने नागरिकों को सतर्क करते हुए चेतावनी जारी की है कि रावी नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है और चमेरा-1 डैम से किसी भी समय अतिरिक्त पानी छोड़ा जा सकता है। बरसात के मौसम में नदी का बहाव पहले से ही तेज़ बना हुआ है, ऐसे में डैम के गेट खुलने पर बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

प्रशासन ने विशेष तौर पर नदी किनारे रहने वाले लोगों, किसानों, पशुपालकों, पर्यटकों और मछुआरों से अपील की है कि वे फिलहाल नदी के आसपास न जाएं और अपने जानवरों को भी नदी के किनारे चराने से परहेज करें। साथ ही, बच्चों को नदी के पास खेलने न भेजें और किसी भी स्थिति में जलधारा के नजदीक न जाएं। चमेरा परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही डैम की जलधारिता तय सीमा से अधिक होगी, अतिरिक्त पानी को बाहर छोड़ना आवश्यक हो जाता है ताकि डैम की संरचनात्मक सुरक्षा बनी रहे। इसी के मद्देनजर एहतियातन यह पूर्व सूचना जारी की जा रही है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव दलों को तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे प्रामाणिक सूचना पर ही विश्वास करें और अफवाहों से बचें। सतर्क रहना और प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली चेतावनियों का पालन करना, सभी की सुरक्षा के लिए जरूरी है।



**रावी नदी का बढ़ा जलस्तर आमजन से नदी किनारे न जाने की अपील**

# राजेंद्र राजू और सुभाष प्रिंस ने भजनों से माहौल किया भक्तिमय



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ग्राम** पंचायत ड्रडुहा के कैहला गांव में माता के दरबार में भक्त खुंडी माता के भजनों में रात भर नाचे। मंगलवार को कैहला गांव में निर्मित खुंडी माता मंदिर में जगराता का आयोजन किया गया।

इसमें राजेंद्र राजू और सुभाष प्रिंस की जगराता पार्टी ने पूरी रात खुंडी माता के भजनों का गुणगान किया। इस दौरान राजेंद्र भाई राजू और प्रसिद्ध गायक सुभाष प्रिंस ने खुंडी माता, गणेश वंदना, भोले शंकर और शेरावली माता की भेंटें गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया तथा जागरण में उपस्थित भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। मंदिर के पुजारी कमल शर्मा ने बताया कि यहां हर वर्ष ज्येष्ठ मास के मंगलवार को जागरण किया जाता है। इसमें दूर-दूर से भक्त अपनी मुराद लेकर आते हैं। यहां मां भक्तों की सभी मुरादें पूरी करती हैं। इस दिन सुबह से हवन और कन्या पूजन के साथ मांगलिक कार्य किए जाते हैं। स्थानीय व्यक्ति हेमराज ने बताया कि 2010 में घर के पास फूलवाड़ी में माता के चिन्ह मिले थे, जिनका गृह प्रवेश उसी वर्ष छठे नवरात्रे में किया गया। इसके बाद से मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। जागरण के दौरान अनामिका शर्मा ने माता की चौकी के दौरान सभी भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया और कलयुग में मां काली का नाम जपने तथा सदाचार का पालन करने का विशेष आग्रह किया।

# युवाओं ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



युवक मंडल करूंईगला के सदस्य पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

युवक मंडल करूंईगला द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान युवाओं ने विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

युवक मंडल के प्रधान ने कहा कि पौधरोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की देखभाल करना भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मंडल के सदस्यों ने संकल्प लिया कि प्रत्येक सदस्य अपने लगाए गए पौधों की नियमित रूप से देखभाल करेगा, ताकि वे बड़े होकर आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हरित वातावरण प्रदान कर सकें।

इस अवसर पर युवक मंडल के सदस्य नितिन कुमार, रविंद्र ठाकुर, संजीव ठाकुर, अनिकेत, अभिषेक, हेम राज, ऋषि कुमार, राजीव शर्मा, धीरज कुमार तथा वन विभाग की ओर से वन मित्र अंकिता उपस्थित रहीं।

## चुराह में विवाहिता पर अत्याचार, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले की चुराह तहसील से एक गंभीर मामला सामने आया है। थाना टिस्सा में दर्ज एफआईआर के अनुसार लिलेहरा गांव की 27 वर्षीय महिला ज्योति ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर लगातार शारीरिक उत्पीड़न और मारपीट का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 16 अप्रैल, 2019 को अजय कुमार निवासी लिलेहरा से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं एक छह वर्षीय और दूसरा दो वर्षीय। शिकायतकर्ता के अनुसार, प्रारंभ में सबकुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद उसका पति छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ने लगा और सास-ससुर भी उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि 6 जुलाई, 2025 को पति ने नशे की हालत में उसकी बुरी तरह पिटाई की और उसका एक दांत तोड़ दिया। इसके अलावा तीन-चार दिन पहले भी पति ने उसे थप्पड़ मारे, जिससे उसके कान में गंभीर चोट पहुंची और सुनने में परेशानी होने लगी। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को मनीष सरीन का समर्थन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- **कहा- लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है मताधिकार की रक्षा**
- **'वोटर अधिकार यात्रा' हर नागरिक के अधिकारों की आवाज**

**डलहौजी** विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता मनीष सरीन ने राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का समर्थन करते हुए इसे लोकतंत्र की रक्षा का जन आंदोलन बताया।

उन्होंने कहा कि आज देश में वोटर लिस्ट से नाम गायब होने जैसी घटनाएं लोकतंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। ऐसे समय में राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई यह यात्रा हर उस नागरिक के मताधिकार की आवाज है, जो लोकतंत्र में विश्वास रखता है। मनीष सरीन ने कहा कि यह यात्रा बिहार के चंपारण से शुरू होकर 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 1 सितम्बर को पटना में समाप्त होगी। यह केवल कांग्रेस का अभियान नहीं, बल्कि हर उस भारतीय का आंदोलन है जो निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रणाली चाहता है।



उन्होंने डलहौजी क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे वोटर लिस्ट में अपना नाम अवश्य जांचें और किसी भी त्रुटि की सूचना तुरंत दें। यह केवल नागरिक कर्तव्य नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी भी है। सरीन ने कहा कि 'वोटर अधिकार यात्रा' संविधान की आत्मा और हर वोटर की पहचान को सुरक्षित रखने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

# स्वयंसेवियों को प्रमाणपत्र किए वितरित

## समर कैंप का समापन, स्वयंसेवी छात्र को गणित शिक्षण में किए प्रशिक्षित



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा के राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा कमाल का कैंप नामक समर कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयंसेवियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अपने आस-पास के पंचायत व वार्ड के चौथी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को खेल-खेल में गणित की मूलभूत संक्रियाएं सिखाने की विधियां बताई गईं। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपने पंचायत, वार्ड एवं आसपास के विद्यालयों के बच्चों के साथ गतिविधियों के माध्यम से बेहतर शिक्षण अनुभव प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवी विद्यार्थी प्रशिक्षकों को लर्न विद गूगल टूल का एक ऑनलाइन कोर्स निशुल्क करवाया गया, जिसके प्रमाणपत्र ऑनलाइन प्राप्त हुए। राजकीय महाविद्यालय चंबा में समर कैंप के समापन समारोह में स्वयंसेवी विद्यार्थी प्रशिक्षकों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रमाणपत्र प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया और सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. बिपन राठौर ने प्रदान किए। इस दौरान चुना लोन, मान सिंह, मनु देवी, जश्नदीप भारद्वाज, मनीषा देवी, वर्षा जरयाल, मुस्कान, शीतल, बीना, निखिल गौतम, अक्षिता, भारती, भावना व हिमानी सहित अन्य स्वयंसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के होशियार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में भागीदारी की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश, अध्यापक एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त किया एकत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**स्टूडेंट** फॉर सेवा, जिला चंबा द्वारा बुधवार को रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 20 यूनिट रक्त एकत्र किया।

मुख्यातिथि डॉ. विक्रम लखनपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। यह एक ऐसा दान है जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्टातिथि जितेंद्र चौधरी (डीएसपी चंबा सदर) और मदन गुलेरिया (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय चंबा) भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने स्टूडेंट फॉर सेवा के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि आज की युवा पीढ़ी समाज हित के कार्यों में आगे आकर न केवल समाज को नई दिशा दे रही है, बल्कि मानवता की सेवा का भी संदेश फैला रही है। कार्यक्रम में स्टूडेंट फॉर सेवा, जिला चंबा के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे। सभी ने संकल्प लिया कि आगे भी समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि जिला अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में रक्त की कमी न हो और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को तुरंत सहायता मिल सके।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भारतीय** राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिला चंबा इकाई द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने की। जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने नवभारत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के युवाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए। उनके कार्य राष्ट्रहित एवं युवहित के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर इकाई अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज एवं महाविद्यालय की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने दो मिनट का मौन रखकर राजीव गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आर्यन भारद्वाज ने कहा कि एनएसयूआई आज भी राजीव गांधी जी के आदर्शों पर चल रही है और भविष्य में भी उन्हीं मार्गों पर आगे बढ़ती रहेगी। कार्यक्रम में जिला महासचिव रोशन, प्रेस मीडिया को-ऑर्डिनेटर हरविंदर, कैंपस उपाध्यक्ष दिनेश, आर्यन, अभिनव, अभी, महासचिव चंदन, नितिन, अजय सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



एनएसयूआई कार्यकर्ता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए।

# पूर्व पीएम राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भारत** के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जिला चंबा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन सर्किट हाउस में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के निदेशक सुरजीत भरमौरी, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल गनी, कांग्रेस सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्ष भूपिंदर राजू, पल्यूर पंचायत के प्रधान ओम प्रकाश, जिला महासचिव अशोक कुमार, नगर परिषद पार्षद जीवन सलारिया, महासचिव नरेश राणा, सचिव राजेश कुमार, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस चंबा हरदीप सिंह, सचिव कुलदीप सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने राजीव गांधी के योगदानों को याद करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता बताया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

## सूडोकू नवताल- 7528

***** सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकू नवताल -7527 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

वीरवार, 21 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** त्रयोदशी (14:01) : **नक्षत्र** पुनर्वसू (24:26), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** सिद्धि (18:10), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:23-14:00)।

**विशेष दिन**

- 21 अगस्त अघोरा चतुर्दशी आज।
- 21 अगस्त मासिक शिवरात्रि आज।

**मेषः** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी।

**वृषः** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें।

**मिथुनः** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कर्कः** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंहः** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्याः** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**तुलाः** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**वृश्चिकः** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**धनुः** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मकरः** कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभः** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीनः** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

# आंगनबाड़ी के 41 पदों के लिए करें आवेदन

**पीयूष, अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के 41 रिक्त पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 26 अगस्त तक बढ़ाई गई है। बाल विकास परियोजना अधिकारी विपाशा भाटिया ने बताया कि पात्र उम्मीदवार निर्धारित दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की छंटनी के बाद साक्षात्कार 5 और 6 सितंबर को एसडीएम कार्यालय करसोग में होंगे। प्राकृतिक आपदा के कारण आवेदन व साक्षात्कार की तिथियां आगे बढ़ाई गई हैं। पात्रता में 18 से 35 वर्ष की आयु, हिमाचल की स्थायी निवासी होना, बारहवीं पास, और पारिवारिक वार्षिक आय 50 हजार से अधिक न होना शामिल है।

# सुंदरनगर की घांघल पंचायत में एचपी शिवा परियोजना लागू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर की घांघल पंचायत में एचपी शिवा परियोजना लागू होगी। उद्यान विभाग सुंदरनगर ने यहां 39 किसानों के लिए एकदिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया। उद्यान विकास अधिकारी अनुपमा मैहरा ने किसानों को फलदार पौधे वितरित किए और परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिंचाई सुविधा और 125 बीघा भूमि उपलब्ध होने पर परियोजना का प्रस्ताव शिमला भेजा जाएगा। परियोजना के तहत किसानों को टपक सिंचाई, पानी के टैंक, पंप हाउस, बोरवेल, मशीनरी, उर्वरक व कीटनाशक उपलब्ध होंगे, साथ ही निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिविर में स्थानीय अधिकारी और प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

- **किसानों के लिए जागरूकता शिविर में फलदार पौधे वितरित**
- **परियोजना से मिलेगी सिंचाई, मशीनरी और प्रशिक्षण की सुविधा**

# मंडी में यात्रियों के लिए तैनात की मोबाइल चिकित्सा वैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

यात्रियों की सुविधा के लिए मंडी प्रशासन ने कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंडोह और औट के बीच दो मोबाइल चिकित्सा वैन तैनात की हैं।

इनमें चिकित्सक, फार्मासिस्ट और लैब अटेंडेंट उपलब्ध रहेंगे। औट में भी एक चिकित्सक व फार्मासिस्ट तैनात हैं। बचत भवन, हनोगी टनल के पास और बाबा बालक नाथ मंदिर पंडोह में राहत शिविर बनाए गए हैं, जहां भोजन, पानी और ठहरने की निशुल्क व्यवस्था है। प्रशासन ने फंसे यात्रियों तक भोजन और पानी पहुंचाने की सुविधा भी प्रदान की है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व लोक निर्माण विभाग प्रभावित इलाकों से मलबा हटाने व सड़क बहाली में जुटे हैं। भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर यातायात सिंगल लेन में चल रहा है। पुलिस और राजस्व विभाग यातायात नियंत्रण में लगे हैं। पर्यटन विभाग के होटल संचालकों को यात्रियों को निशुल्क शौचालय सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं।


# अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं, भावना शर्मा,** पत्नी श्री गगनदीप शर्मा, निवासी वार्ड नंबर 01, वीपीओ लोहना, बंदला, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश 176061 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम भावना से बदलकर भावना शर्मा कर लिया है। भावना और भावना शर्मा एक ही महिला हैं। कृपया सभी लोग इस बात का ध्यान रखें।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मून्दला
विकास खंड रैत, तह. शाहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मून्दला में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुर्सियों, वाटर कूलर व गद्दों, पानी की टंकी हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जानी है। अतः इच्छुक सप्लायर दिनांक 25/08/2025 तक ग्राम पंचायत मून्दला के कार्यालय में डाक के माध्यम से भेजने की कृपा करें। उक्त निविदाएँ दिनांक 28/08/2025 को पंचायत के कार्यालय में कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। सामान की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। कुटेशन को स्वीकृत व रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत मून्दला**
**विकास खंड रैत, तह. शाहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**व अदालत सहायक समाहर्ता एव तहसीलदार तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा (हि.प्र.)** मिसल नम्बर 4/ तहसील/रीडर/2024
तारीख पेशी 30-8-2025
ईब्राहिम पुत्र गुलाब मुहम्मद निवासी मुहल्ला/गाँव राख परगना कलन्द्रा तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.) ......प्रार्थी

**बनाम**

[1] ईब्राहिम पुत्र गुलाब दीन [2] अब्दुल करीम पुत्र गुलाब [3] ईसराईल पुत्र गुलाबदीन [4] शफी पुत्र गुलाबदीन [5] कासम दीन पुत्र इसमाईल [6] हसन दीन पुत्र इसमाईल [7] गुलाम रसूल पुत्र अब्दुल्ला [8] गुलाम नवी पुत्र अब्दुल्ला [9] राजवली पुत्र अब्दुल्ला [10] जमीला पुत्री अब्दुल्ला [11] सपुरा पुत्री अब्दुल्ला [12] जैनम पुत्री अब्दुल्ला [13] शीना पुत्री अब्दुल्ला [14] खतीजा पत्नी अब्दुल्ला [15] गुलाम नवी पुत्र यूसफ [16] कासम पुत्र नूरबक्श [17] गुलाम रसूल पुत्र नूरबक्श [18] नूर बानो पुत्री नूरबक्श [19] नुरवी पुत्री नूरबक्श [20] अईसा पुत्री नूरबक्श [21] हुशन वानो पुत्री नूरबक्श [22] मूसा पुत्र जलालदीन निवासी मुहल्ला/गाँव रंडोला डाकघर राख परगंना कलन्द्रा तहसील व जिला चंबा [हि0प्र0] .....प्रतिवादीगण

अनुवान मुकद्दमा दरखास्त तकसीम भूमि जेर धारा 123 हि0 प्र0 भू-राजस्व अधिनियम 1954 वावत खाता/खतौनी नम्बर 70/82 खसरा नम्बर 531 किता 1 रक्वा तादादी 08-08-00 वीघा वाकया मुहाल राख जरेई परगना पंजला तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा [हि.प्र.]।

उपरोक्त अनुवान मुकद्दमा में आवेदक श्री ईब्राहीम पुत्र गुलाम मुहम्मद निवासी मुहल्ला/गाँव राख परगना कलन्द्रा तहसील सदर चंबा ने वाक्या मुहाल चम्बा राख जरेई के खाता खतौनी नम्बर 70/82 खसरा नम्बर 531 किता 1 रकवा तादादी 08-08-00 बीघा मुश्तरका भूमि की तकसीम वारा आवेदन किया है, जो की इस अदालत में विचाराधीन है। प्रतिवादीगण क्रम संख्या [7] गुलाम रसूल [8] गुलाम नवी [9] राजबली [10] जमीला [11] सपूरा [12] जैनम [13] सीना [16] कास्म [18] [19] नुरवी [20] आईशा [21] हुशनवानो [22] मूसा नो को इस न्यायालय के द्वारा वार-वार समन जारी करने उपरान्त भी नियमानुसार समन की तामील न हो रही है। अदालत को यकीन हो चुका है कि, उक्त प्रतिवादीगण को साधारण तरीके से समन की तामील होना संभव न है।

अतः प्रतिवादीगण क्रम संख्या [7] गुलाम रसूल [8] गुलाम नवी [9] राजबली [10] जमीला [11] सपूरा [12] जैनम [13] सीना [16] कास्म [18] [19] नुरवी [20] आईशा [21] हुशनवानो [22] मूसा को वजरिया ईश्तहार अखवारी आर्डर 5. रुल 20 जावता दीवानी सूचित किया जाता है कि, यदि प्रार्थी के प्रार्थना-पत्र पर कोई उजर व एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपनी आपति इस अदालत में दिनांक 30-8-2025 को सुबहः 10-00 बजे पेश कर सकता है। वसूरत गैर हाजरी हस्य जावता कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनाक 30-7-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायलय जारी हुये है।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी**
**सदर चम्बा जिला चम्बा हि0 प्र0।**

'उठो, जागो और तब तक न रुको, जब तब तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते।
-स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

## भ्रष्टाचार पर कड़ा वार

भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की जड़ों को खोखला करने वाला सबसे खतरनाक रोग है। यह वह घुन है जो व्यवस्था, समाज और अर्थव्यवस्था को भीतर से खोखला कर देता है। जिस देश की राजनीति और शासन व्यवस्था में भ्रष्टाचार गहराई तक समा जाता है, वहां न तो विकास संभव है और न ही जनकल्याण। भारत भी इस समस्या से लंबे समय से जूझ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, तो उसमें भ्रष्टाचार पर निर्णायक प्रहार करना स्वाभाविक और आवश्यक कदम है। इसी दिशा में केंद्र सरकार ने लोकसभा में ऐसे तीन अहम बिल पेश किए हैं जो भ्रष्टाचार और गंभीर अपराधों में लिप्त जनप्रतिनिधियों को सत्ता के गलियारों से बाहर करने का रास्ता तैयार करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन), जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) और 130वां संविधान संशोधन बिल पेश किए। इन तीनों का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कोई मंत्री किसी गंभीर आपराधिक मामले में गिरफ्तार होकर लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहता है, तो 31वें दिन उसे अपने पद से स्वतः हटा दिया जाए। अब तक ऐसी कोई संवैधानिक व्यवस्था नहीं थी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मामला इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिन्होंने जेल में रहते हुए भी पद नहीं छोड़ा। तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी भी 241 दिन जेल में रहे, लेकिन इस्तीफा नहीं दिया। यह स्थिति लोकतांत्रिक नैतिकता और सुशासन पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। सरकार का यह प्रस्ताव इसी कमी को दूर करने की कोशिश है। संविधान में अनुच्छेद 75, 164 और 239 मंत्रिपरिषद से जुड़े हैं, लेकिन इनमें किसी मंत्री को गिरफ्तारी और हिरासत के आधार पर हटाने का स्पष्ट प्रावधान नहीं है। यही कारण है कि 130वें संविधान संशोधन विधेयक के माध्यम से इन अनुच्छेदों में संशोधन की पहल की गई है। इसी तरह, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 और गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट 1963 में भी संशोधन लाकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों को जवाबदेह बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

यह कदम केवल कानून नहीं, बल्कि राजनीतिक जवाबदेही की मजबूत पहल है। जब शीर्ष संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्ति पर ही गंभीर आरोप लगेंगे और वे सत्ता का आनंद लेते रहेंगे, तो शासन व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। लोकसभा में विपक्ष ने इन विधेयकों का कड़ा विरोध किया। तर्क दिया गया कि यह संविधान की मूल भावना और न्याय की प्रक्रिया के खिलाफ है। विपक्ष का कहना है कि गिरफ्तारी मात्र से किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता और इस तरह का प्रावधान राजनीतिक प्रतिशोध का हथियार भी बन सकता है। विपक्ष ने मांग की कि इन विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाए और व्यापक चर्चा हो। विपक्ष की चिंता को समझा जा सकता है, क्योंकि लोकतंत्र में किसी भी कठोर कानून का दुरुपयोग संभव है, लेकिन यह भी सच है कि देश में सत्ता का दुरुपयोग करने वाले नेताओं की संख्या कम नहीं है। ऐसे में यदि स्पष्ट और पारदर्शी कानून न बने तो जनता का भरोसा व्यवस्था से उठ जाएगा।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की करप्शन परसेप्शन इंडेक्स रिपोर्ट बताती है कि भारत 180 देशों में 96वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत जैसे उभरते हुए लोकतंत्र और विश्व शक्ति बनने की आकांक्षा रखने वाले देश के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है। यदि हमें 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है तो शासन और राजनीति से भ्रष्टाचार की जड़ें काटनी होंगी। यह कड़वी सच्चाई है कि सत्ता में आते ही कई नेता इसे पैसा बनाने और लाभ कमाने का शॉर्टकट मान लेते हैं। उनके मन में यह मानसिकता होती है कि पांच साल का मौका मिला है तो जितना हो सके उतना बटोर लो। यह सोच न केवल लोकतंत्र को खोखला करती है, बल्कि जनता के भरोसे को भी तोड़ती है। विकास योजनाओं के नाम पर आने वाले करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं और जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसती रहती है। मोदी सरकार का यह कदम निस्संदेह ऐतिहासिक और दूरगामी है। भ्रष्टाचार पर प्रहार करने के लिए कठोर कानून बनाना समय की मांग है। हालांकि, यह भी जरूरी है कि कानून का दुरुपयोग न हो।

इसके लिए न्यायिक समीक्षा, संसद की निगरानी और मीडिया की स्वतंत्रता बेहद अहम होगी। सवाल यह नहीं कि विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है, बल्कि यह है कि क्या विपक्ष भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ खड़ा होगा? विरोध सिर्फ विरोध के लिए करना किसी भी राजनीतिक दल की विश्वसनीयता को घटाता है। मोदी सरकार ने जो पहल की है, उससे आने वाले समय में राजनीतिक नैतिकता और जवाबदेही की एक नई परंपरा स्थापित हो सकती है। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारतीय वैज्ञानिक

**शैलेश** नायक भारतीय वैज्ञानिक हैं। वह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राष्ट्रीय उन्नत अध्ययन संस्थान और विशिष्ट वैज्ञानिक के निदेशक हैं। वह अगस्त 2008-2015 के बीच पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन (ईएसएसओ) के अध्यक्ष और भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के सचिव थे। शैलेश नायक भारत में पृथ्वी आयोग के अध्यक्ष भी थे। उन्होंने 31 दिसंबर, 2014 और 11 जनवरी, 2015 के बीच इसरो के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने ईएसएसओ (मई 2006 से जुलाई 2008) के तहत एक स्वायत्त संस्थान, इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इंफॉर्मेशन सर्विसेज, आईएनसीओआईएस, हैदराबाद के निदेशक के रूप में भी काम किया है। उन्होंने हिंद महासागर में सुनामी और तूफान की लहरों के लिए एक अत्याधुनिक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित की। वह समुद्री जीआईएस की अवधारणा और विकास के लिए जिम्मेदार थे। शैलेश नायक ने संभावित मछली पकड़ने के क्षेत्रों, महासागर के पूर्वानुमान और भारतीय अर्गो परियोजना से संबंधित सलाहकार सेवाओं को बेहतर बनाने में उत्कृष्ट योगदान दिया। ■



शैलेश नायक
जन्म : 21 अगस्त, 1953

### कविता

## भारत की शान



हीरा सिंह कौशल, महादेव, सुंदरनगर, जिला मंडी

*नन्हें-मुन्ने हम हैं इस भारत की शान।*
*भारत का बढ़ाएंगे हरदम हम मान।।*
*तिरंगा है आन हमारी सबकी है जान।*
*बैर मिटेगा बनेगा वतन हिंदुस्तान महान।।*
*निराले संस्कार हैं यहां बनेंगे इसकी पहचान।*
*भोले मन हमारे गा रहें इसका मधुर गान।।*
*लहू से सींचेंगे इस धरा को बढ़ेगा इसका मान।*
*दुनिया में तेरे वैभव को दिलाएंगे सम्मान।।*
*दिल में बसे खूशबू हरदम हो तेरा ही गुणगान।*
*बाग-बगीचे, खेत-खलिहान कर रहे तेरा बखान।।*
*वतन की सलामती फूंक रही हर दिल में प्राण।*
*दिलों-जान कर देंगे हम तेरे लिए कुर्बान।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल प्रदेश आपदा में चिंतित, फिर सब मौन!

यह बात लाजिमी है कि आपदा कभी बता कर नहीं आती और न ही कोई सरकार आपदा लाती है, लेकिन कुछ तो कारण होंगे ही जिससे नदी-नालों के नजदीक तो नजदीक, पहाड़ों से लेकर मैदानों तक जंगलों से लेकर रिहायशी इलाकों तक शहरों में गांवों में हर जगह बादल फट रहे हैं, फ्लैश फ्लड आ रहे हैं।

2022 के बाद से तो मानो कुदरत हिमाचल को नक्शे से गायब करने पर ही आतूर हो गई हो, मगर हर चीज के लिए 'कुदरत का कहर' बोलकर हम सारा दोष प्रकृति पर नहीं डाल सकते, प्रकृति पर मानवीय कृतियों का भी योगदान है। हिमाचल जैसे हमारे छोटे से प्रदेश के लिए एक ही बरसात में सैकड़ों लोगों की जान चले जाना कोई आम बात नहीं है, हर वर्ष करोड़ों का नुकसान, क्या हिमाचल जान-माल की इस क्षति को वहन या भरपाई कर सकता है, बिलकुल भी नहीं, तो यह क्रम हर वर्ष ऐसा ही क्यों चलता आ रहा है, इसकी समस्या की जांच व समाधान की दिशा में सकारात्मक ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जाते।



ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल, मंडी (हि प्र)

आपदा आने पर नुकसान होने पर फौरी राहत या अन्य सहायता तो प्रदान की जा रही है, मगर समस्या की जड़, कारण पर कोई बात करने को क्यों तैयार नही है। आपदा तो कभी बता कर नहीं आती आज मंडी में आई है कल कांगड़ा और ऊना में भी आ सकती है, क्योंकि पानी का रास्ता कोई आज तक न रोक पाया है न रोक पाएगा। पहाड़ काटे जा रहे हैं ओर काट क्यूं रहे हैं जी चौड़ी सड़कें बनेगी, फिर क्या होगा, लोग कम समय में हिमाचल के पहाड़ों में पहुंच पाएंगे, मगर पहुंचेंगे कहां पहाड़ तो रहेंगे नहीं, पेड़ काट देगें, पहाड़ काट देंगे, नदियां मोड़ देंगे, नाले बंद कर देंगे, गाड़ियों के प्रदूषण से बर्फ के पहाड़ भी पिगल जाएगें फिर फोरलेन से कौन आएंगे। आपदाएं इस वर्ष आई तबाही मचाई, सबने चिंता जताई,10 दिन बाद सब वैसे ही,सब कुछ भूल गए और अगली बार याद आएगी फिर अगले वर्ष उसी समय जब फिर कई



मासूम लोग प्रलय के सैलाब में अपने प्राण गंवाएंगे, क्या मौतों से पहले इस पर चिंतन आवश्यक नहीं, इसके कारणों की जांच आवश्यक नहीं, क्या हिमाचलियों के जीवन का महत्व सड़कों और फोरलेन से कम है, क्या हिमाचल प्रदेश में विकास के लिए अपना 'सतत् हिमाचल अनुकूलित पहाड़ी मॉडल' तैयार नहीं हो सकता।

हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों का बारिक ज्ञान रखने वाले विशेषज्ञ व बुद्धिजीवियों का मार्गदर्शन क्यों नहीं लिया जा सकता। हिमाचल प्रदेश सरकार को भूगर्भ शास्त्रियों, पर्यावरण विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों की राय लिए बिना राज्य में किसी भी विकास परियोजना को अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि जब अनजान लोग,कंपनियां यहां काम करेगी, तो नींव हिलाई जाएगी आधार हिलेगा तो इमारत तो गिरेगी ही। हिमाचल प्रदेश में कई ऐसे निर्माण आज भी है जिन्हे हमारे बुजुर्गों और पुरखों ने बिना मशीनी सहायता के हाथों से बनाया था वो आज भी वैसे ही शान से टिके हैं, मगर आज एक सुरक्षा दीवार आज लगाओ अगले महीने वो गिर जाती है, फिर आधुनिक कौन हुए हमारे बुजुर्ग या तकनीक से काम करने वाले हम। हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को बचाने के लिए, यहां कि राज्य सरकार को फोरलेन वाली सड़कें बनाने के बजाय पुरानी सड़कों का उचित रखरखाव करके उन्हें आवागमन योग्य बनाना चाहिए, जल निकासी की सबसे बड़ी समस्या प्रदेश की सड़कों की है, सारा पानी सड़कों पर बहता है, मानों सड़क पर नहीं खड्ड में चल रहें हो, पहाड़ी शहरों में आने वाले पर्यटकों की संख्या भी निर्धारित की जानी चाहिए ताकि पहाड़ी क्षेत्रों की क्षमता के अनुसार वहां होटलों का निर्माण किया जा सके, सार्वजनिक परिवहन पर निर्भरता बढ़ानी चाहिए, क्योंकि हमारे हिमाचल के पहाड़ असंख्य गाड़ियों के भार को सहन करने वाले नहीं है। हिमाचल प्रदेश सरकार को आवश्यकता है कि अपनी पर्यावरणीय व भौगोलिक क्षमता के अनुसार ही राज्य में जलविद्युत परियोजनाएं स्थापित करनी चाहिए। यदि पर्यावरण संरक्षण को अभी भी प्राथमिकता नहीं दी गई, तो हिमाचल में भयंकर प्राकृतिक आपदाएं ऐसे ही आती रहेगी।

हर साल मौसम की मार व जख्म सह कर जख्मी हिमाचल एक बार फिर उसी चौराहे पर खड़ा नजर आता है, जहां एक ओर भौतिक विकास की लालसा है और दूसरी ओर प्रकृति का साफ आक्रोशित संदेश की अब भी नहीं संभले, तो कोई बात नहीं मैं समझाऊंगी, मैं अपने रास्ते खुद बनाऊंगी और वह रास्ते केवल और केवल प्रदेश को कभी न भुलाए जाने वाले जख्म, दर्द व विनाश की ओर ही ले जाएंगे। वो कहा जाता हैं न कि, सांप निकल जाने के बाद लकीर पीटने से कोई फायदा नहीं होता यही वास्तविकता इस समय प्रदेश की है। आपदा के बाद क्या किया जाएगा वो बाद की बात है, लेकिन आपदा आने से पूर्व इसके आने के संभावित खतरे को कैसे कम किया जाए, इसके लिए क्या तैयारी हो यह आज का महत्वपूर्ण प्रश्न है, जिसका जवाब हिमाचल प्रदेश को हर हाल में खोजना ही होगा, अन्यथा आने वाले समय में जिस प्रकार देश के सर्वोच्च न्यायालय ने संकेत दिया है कि,'स्थिती ऐसी ही रही तो हिमाचल प्रदेश एक दिन मानचित्र से विलुप्त हो जाएगा' ये शब्द भगवान न चाहे,सच हो जाएं। बरसात शुरू होते ही खबरें आना प्रारंभ हो जाती है कि आज इस क्षेत्र में स्कूल में पानी भर गया तो आज इस क्षेत्र का कॉलेज डूब गया, खतरा संभावित स्थानों पर अधिकतर सरकारी शिक्षण संस्थान देखने को मिलते हैं।

प्रदेश के कई विद्यालय व महाविद्यालय खड्डों-नदियों के पास बने हैं, आखिर ये उजड़ने के लिए बसने व निर्माण का कैसा मॉडल। क्या सरकार निर्माण करते समय नहीं सोचती की यह फल्ड जोन है, यहां कल को पानी भर सकता है। समस्त प्रदेशवासियों को अपनी देवभूमि हिमाचल को बचाने के लिए प्रयास व सहयोग करके स्थिति को संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है, अन्याथ स्थिति क्या हो सकती है, इससे कोई भी अनजान नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### नजरिया

# बहुपति विवाह परंपरा : एक सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोण

हाल ही में हिमाचल प्रदेश के सिरमौर ज़िले की एक शादी देशभर में चर्चा का विषय बनी, जिसमें दो भाइयों ने एक ही महिला से विवाह किया। भारत के अधिकांश हिस्सों के लिए यह असामान्य प्रतीत हो सकता है, लेकिन सिरमौर में कार्यरत एक सरकारी कर्मचारी के रूप में मुझे इस परंपरा को क़रीब से देखने और समझने का अवसर मिला। पहली बार इसके बारे में सुना तो आश्चर्य हुआ, लेकिन जब इसके ऐतिहासिक, सामाजिक और भौगोलिक पक्षों को समझने की कोशिश की, तो इसकी व्यवहारिकता और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि स्पष्ट होने लगी। बहुपति विवाह की यह परंपरा केवल सिरमौर तक सीमित नहीं है।



आशीष शर्मा
स्वतंत्र लेखक

हिमाचल के किन्नौर, लाहौल-स्पीति जैसे जनजातीय इलाक़ों में भी यह कहीं-कहीं देखने को मिलती है। उत्तराखंड के कुछ ज़िलों और नेपाल के दूरदराज़ के पर्वतीय क्षेत्रों में भी इसके उदाहरण हैं। इन क्षेत्रों की विशेषता यह रही कि ये लंबे समय तक बाहरी दुनिया से कटे रहे। कठिन जीवन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बीच सामाजिक संरचना को बनाए रखने के लिए इन समाजों ने ऐसे समाधान तलाशे, जिनसे परिवार और कृषि भूमि सुरक्षित रहे और श्रम शक्ति एकत्रित रह सके । पहाड़ों का भूगोल और जलवायु बेहद विषम रही है। पांच सौ वर्ष पूर्व की कल्पना कीजिए—यहां पहुंचना कितना कठिन रहा होगा। आज भी श्रीखंड महादेव यात्रा या चूड़धार ट्रैक जैसी कठिन यात्राओं में हर साल दुर्घटनाएं और मौतें होती हैं। ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में जीवन का मुख्य आधार कृषि, पशुपालन और भेड़-बकरी पालन था। यदि परिवार की कृषि योग्य भूमि भाइयों में बांट दी



जाती, तो प्रत्येक का हिस्सा इतना छोटा रह जाता कि जीवनयापन कठिन हो जाता। यही कारण था कि परिवार की एक महिला से कई भाइयों का विवाह कराकर न केवल भूमि का विखंडन रोका गया, बल्कि संयुक्त श्रम से परिवार की आर्थिक स्थिति को मज़बूती भी मिली।

इन समाजों में महिला की भूमिका भी उल्लेखनीय रही। सिरमौर और किन्नौर जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को सामाजिक व पारिवारिक निर्णयों में अग्रणी स्थान दिया जाता है। हर परंपरा का कोई न कोई सामाजिक कारण अवश्य होता है। मुस्लिम समाज में चार पत्नियों की अनुमति इसी संदर्भ में समझी जा सकती है। पैगंबर मोहम्मद के समय मक्का-मदीना व्यापारिक केंद्र था। संपन्न व्यापारी अनेक स्त्रियों को रखकर उनका शोषण करते थे। इसे सीमित करने और महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए चार पत्नियों तक की अनुमति दी गई।

इसी तरह, बहुपति विवाह को भी सामाजिक विकृति नहीं बल्कि परिस्थितिजन्य समाधान के रूप में देखना चाहिए। हिमाचल के कांगड़ा क्षेत्र में 'तरबट्टा' विवाह परंपरा रही। इसमें तीन परिवारों के बीच इस प्रकार संबंध स्थापित होते थे कि एक परिवार की लड़की दूसरे में, दूसरे की तीसरे में और तीसरे की पहले परिवार में जाती थी। इससे सामाजिक एकता बनी रहती थी और किसी एक परिवार द्वारा गलती करने पर बाकी दोनों परिवार विरोध कर सामाजिक संतुलन बनाए रखते थे। पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हिंदू, सिख और सिंधी समुदायों में अपने ही रिश्तेदारी में विवाह की परंपरा आज भी मिलती है। जब तक कोई प्रथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता या सामाजिक व्यवस्था को क्षति नहीं पहुँचाती, उसे सांस्कृतिक पहचान के रूप में देखा जाना चाहिए।

भारत की ताक़त उसकी सांस्कृतिक विविधता में निहित है। चाहे वेशभूषा हो, खानपान हो या विवाह परंपरा—हर क्षेत्र की अपनी विशिष्टता है। सिरमौर की बहुपति विवाह प्रथा कोई सामाजिक विकृति नहीं, बल्कि ऐतिहासिक व भौगोलिक परिस्थितियों से उपजा समाधान है। इससे समाज को कोई क्षति नहीं हो रही, बल्कि यह संयुक्त परिवार और संसाधन-साझेदारी की परंपरा को बनाए रखने का माध्यम रहा है।अंततः, किस प्रकार जीना है और किस तरह विवाह करना है—यह किसी भी समुदाय का निजी व सांस्कृतिक अधिकार है। हमें इसे सम्मानपूर्वक स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि विविधता ही हमारी राष्ट्रीय एकता की असली पहचान है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### अपनी बात

**प्राकृतिक** खेती एक ऐसी कृषि पद्धति है, जिसमें रासायनिक खादों और कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता। इसमें मिट्टी की उर्वरता को जीवित बनाए रखने के लिए गोबर, गौमूत्र, जैविक खाद, और देशी बीजों का प्रयोग किया जाता है। यह विधि न केवल किसानों की लागत को कम करती है, बल्कि उपज को स्वास्थ्यवर्धक भी बनाती है। प्राकृतिक खेती से भूमि की सेहत सुधरती है, जल संरक्षण होता है और पर्यावरण संतुलन बना रहता है। साथ ही, इससे किसानों की आमदनी में भी वृद्धि हो सकती है क्योंकि बाजार में जैविक उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। सरकार और समाज को मिलकर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि अगली पीढ़ी को स्वस्थ भविष्य मिल सके।

**-रमन कुमार, कांगड़ा**

# हिमाचल में लुप्त होते बांस (बेंज) से बने हस्त निर्मित उत्पाद

हिमाचल प्रदेश आज भी अपनी समृध्द परंपरा, संस्कृति और सभ्यता को अक्षुण्ण रखने में अग्रणी राज्य है। यहां के पारंगत स्थानीय परिधान, खानपान व रीति-रिवाज वर्तमान में भी अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं। प्रदेश की विविधता व हस्तकला कारीगरी से परिपूर्ण निर्मित स्थानीय परिधानों, साजसज्जा की अद्भुत चमक-दमक वाला समान प्रत्येक के मन को अपनी ओर आकर्षित कर देते हैं। इसी कड़ी में बांस (Bamboo) , जिसे स्थानीय भाषा में बैंज कहा जाता है से बनने वाली टोकरियां, डल, कीडणू, छत्तरोडू आदि आज भी देश-विदेश में अपनी कलात्मक महत्व को बनाए हुए हैं। पीढ़ियों से इस कार्य में संलिप्त निपुण कारीगरों, जिन्होंने इस क्षेत्र में महारथ हासिल की हुई, उनके द्वारा इस कला की विधि को मूर्तरूप देने की जितनी भी प्रशंसा की जाए, शायद कम कम होगी।



तुलसी राम डोगरा
पालमपुर

वास्तव में यही उनकी रोजी-रोटी का एक मात्र साधन भी है। आज तो बांस से सोफा-सेट, कुर्सियां, टेबल, घरों के ड्राइंग रूम को और आकर्षण देने वाले सजावटी समान और अन्य उत्पाद इुद्ध बनाए जा रहे हैं, जो कि मध्यम और उच्च वर्गों के ड्रॉइंग रूम की शोभा बनते जा रहे हैं। आज यह वस्तुएं प्रचलित होने के कारण बाजार में हाथोंहाथ तथा किफायती दामों पर बिक रही हैं, लेकिन बांस से अन्य बनने वालीं वस्तुओं का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा। कई दशक पहले हिमाचल प्रदेश के अनेक भागों में लोग बरसात के दौरान धनाभव के कारण बांसनुमा छत्तरी बनाकर उसमें मजबूती से पत्तल ढंककर, जिसे स्थानीय लोग छत्तरोडू से आज भी संबोधित करते थे, को ओढ़कर भीषण से भीषण बारिश से अपना बचाव करते थे। शादी-विवाह व अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में डल-टोकरू (टोकरी),पंद (चटाई), सूप्प (अनाज को साफ करने वाला),पंखी, झिकड़ू-जिडनू का प्रचलन काफी हुआ करता था। यही नहीं, शादी- विवाह में दुल्हन को विदा करते वक्त्त बांस से हस्त निर्मित टोकरी (छडोलू) में घी-तेल में तली पूरी, जो मोटी आकार की होती थीं तथा अन्य मिष्ठान डालकर उसे लाल कपड़े में, जिसे शुभ माना जाता था, से बांध कर दुल्हन को दिया जाता था। साथ ही कुछ हस्त निर्मित बांस की वस्तुएं भी विदाई के दौरान दी जाती थी। दशकों पूर्व कच्चे मकानों में रहने वाले निर्धन लोग लकड़ी के दरवाजे-खिड़कियों के अभाव में किडणी-किडणू का प्रयोग किया करते थे। इसके मध्य में एक मजबूत डंडा और रस्सी से से बांध कर दरवाजे-खिड़की के अंदर धकेल कर बंद किया जाता था।



यही उनकी गोशाला का भी सुरक्षा का कवच हुआ करता था। यही नहीं, अनाज भंडारण के लिए बड़े-बड़े पेडू (ड्रमनुमा)का इस्तेमाल किया जाता था और अनाज भी इसमें काफी समय तक सुरक्षित रहता था। इसके अलावा अनाज को मापने के लिए बांस से बने टोप्पो (पथ)का प्रयोग किया जाता था, इनसे यह अंदाजा लगाया जाता था कि उसमें अनाज कितना किलोग्राम (सेर)है। इन्हीं वस्तुओं में चंगैर, जो एक चकोर टाइप की होती है, आज भी इस राज्य के कई भागों में अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं, उसमें बेटी को शादी में दी जाने वाली सामग्री को सजाकर रखा जाता था, ताकि अतिथि भी उससे रू-ब-रू हो सके। हिमाचल प्रदेश के कई भागों में इसका प्रचलन आज भी यथावत है। जब बैलों द्वारा खेतों में जुताई की जाती थी, तो उनके मुंह में छीकानुमा(छिकडू) लगाया जाता था, ताकि वह हल चलाने के वक्त घास-फूस में मुंह न मार सकें व खेत की जुताई का कार्य निर्बाध चलता रहे। दूसरी ओर, जब कोई पौधा लगाया जाता था तो उसके संरक्षण के लिए गोलाकार बांस से निर्मित जिडनू लगाया जाता था, आज इसका विकल्प लोहे ने ले लिया है। घराट (अनाज पीसने का यंत्र) जो उस कालखंड में जल प्रवाह के दबाव से चलता था, उसमें एक ऑडी लगाई जाती थी जिसमें अनाज डाला जाता था, उसके माध्यम से अनाज दाना-दाना निकल कर चक्की के दोनों पाटों में जाकर पिस्ता था। उस समय इसी ऑडी से एक कर्णप्रिय ध्वनि निरंतर गूंजती थी। इन बांस से निर्मित उत्पादों का रखरखाव भी वह लोग बड़ी शिद्दत के साथ किया करते थे। उक्त सभी वस्तुओं को समय-समय पर बाहर से गाय के गोबर से लीपापोती करते थे, ताकि यह अधिक समय तक सुरक्षित रह सकें। कुछ दशक पहले, जब इन्हें बनाने वाले कारीगर इन्हें बेचा करते थे तो अधिकांश खरीददार लोग उसकी एवज में उन्हें अनाज मिला करता था दिया। बदलते परिवेश के चलते और थोड़ा समय परिवर्तन के उपरांत इन्हें पैसे मिलना शुरू हो गए। इन वस्तुओं को मूर्तरूप देने के लिए कारीगर को कड़ी मेहनत-मशक्कत करनी पड़ती थी। दूरदराज से कारीगर बांस को काटते थे और उस दोरान वाहन का साधन न होने के कारण उसे अपने कंधों पर ही उठाकर लाने का एकमात्र विकल्प था। बांस को चीरकर उसकी चौड़ी-चौड़ी व लंबी-लंबी पत्तियों को पानी में भिगोया जाता था ताकि उसमें लचीलापन आ जाए।

वस्तु को आकार देने के लिए आवश्यकता अनुसार बड़े और छोटे पैने दराट का प्रयोग किया जाता था। गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे परिवारों को इस(बांस) काम को करने के कम ब्याज दर पर ऋण तथा तकनीकी सहायता भी प्रदान की जानी चाहिए, वहीं अन्य सुविधाएं मुहैया कराईं जाएं, ताकि इस कार्य में लगे लोग पूरी तरह से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित होंगे, वहीं उनका उत्पाद अच्छे कीमत पर बिकेगा, फलस्वरूप जिसके इस कार्य में संलिप्त लोग पूर्णरूप से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगे, वहीं राज्य सरकार के खजाने में बेतहाशा राजस्व की वृद्धि होगी, ऐसा इन पंक्तियों के लेखक का मानना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कांग्रेस निर्वाचन आयोग के बजाए अपने संगठन को मजबूत करे

कांग्रेस पार्टी हाल के चुनावों के बाद बार-बार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाकर अपनी ही छवि धूमिल कर रही है। वोट चोरी जैसे शब्द न केवल करोड़ों मतदाताओं, बल्कि चुनाव कर्मियों की ईमानदारी पर भी सीधी चोट हैं।

1951-52 के पहले आम चुनाव से ही यह नियम है कि यदि कोई व्यक्ति दो बार मतदान करता है तो इसकी शिकायत शपथ पत्र के साथ निर्वाचन आयोग से की जा सकती है, मगर किसी पूरे तंत्र को चोर कहना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। विपक्षी गठबंधन बनाने के बावजूद कांग्रेस को केवल 99 सीटें मिलीं। यह संकेत है कि पार्टी को चुनाव आयोग पर आरोप लगाने की बजाय अपनी कार्यप्रणाली में सुधार की अधिक जरूरत है। यदि कांग्रेस किसी राज्य में जीतती है तो चुनाव आयोग पर भरोसा दिखता है, मगर भाजपा की जीत होते ही ईवीएम पर ठीकरा फोड़ना कहां तक न्यायोचित है? वास्तव में यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बढ़ते जनाधार और भाजपा के मजबूत संगठन को छुपाने का प्रयास भर लगता है। भारत के सफल लोकतंत्र की वजह यही है कि यहां निर्वाचन आयोग स्वतंत्र संस्था के रूप में काम करता है। पड़ोसी देशों में हुए चुनावों में जिस तरह धांधलियां, बैलेट पेपर बदलने की घटनाएं सामने आईं, उसने भारतीय चुनाव प्रक्रिया को और विश्वसनीय बनाया है। यही कारण है कि वहां की जनता ने भी भारतीय चुनाव प्रणाली की प्रशंसा की। छोटे-मोटे तकनीकी दोष के आधार पर आयोग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करना लोकतंत्र को कमजोर करता



सुखदेव सिंह
नूरपुर



है। कांग्रेस की राजनीति का स्वरूप बदलता दिख रहा है। अमेरिका की नीतियों या भारत की विदेश कूटनीति को संसद में हथियार बनाकर पार्टी केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक मज़बूत है, और समय-समय पर देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए राष्ट्रवाद की अलख जगाए रखता है। 2024 में भाजपा का 400 पार नारा उसे भारी पड़ा, परंतु इसके बावजूद 240 सीटें हासिल कर उसने केंद्र में एनडीए सरकार बना ली। इसके विपरीत कांग्रेस तमाम हथकंडे अपनाने के बावजूद केवल 99 पर सिमट गई।

चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने महिलाओं से यह वादा किया कि सरकार बनने पर उनके बैंक खातों में एक लाख रुपये डाल दिए जाएंगे। इसे जनता ने चुनावी रिश्वत के रूप में देखा और कई राज्यों में महिलाओं ने कांग्रेस कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन कर पैसे की मांग भी की। भाजपा ने इस मामले की शिकायत निर्वाचन आयोग से की थी। यदि आयोग सख्त दिखाता तो कांग्रेस की मुश्किलें और बढ़ सकती थीं। दरअसल, कांग्रेस लगातार जनता को गुमराह करने की कोशिश करती रही। आरक्षण और संविधान के खतरे की बात कहकर पार्टी ने गरीब और पिछड़े वर्ग को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया, मगर परिणाम इसके पक्ष में नहीं आए। भाजपा जहां 303 से घटकर 240 पर आ गई, वहीं कांग्रेस दो अंकों में ही अटकी रही। यह स्पष्ट करता है कि समस्या चुनाव आयोग नहीं बल्कि कांग्रेस संगठन की है।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह तो आया, लेकिन 10 गारंटियों का बोझ अब पार्टी के लिए संकट बन गया है। राज्य सरकार और संगठन में तालमेल की कमी साफ दिख रही है। कई विधायक भाजपा का रुख कर चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी पर भी सहमति नहीं बन पा रही। वीरभद्र सिंह परिवार की परंपरागत पकड़ को दरकिनार करना पार्टी में बगावत को जन्म दे सकता है। कांग्रेस के सामने सबसे बड़ा सवाल है कि 2029 के लोकसभा चुनाव तक वह खुद को किस रूप में पेश करेगी। केवल आरोप-प्रत्यारोप से कोई राजनीतिक पार्टी मजबूत नहीं होती। भाजपा की तरह बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना, जनता से जुड़ना और सकारात्मक एजेंडा सामने रखना ही उसके लिए आगे का रास्ता है। निष्कर्ष यह है कि कांग्रेस यदि सचमुच अपनी खोई साख वापस पाना चाहती है, तो उसे चुनाव आयोग पर बेबुनियाद आरोप लगाने की बजाय अपने संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और ज़मीनी मुद्दों पर काम करने की जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# न्यूज़ ब्रीफ

## जोगिंद्रनगर के खड़िहार में मकान गिरा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की खड़िहार पंचायत के वार्ड नंबर 3, मोल गांव में लगातार बारिश के कारण एक पक्का मकान जमींदोज हो गया है। गांव के निवासी विनय कुमार का पक्का मकान, जिसमें बाथरूम और टॉयलेट भी थे, पूरी तरह से ढह गया है। इस घटना ने अब विनय कुमार के पुराने मकान के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। मकान गिरने की यह घटना इतनी भयावह थी कि मलबे में घर के पिलर और लैंटर तक का पता नहीं चल रहा है। विनय कुमार और उनके परिवार ने इस आपदा में अपना सब कुछ खो दिया है। इस भूस्खलन ने गांव के कई अन्य परिवारों को भी खतरे में डाल दिया है। गांव के सुरेश कुमार, टेकचंद, राजकुमार, हेम सिंह, गंगाराम और नेक राम के मकानों और गौशालाओं पर भी खतरा मंडरा रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। खड़िहार पंचायत के प्रधान मनोहर लाल ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को तुरंत सूचित कर दिया है। उन्होंने प्रभावित परिवार के लिए तत्काल सहायता की मांग की है। राजस्व विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है और आगामी कार्रवाई में जुट गई है।

## चचेरे भाई पर मारपीट व गाली-गलौज का आरोप

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** थाना धनोटू के अंतर्गत मारपीट और गाली-गलौज का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी चचेरे भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता हरि सिंह, पुत्र धर्मी राम (उम्र 49 वर्ष), निवासी गांव हलेल, डाकघर कनैड, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम लगभग 8 बजे वह घर के बाहर थे। उसी दौरान उसका चचेरा भाई योगराज, पुत्र रघु, निवासी उसी गांव ने उसे बिना किसी वजह रोका और हाथ-पैर से मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उससे गाली-गलौज भी की, जिससे उसे मानसिक और शारीरिक कष्ट हुआ। शिकायत के आधार पर थाना धनोटू पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

## गंभीर बीमारी से पीड़ित को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल भराड़ी के निवासी विनोद कुमार, जो सिलाई का काम करते थे, गंभीर बीमारी के चलते फिलहाल काम करने में असमर्थ हैं। उनका उपचार चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण ब्राह्मण सभा ने उनकी मदद का संकल्प लिया है। विनोद कुमार की माता भी अस्वस्थ बीमार रहती हैं और उनके बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं। इस परिस्थिति को देखते हुए ब्राह्मण सभा के मुख्य सलाहकार जितेंद्र वशिष्ठ, प्रधान राकेश कौल और नवनीत शर्मा उनके घर पहुंचकर ब्राह्मण सभा की ओर से 21,000 रुपए की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया।

## राजीव गांधी की जयंती पर मनाया सद्भावना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी मंडी ने एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता चंपा ठाकुर ने की, जबकि पवन ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करने से हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने राजीव गांधी को एक दूरदर्शी, मिलनसार और अनुशासित नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने भारत को 21वीं सदी की सूचना एवं प्रौद्योगिकी की दिशा में अग्रसर किया। युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार दिलाने, पंचायती राज को सशक्त बनाने, और शहरी निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने जैसे ऐतिहासिक फैसले उन्हीं की देन हैं। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत किया। बैठक में आकाश शर्मा, कृष्णा टंडन, देवेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, योगेश पटियाल, प्रकाश कश्यप, भूप सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। डॉ. धरवाल ने बताया कि राजीव गांधी के कार्यकाल ने दूरसंचार, संगणक, मिसाइल तकनीक और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई। नवोदय विद्यालयों और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना ने ग्रामीण और मध्यमवर्गीय छात्रों को शिक्षा का नया अवसर दिया। वहीं, मतदान आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष करना युवाओं को लोकतांत्रिक भागीदारी का सशक्त माध्यम बना। डॉ. धरवाल ने कहा कि राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत में संगणक और दूरसंचार क्रांति की नींव रखी। पंचायतीराज को मजबूती और लोकतंत्र को गांव-गांव तक पहुंचाने का श्रेय भी उन्हें जाता है। इस अवसर पर सुरेंद्र ठाकुर, विकास सूद, पंकज ठाकुर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## डॉ. नरेंद्र के योगदान को किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी के गुरु गोबिंद सिंह वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और तर्कशील विकास समिति की ओर से युवा बचाओ एवं पर्यावरणीय चुनौतियों में वैज्ञानिक चेतना विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। सचिव गजेंद्र शर्मा ने युवाओं को नशे और गलत संगति से बचने तथा समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस भी मनाया गया, जिसमें डॉ. नरेंद्र दाभोलकर के योगदान को याद किया गया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाने की अपील की गई।

## मौसंबी पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश उपोष्ण कटिबंधीय बागवानी परियोजना (एचपी शिवा) के अंतर्गत मंडी सदर के बिनला क्लस्टर में उद्यान विभाग द्वारा क्लस्टर विस्तार के लिए मौसंबी पौधरोपण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक उद्यान मध्यक्षेत्र मंडी, डॉ. वीपी बैन्स ने की। उन्होंने बताया कि यह क्लस्टर वर्ष 2021 में प्रदर्शन क्लस्टर के रूप में लगभग 1 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित किया गया था। इस वर्ष क्लस्टर के विस्तार के तहत लगभग 7 हेक्टेयर क्षेत्र में 7,777 मौसंबी के पौधों का रोपण किया जा रहा है, जिसे इसी माह शीघ्र पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 50 बागवान उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उपनिदेशक उद्यान जिला मंडी डॉ. संजय गुप्ता, जिला समन्वयक सुंदरनगर डॉ. राजेश, विषय विशेषज्ञ उद्यान सदर डॉ. राकेश राणा, उद्यान विकास अधिकारी सदर डॉ. शिक्षा, क्लस्टर प्रधान बिनोद, सीएचपीएसए की टीम एवं क्लस्टर के बागवान उपस्थित थे।

## एनसीसी रैंक सेरेमनी में कैडेट्स सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन महाविद्यालय सरकाघाट में एनसीसी इकाई द्वारा दो भागों में भव्य समारोह आयोजित किया गया। पहले भाग में प्राचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार ने बी और सी सर्टिफिकेट प्राप्त कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित किए। दूसरे भाग में एनसीसी बटालियन मंडी से मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट कर्नल वेद भूषण खिलौरिया ने कैडेट्स को रैंक पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कैडेट्स को सीनियर अंडर ऑफिसर, अंडर ऑफिसर, क्वार्टर मास्टर सार्जेंट, सार्जेंट, कॉरपोरल और लांस कॉरपोरल की रैंक प्रदान की। समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कैडेट्स और उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रेरणादायक और अनुशासनपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## राजीव गांधी के योगदान को किया याद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर रणजीत सिंह गुलेरिया, अश्वनी गुलेरिया, पंकज नेगी, शशि ठाकुर, रणजीत (एडवोकेट), राजू पराशर, अनिल, तिलकराज, चंद्र राम, अशोक पटियाल, विनोद, आशीष गुलेरिया और सुमित सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का माहौल भावुक और प्रेरणादायक रहा।

## संजीव भाजपा के प्रदेश महामंत्री नियुक्त

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के ओएसडी एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष तथा वर्तमान भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य संजीव कटवाल को भाजपा ने प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। इससे इस क्षेत्र का राजनीतिक महत्व और बढ़ गया है। संजीव कटवाल ने हमेशा क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाई है। भाजपा नेतृत्व ने उनकी काबिलियत और कार्यशैली को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। संजीव कटवाल संधोल के स्वाड़ा गांव से हैं और प्रदेश की राजनीति में उनकी सक्रिय भागीदारी है। उनकी इस उपलब्धि पर संधोल के भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने खुशी जताई है और उन्हें बधाई दी है।

# दो नंबर का रेत-बजरी चाहिए तो वन विभाग की शिवद्वाला नर्सरी में आइए

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



**सरेआम हो रहा है अवैध खनन का कारोबार, प्रशासन और पुलिस बनी मूकदर्शक, ग्रामीणों ने सीएम से मांगी कार्रवाई**

**सरकाघाट।** सरकाघाट। प्रदेश सरकार चाहे अवैध खनन रोकने के कितने भी दावे करे, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। धर्मपुर के शिवद्वाला क्षेत्र में सोन खड्ड के किनारे बनी हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान की नर्सरी में रेत-बजरी के बड़े-बड़े ढेर खुलेआम डंप किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां से अवैध रूप से निकाली गई रेत-बजरी मौके मिलते ही बेची जाती है। माफिया ने खड्ड तक पहुंचने के लिए चोर रास्ते बना रखे हैं और दिनदहाड़े अवैध खनन जारी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह धंधा वर्षों से चल रहा है और इसमें विभागीय मिलीभगत भी शामिल है। ग्रामीण देशराज, बिहारी लाल, शिवराम, गोविंद राम सहित अन्य लोगों ने बताया कि माइनिंग विभाग का एक गार्ड, जो अब प्रमोट हो चुका है, ने लाखों रुपए की कमाई की है। यदि विजिलेंस जांच हो तो उसके पास से करोड़ों की बेनामी संपत्ति उजागर हो सकती है।

गंभीर बात यह है कि जिस क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है, वहां से मात्र सौ मीटर की दूरी पर वन विभाग के अधिकारी का घर स्थित है। नर्सरी में रेत-बजरी का डंप होना और खड्ड से खनन होना यह साबित करता है कि अधिकारी भी इस धंधे में शामिल हैं। प्रदेश उच्च न्यायालय ने अवैध खनन रोकने के लिए वन एवं खनन विभाग को विशेष शक्तियां दी थीं, लेकिन दोनों ही विभाग नाकाम साबित हुए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि खड्ड से निकाले गए बोल्डर करोड़ों रुपए में एनएच कंपनी को बेचे गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मांग की है कि अवैध खनन करने वालों के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### पुलिस कर रही कार्रवाई : डीएसपी

**डीएसपी** धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि अवैध खनन को लेकर पुलिस कई जगह छापेमारी कर रही है और कई चालान कोर्ट में पेश किए जा चुके हैं।

### किसी को बख्शा नहीं जाएगा : एसडीएम

**एसडीएम** धर्मपुर जोगिंदर पटियाल ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए वन विभाग, पुलिस सहित लगभग दो दर्जन विभागों को पूरी शक्तियां दी गई हैं, अगर सरकारी विभाग के नाक के नीचे ही खनन हो रहा है, तो विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए पुलिस दल को मौके पर भेजा जा रहा है।

# लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त फसलें तबाह, भूस्खलन से सड़कें अवरुद्ध

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** प्रदेशभर में जारी भारी बारिश के कारण लगातार भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं से लोगों में दहशत फैल गई है।

छोटा भंगाल और चौहार घाटी के किसान इस समय गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। यहां आलू, मूली, बंद गोभी और धनिया जैसी नकदी फसलें खेतों में तैयार खड़ी हैं, लेकिन अत्यधिक नमी और जलभराव के कारण फसलें निकालना मुश्किल हो गया है। बीज गलने और फसल सड़ने का खतरा बढ़ गया है। मंगलवार रात छोटा भंगाल घाटी में मुल्थान-बड़ाग्रां सड़क मार्ग पर सरला नाला के पास भारी भूस्खलन हुआ, जिसे लोक निर्माण विभाग ने बुधवार सुबह 10 बजे तक बहाल कर दिया। वहीं, बरोट-घटासनी मुख्य मार्ग पर डुगलू के पास पेड़ और भारी मलबा गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया था, जिसे दोपहर 2 बजे जेसीबी मशीन से खोल दिया गया। इस दौरान दो निजी और एक सरकारी बस सहित कई वाहन लगभग दो घंटे फंसे रहे, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई।



**ऊहल नदी का जलस्तर बढ़ा बरोट के बेराज गेट खोले**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट के समीप गिरे पेड़ों से कई किसानों की आलू की फसलें भी क्षतिग्रस्त हुईं। उहल, लंबाड़ग और सहायक नालों का जलस्तर बढ़ने से बरोट स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के बेराज गेटों में से तीन से चार गेट लगातार खुले रखे गए हैं। बेराज इंचार्ज कृष्ण कुमार ने बताया कि ऊहल नदी में 2512 क्यूसिक पानी आ रहा है, जिसमें से 1685 क्यूसिक छोड़ा जा रहा है और 827 क्यूसिक पानी शानन विद्युत परियोजना को भेजा जा रहा है।

# आपदा में राहत: सेवा भारती ने पांच प्रभावित परिवारों को पहुंचाई मदद




राहत सामग्री वितरण के दौरान सेवा भारती के सदस्य और स्थानीय लोग।

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** सेवा भारती की बंजार इकाई ने उपमंडल बालीचौकी के औट क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रविवार सुबह करीब 4 बजे औट के एक नाले में अचानक फ्लैश फ्लड आने से पांच परिवारों के घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

इन परिवारों को कंबल, तिरपाल, कपड़े, बर्तन, राशन किट और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। प्रभावित परिवारों में दौलत राम, संगत राम, गीतानंद, विजय कुमार और गोदा देवी शामिल हैं, जिनके घरों की पहली मंजिलें मिट्टी और गाद से भर गईं। इस आपदा में विजय कुमार और उनकी पत्नी विद्या देवी पानी में फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने खिड़की तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला। इसका कोई नहीं, उसकी सेवा भारती के आदर्श वाक्य को चरितार्थ करते हुए सेवा भारती ने इन पीड़ित परिवारों को न केवल ढांढस बंधाया बल्कि हरसंभव सहायता भी प्रदान की।

राहत सामग्री वितरण के दौरान सेवा भारती बंजार इकाई के अध्यक्ष हुक्म चंद, सेवा प्रमुख रामलाल, जिला प्रचारक जितेंद्र, खंड कार्यवाह घनेश, जिला समरसता प्रमुख मिनेराम, कुटुंब प्रबोधन संयोजक कुलदीप कुमार, रोहित, विशाल, सोनू और गिरीश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 2.54 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

## धनोटू पुलिस ने की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

थाना धनोटू पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान तरोट स्थित वर्षा शालिका के पास से एक युवक को 2.54 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पवन कुमार (34) पुत्र नंद लाल, निवासी गांव धनोटू, डाकघर महादेव, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना धनोटू की पुलिस टीम मंगलवार को गश्त पर थी। इस दौरान तरोट में स्थित वर्षा शालिका के पास संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। शक के आधार पर जब युवक की तलाशी ली गई, तो उसके पास से 2.54 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आगामी पूछताछ में यह पता लगाया जाएगा कि वह नशे की यह खेप कहां से लाया था और इसे आगे किसे सप्लाई करने वाला था। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि नशा तस्करी और नशे की खपत पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी और नेटवर्क का भंडाफोड़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### सुंदरनगर में अवैध पशु तस्करी का भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पशु तस्करी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर भवाणा टनल से पहले देहवी के पास खड़े एक कंटेनर से 17 बड़ी भैंसें और 8 छोटे कट्टे (कुल 25 मवेशी) बरामद किए हैं, जिन्हें ठूंस-ठूंसकर अवैध रूप से ढोया जा रहा था। इस मामले की सूचना रवि कुमार निवासी जड़ोल, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी ने पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही थाना सुंदरनगर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कंटेनर की तलाशी ली। जांच में सामने आया कि वाहन में सवार चालक और अन्य व्यक्ति बिना किसी वैध परमिट और दस्तावेजों के पशुओं को ले जा रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई है नसीम (42)पुत्र शरीफ अहमद, निवासी मोहल्ला गुलाम ओलिया, मंगोह खालसा, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश। मोहम्मद फैसल (30) पुत्र जमीर अहमद, निवासी मोहल्ला कुरेशियान, गंगोह, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश। इंतजार (32) पुत्र अख्तर, निवासी मस्जिद जोगिया, नकुर, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि प्रदेश में अवैध पशु तस्करी और क्रूरता पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# टिहरा की गुंजन आईजीएमसी से करेंगी पढ़ाई

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के टिहरा गांव की गुंजन अत्री आईजीएमसी शिमला से मेडिकल की पढ़ाई करेंगी। गुंजन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी ग्रुप से प्राप्त की, जबकि कक्षा 11 व 12 की पढ़ाई नवोदय विद्यालय, चंडीगढ़ से पूरी की। इसके बाद उन्होंने एक वर्ष की कोचिंग एलेन, पंचकूला से ली। नीट परीक्षा में गुंजन ने 536 अंक प्राप्त कर आईजीएमसी शिमला में अपनी सीट सुनिश्चित की। गुंजन के पिता राजेश अत्री रसायन विज्ञान के प्रवक्ता हैं, उनकी माता पूनम गृहिणी हैं और उनका भाई इंजीनियर है। गुंजन की इस उपलब्धि से उनके गांव व रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है। गुंजन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया।



# भारी बारिश के कारण एनएच बंद

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** लगातार हो रही भारी बारिश के कारण एनएच-154 (पधर-मंडी मार्ग) बिजनी के पास भारी मलबा आने से बंद हो गया है, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि सड़क खोलने में समय लगेगा, इसलिए छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। यात्री मंडी की ओर जाने के लिए साहल-गरलोग-कटिंडी मार्ग का उपयोग कर सकते हैं, जबकि पधर की ओर आने वाले वाहन कटिंडी-नगरोटा-पाली मार्ग से यात्रा करें। उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद इन मार्गों पर यातायात को एकतरफा (वन-वे) किया जाएगा, ताकि जाम न बने। एसडीएम ने बड़े वाहन चालकों से अपील की है कि वे फिलहाल सुरक्षित स्थान पर रुकें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पधर-डायना पार्क-कटिंडी रोड का निरीक्षण किया जा रहा है। यदि यह सुरक्षित पाया गया तो इसे भी खोला जाएगा। प्रशासन ने लोगों से जरूरत पड़ने पर ही यात्रा करने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

# जमीन धंसी, खतरे में बालीचौकी का जीरो चौक

## प्रशासन ने दो दर्जन दुकानें व मकान करवाए खाली, लगातार धंस रही जमीन

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** बुधवार सुबह हुई भारी बारिश के बाद बालीचौकी के जीरो चौक में स्थित शारश गांव की जमीन धंसने से पूरा क्षेत्र खतरे की जद में आ गया है। इससे जीरो चौक में स्थित छह मकानों और करीब दो दर्जन दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त मकानों और दुकानों को खाली करवाया और परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। कुछ देर के लिए इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया।

स्थानीय युवाओं ने मोर्चा संभालते हुए प्रभावित परिवारों की सहायता की और दुकानों का सामान सुरक्षित निकाला। फिलहाल, इन परिवारों और दुकानदारों को सड़क किनारे आश्रय लेना पड़ रहा है। शारश गांव की पहाड़ी से लगातार जमीन धंसने का सिलसिला जारी है, जिससे जीरो चौक की अन्य 30 इमारतें भी खतरे की चपेट में आ गई हैं। इन इमारतों में लगभग 50 दुकानें शामिल हैं।



### माणी में मकानों पर संकट, स्कूल भवन असुरक्षित

**बालीचौकी** उपमंडल मुख्यालय के निकट स्थित माणी गांव में भी हालात गंभीर हो गए हैं। यहां चार परिवारों के मकानों में दरारें पड़ गई हैं और जमीन धंस रही है। प्रभावित परिवारों में घनश्याम शर्मा, सूरजमणि, पुष्प राज और किशन सिंह ने अपने घर खाली कर दिए हैं। साथ ही, प्राथमिक पाठशाला माणी के भवन को भी असुरक्षित घोषित किया गया है। इसके अलावा, बालीचौकी-थाची सड़क मार्ग भी लगातार धंस रहा है, जिससे दोपहर से यातायात बंद कर दिया गया है। सड़क का करीब 50 मीटर हिस्सा पूरी तरह गिरने की कगार पर है।

शारश गांव का एकमात्र पैदल मार्ग भी ज़मीन धंसने से टूट गया है, जिससे गांव का संपर्क अन्य क्षेत्रों से कट गया है। यह रास्ता खलाओ, राही और धार जैसे गांवों को जोड़ता है। स्थानीय निवासी ठाकुर सिंह, योगेश और बालक राम ने प्रशासन से जल्द सुरक्षा उपायों की मांग की है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष यशवंत शर्मा ने प्रशासन से प्रभावित दुकानदारों को राहत प्रदान करने की अपील की है। एसडीएम बालीचौकी देवी राम ने बताया कि प्रभावित परिवारों को राशन और तिरपाल उपलब्ध कराए गए हैं तथा आगे भी हर संभव सहायता दी जाएगी।

# शतरंज चैंपियन प्रांजली शर्मा बनीं प्रशिक्षित विज्ञान अध्यापक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- **राष्ट्रीय पदक विजेता व सीनियर नेशनल आर्बिटर प्रांजली अब बच्चों को देंगी मार्गदर्शन**
- **मंडी की प्रांजली शर्मा शिक्षा विभाग में नियुक्त, शतरंज को भी बढ़ावा देंगी**

जिला मंडी की शतरंज चैंपियन प्रांजली शर्मा ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। सुंदरनगर निवासी प्रांजली ने प्रारंभिक से उच्च शिक्षा तक सरकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों से शिक्षा प्राप्त की है। तेज तर्रार प्रांजली कई बार राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिताओं की चैंपियन रह चुकी हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी हैं। प्रांजली हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम के साथ अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। वे एक रेटेड खिलाड़ी होने के साथ-साथ जिला मंडी की सीनियर नेशनल आर्बिटर भी हैं। हाल ही में उन्होंने विज्ञान स्नातक (नॉन मेडिकल) की डिग्री के साथ बीएड और टीईटी परीक्षा पास कर शिक्षा विभाग में प्रशिक्षित अध्यापक के रूप में नियुक्ति प्राप्त की है। वर्तमान में वे परास्नातक की पढ़ाई कर रही हैं और शतरंज को स्कूली स्तर पर बढ़ावा दे रही हैं। उनके भाई जतिन शर्मा भी एक उभरते हुए शतरंज खिलाड़ी हैं। उनके पिता राजकुमार शर्मा शिक्षा विभाग में इतिहास प्रवक्ता हैं, जबकि माता समाजसेवी और कुशल गृहिणी हैं। प्रांजली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई और वरिष्ठ आर्बिटर हंसराज ठाकुर को दिया। जिला मंडी शतरंज संघ ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



**कार्यक्रम** कुलपति चौधरी ने युवाओं को अनुशासन व समर्पण का दिया संदेश

# अभिलाषी विश्वविद्यालय में इस्कॉन का प्रेरक व्याख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अभिलाषी विश्वविद्यालय में इस्कॉन अनुयायी साहिल ठाकुर (आईआईटी स्कॉलर) एवं अनिल गुलेरिया (अतिरिक्त जिला अटॉर्नी) ने छात्रों एवं संकाय सदस्यों को संबोधित किया। यह प्रेरणादायी व्याख्यान भारतीय संस्कृति के गौरवशाली इतिहास, विविधता में एकता तथा उच्च शिक्षा और व्यक्तिगत विकास में अध्यात्म की रूपांतरणकारी भूमिका पर केंद्रित रहा। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता जैसे पवित्र ग्रंथों में निहित आध्यात्मिक मूल्य युवाओं को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य की ओर ले जा सकते हैं, उन्हें नशे और रैगिंग जैसी बुराइयों से दूर रख सकते हैं तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित सशक्त व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परंपराओं के सम्मान और समाज सेवा के साथ शिक्षा में संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। माननीय कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपने अनमोल समय का सदुपयोग अध्ययन, खेलकूद और ज्ञान अर्जन में करें। उन्होंने यह भी कहा कि हमें भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान करना चाहिए और संतों तथा भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को, जो पवित्र शास्त्रों में संरक्षित हैं, अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों पर गहरी छाप छोड़ी और उन्हें अपने शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन, करुणा और समर्पण के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने आयोजकों की सराहना की। इसके अलावा अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, सभी विभागों के डीन, डायरेक्टर, स्टाफ और छात्र भी मौजूद रहे।



अभिलाषी विश्वविद्यालय में इस्कॉन व्याख्यान के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं आयोजक।

## ढाबों पर ओवरचार्जिंग पर कड़ी निगरानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** डीसी मंडी अपूर्व देवगन के निर्देश पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमों ने मंडी जिले में 25 ढाबों का निरीक्षण किया और नियमों के उल्लंघन पर 12,000 रुपए के चालान किए। उन्होंने कहा कि ढाबों और रेस्तरां में पके भोजन, दही आदि पर अधिकतम खुदरा मूल्य तय हैं और उससे अधिक वसूली नियमों के खिलाफ है। फोरलेन बंद होने से ओवरचार्जिंग की शिकायतें बढ़ी हैं, जिन्हें रोकने के लिए दो विशेष निगरानी टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें मंडी से औट और नागचला क्षेत्र में नियमित गश्त करेंगी। यदि कोई यात्री ओवरचार्जिंग का शिकार होता है, तो वह एसडीएम या खाद्य विभाग के अधिकारियों अथवा जिला आपातकालीन संचालन केंद्र के टोल फ्री नंबर 1077 पर शिकायत दर्ज कर सकता है।

## जमीन धंसी, 9 परिवार सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल लांगना की पंचायत के नेरी कोटला गांव में लगातार भारी बारिश के कारण मंगलवार रात जमीन धंस गई। इससे कई मकानों की नींव हिल गई और ग्रामीण दहशत में आ गए। प्रशासनिक टीम में एसडीएम जोगिंद्रनगर और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। प्रभावित 9 परिवारों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया, जहां उन्हें स्थानीय घरों में अस्थायी ठहराया गया है। प्रशासन ने पुनर्वास तक किराया भी देने का भरोसा दिया है। कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने प्रभावितों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। ग्रामीण प्रशासन से पुनर्वास की पुख्ता व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं ताकि वे पुनः सामान्य जीवन जी सकें। प्रशासन ने राहत और आगे सहायता का वादा किया है।

## बल्ड टाइगर संस्था ने दो वर्षों में लगाए 53 शिविर

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** हिमाचल ब्लड टाइगर बैजनाथ महाकाल समाजसेवी संस्था ने मात्र दो वर्षों में 53 रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं और कई जरूरतमंदों को जीवनदान दिया है। अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने बताया कि संस्था न केवल रक्तदान बल्कि प्राकृतिक आपदाओं में भी राहत कार्य कर रही है। 26 अगस्त से बरोट पंचायत में तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान शुरू होगा, जिसमें अंतिम दिन सम्मान समारोह भी होगा। इसमें महिला मंडल, युवक मंडल, पत्रकार और समाजसेवी सम्मानित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा राहत : डेरा बाबा बड़भाग सिंह ने दिए 2.51 लाख

**अनंत ज्ञान, अंब।** मंडी जिले में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए समाजसेवियों व धार्मिक संस्थाओं का सहयोग लगातार मिल रहा है। इसी क्रम में डेरा बाबा बड़भाग सिंह की ओर से 2.51 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जिला प्रशासन को प्रदान की गई। डेरा प्रबंधक नरेश कुमार और कश्मीर सिंह ने ऊना के डीसी जतिन लाल को यह सहायता राशि भेंट की। उपायुक्त ने डेरा प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे योगदान समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हैं।गौरतलब है कि हाल ही में मंडी जिले में आई बाढ़ के कारण कई परिवार बेघर हो गए हैं और जन-धन की भारी हानि हुई है। इन पीड़ितों की मदद के लिए विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और स्वयंसेवी संगठन प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। डीसी जतिन लाल ने आम जनता से भी अपील की कि वे आगे आकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करें, ताकि प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द सामान्य जीवन में लौटने में सहायता मिल सके।

### करंट लगने से नेपाली मूल के व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** थाना हरोली के तहत लोअर बढेड़ा में करंट लगने से 40 वर्षीय नेपाल देश से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान अस्त कुमार निवासी नेपाल के रूप में हुई है, जो कि पिछले काफी समय से अजय कुमार के पास खेतों में कार्य करता था। हरोली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक अस्त कुमार बुधवार सुबह लोअर बढेड़ा में खेतों में घास काट कर लाया। इसके उपरांत घास काटने वाली मशीन से काम कर रहा था कि अचानक मशीन में करंट दौड़ गया और वह इसकी चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्लास्टिक की छोटी बोतल पर लगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** संतोषगढ़ नगर में 500 मिलीलीटर तक की प्लास्टिक पानी की बोतलों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। संतोषगढ़ नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी वर्षा चौधरी तथा सहायक अभियंता अर्श रतन ने बताया कि डीसी ऊना द्वारा नगर परिषद को पत्र जारी कर बीते दिनों सरकार की ओर से लिए गए इस फैसले को सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी किए गए हैं। 500 मिलीलीटर तक के आकार की पॉलीइथिलीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) पानी की बोतलों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हिमाचल प्रदेश को पॉलीथीन मुक्त हिमाचल बनाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के कुछ सामानों पर प्रतिबंध लगाने के बाद प्रदेश में 500 मिलीलीटर से कम की पीईटी बोतलों के इस्तेमाल पर 500 से 10 हजार रुपए तक जुर्माना लगेगा।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारक 31 तक करवाएं ई-केवाईसी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य कर दी है। सभी पेंशनधारकों को 31 अगस्त तक ई-केवाईसी करवाना आवश्यक होगा। जिला कल्याण अधिकारी ऊना, आवास पंडित ने बताया कि ई-केवाईसी की सुविधा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभाग द्वारा तैयार मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई है। इस प्रक्रिया के लिए लाभार्थियों को आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, पंचायत सचिव अथवा नगर निगम या स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र, वोटर कार्ड अथवा पैन कार्ड या 10वीं का प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और बैंक पासबुक की प्रति साथ लाना आवश्यक है। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पेंशन सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 8.3 लाख पेंशनधारक हैं, जिनमें से 70,096 ऊना जिले से संबंधित हैं। इनमें वृद्धावस्था, विधवा तथा विकलांग आदि पेंशनधारक शामिल हैं। जिला कल्याण अधिकारी ने स्पष्ट किया कि नई ई-केवाईसी प्रणाली से पेंशन वितरण प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी, सरल तथा समयबद्ध बनेगी। इससे पेंशन समय पर सीधे खातों में पहुंचेगी और कोई समस्या नहीं आएगी।

### 10वीं पास छात्रों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा 14 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उड़ान समूह के मुख्य संरक्षक योगराज भारद्वाज ने बताया कि उड़ान द्वारा 14 सितंबर को वार्षिक मैट्रिकुलेशन शैक्षणिक योग्यता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह उन छात्रों के लिए होगा, जिन्होंने वित्त वर्ष 2024- 2025 में 10वीं कक्षा 85 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अंकों के साथ पास की है अथवा गणित तथा विज्ञान विषय में कुल 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। इस टेस्ट में 50 प्रश्न गणित के, 30 प्रश्न सामान्य विज्ञान, 10 प्रश्न करेंट अफेयर्स तथा 10 प्रश्न सामान्य ज्ञान के होंगे। कोई भी छात्र 16 अगस्त से 9 सितंबरके मध्य में गूगल फॉर्म के लिंक की सहायता इस टेस्ट में प्रतिस्पर्धा हेतु बिना किसी शुल्क के आवेदन कर प्रतिभागी बन सकता है । इस टेस्ट का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंब, बीआरसीसी ऑफिस ऊना नजदीक ब्वॉय स्कूल ऊना तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाणा में होगा। इइस टेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 4100, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 3100 रुपए, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर 2100, पांचवां स्थान प्राप्त करने पर 1100 तथा 6 सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक 500 रुपए का प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए चयनित होने के लिए टेस्ट में कम से कम 60 प्रतिशत अंक लेना अनिवार्य होगा। इच्छुक विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 8511189178 अथवा 8580452234 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सुख आश्रय योजना की जानकारी देगी एनएसयूआई

**अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप कॉलेज अंब के एनएसयूआई छात्र नेताओं ने सुख आश्रय योजना को जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की। इस कड़ी में एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने सी डीपीओ कार्यालय अंब का दौरा किया और सीडीपीओ से मुलाकात कर योजनाओं से अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों को जोड़ने को लेकर गंभीर चर्चा की। इस अवसर पर एनएसयूआई के कॉलेज अध्यक्ष शिवम् भाटिया ने कहा कि संगठन का उद्देश्य न केवल सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है, बल्कि उन योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई निरंतर इस दिशा में कार्य करता रहेगा और किसी भी जरूरतमंद बच्चे को योजनाओं से वंचित नहीं रहने देगा। प्रतिनिधिमंडल में मानविक मोदगिल, नितिन, दीपक, कृष, नवीन, अभय सहित कई छात्र मौजूद रहे। एनएसयूआई छात्रों की यह पहल समाज में जागरूकता बढ़ाने और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को मजबूती देने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# स्वां नदी में प्रलयकारी बाढ़, करोड़ों का नुकसान

## 1988 वाला दिखा दोबारा अवतार; बह गए कई मवेशी, ट्रेनों का आवागमन रुका

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



डीसी जतिन लाल गाद से भरे रास्ते को पार कर बारिश से प्रभावित परिवार से मिले।

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में बुधवार को मूसलाधार बारिश हुई, जिससे ऊना की स्वां नदी में आई प्रलयकारी बाढ़ से निजी और सरकारी करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान हो गया, साथ ही दर्जनों झुग्गी बस्तियों और दर्जनों मवेशी स्वां की लहरों में समा गए। बारिश का ऐसा रूप था कि ऊना में भी जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। दर्जनों सड़कों का अस्तित्व मिट गया, जबकि बिजली और पानी की योजनाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। वर्ष 1988 के बाद यह पहला मंजर था, जिसमें एक साथ पूरे जिले में हाहाकार मच गया।

हालात ऐसे थे कि बारिश के वजह से जल थल एक हो गए। यहां पर लोगों के घरों के अलावा, सरकारी दफ्तर में भी पानी घुस गया। आलम यह हुआ कि जिला मुख्यालय ऊना स्थित इंडस्ट्री विभाग और उद्योग विभाग सहित स्कूल परिसर भी जलमग्न हो गए। भारी बारिश के चलते गगरेट और अंब में स्कूल और कॉलजों को बंद कर दिया गया। दरअसल, बुधवार सुबह सुबह ऊना जिले में मौसम ने करवट ली। ऊना शहर के मुकाबले गगरेट और अंब में भयानक बारिश हुई और नंगल से ऊना के लिए दो पैसेंजर ट्रेनें रद्द कर दी गईं, जबकि ऊना से आगे के लिए सारवरमती एक्सप्रेस को भी कैंसिल कर दिया गया।

उधर, उपमंडल अंब के तहत राजकीय माध्यमिक पाठशाला टकराला में बारिश का पानी घुस गया। स्कूल के सभी कमरों में लगभग दो फुट तक पानी भरने से रिकॉर्ड भी खराब हुआ है। स्वां नदी में ऊफान के चलते कुछ भैंसे भी बह गईं। ऊना के हरोली से विधायक और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से हरोली विधानसभा क्षेत्र सहित जिलेभर के कई क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

**भारी बारिश के बाद नदी के अंब का हाल :** नदी–नाले उफान पर हैं और कुछ स्थानों पर घरों में पानी घुसने की चिंताजनक सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं तथा हालात पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस बीच 52 करोड़ की लागत से बन रहा 'पंडोगा–त्यूड़ी' पुल भी जलस्तर के तेज बहाव में आ गया है।

**अंब और गगरेट में सबसे अधिक नुकसान :** ऊना जिले में बुधवार को अंब और गगरेट में सबसे अधिक पानी बरसा। कई संपर्क मार्गों पर पानी भर गया है और जगह–जगह जलभराव से मुश्किलें बढ़ गई हैं। अंब का कोर्ट परिसर, बस स्टैंड अंब की मार्केट, पुलिस थाना अंब, कस्बे के वार्ड एक सहित कई घरों में पानी घुस गया। उपमंडल गगरेट के तहत भी कई जगहों पर जलभराव हुआ है। ऊना शहर के मुकाबले गगरेट और अंब में भयानक बारिश हुई।

### कहां कितना पानी बरसा

जिले के अकेले भरवाईं क्षेत्र में 68 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह आंकड़ा सुबह 11 बजे तक का था, जबकि शेष जिले में भी 34 मिलीमीटर बारिश दर्ज किए जाने की खबर है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि जिले में लगातार बारिश का दौर जारी है और फिलहाल मौसम के साफ होने की कोई संभावना नहीं जताई गई है।

# स्कूलों में बच्चों को अवकाश, कई अध्यापक मुश्किल से पहुंचे स्कूल

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



पानी के बीच से स्कूल जाता अध्यापक।

**अंब ।** ऊना जिले में सुबह से जारी भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जगह–जगह जलभराव और उफनते खड्डों व नालों ने खतरे की घंटी बजा दी है। हालात को गंभीरता से लेते हुए जिलाधीश जतिन लाल ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी।

हालांकि, बच्चों को तो राहत मिल गई, लेकिन शिक्षकों को स्कूल पहुंचने के निर्देशों के चलते कई अध्यापक अपनी जान जोखिम में डालकर उफनती खड्डों और नालों को पार करते हुए स्कूल पहुंचे। कुछ क्षेत्रों में रास्ते पूरी तरह अवरुद्ध हो चुके हैं, फिर भी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी निभाने से पीछे नहीं हटे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे आपातकालीन हालात में शिक्षकों के लिए भी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों में और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है।

### कुठेड़ा–जसवाला गांव का संपर्क रास्ता टूटा



**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** कुठेड़ा–जसवाला गांव में भारी बारिश के चलते गांव को मैन रोड से मिलने वाला शिव मंदिर के नजदीक रास्ता पूरी तरह से ही टूट चुका है, जिससे आम लोगों को आने जाने में दिक्कत हुई। मार्ग टूट जाने से स्कूल बस काफी देर तक फंसी रही। लोगों का कहना है कि इस रोड को कोई पक्का समाधान नहीं किया जा रहा है, जो कि बरसात में तीन–चार बार टूट चुका है। इस कारण किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# तेज बारिश से उत्पन्न चुनौतियों पर सरकार सतर्क : उपमुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना जिले में मूसलाधार बारिश से उत्पन्न हालात पर सरकार पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए जिला प्रशासन को राहत, बचाव और बहाली कार्यों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि पिछले कई घंटों से जारी भारी वर्षा ने जिले में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। नदी–नाले उफान पर हैं और कई स्थानों पर घरों में पानी घुसने की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। लगातार बारिश से सरकारी एवं निजी संपत्तियों को नुकसान हुआ है और विकास परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं।

इस बीच ऊना के डीसी जतिन लाल ने बताया कि जिला प्रशासन का पूरा अमला फील्ड में सक्रिय है। लोनिवि, नप, जलशक्ति, बिजली और स्वास्थ्य सहित सभी विभागों की टीमें राहत, बचाव और बहाली कार्यों में युद्धस्तर पर जुटी हैं।

# नाले का पानी आने से टकारला स्कूल के सभी कमरे डूबे, रिकॉर्ड हुआ खराब



राजकीय माध्यमिक पाठशाला टकारला में दो फुट तक पानी आ गया।

**हीना पठानिया, बड़ूही ( ऊना )**

उपमंडल अंब के तहत राजकीय माध्यमिक पाठशाला टकारला पानी में डूब गई। स्कूल के पास से बहने वाला बड़ा नाला उफान पर आने से उसका पानी सीधे स्कूल में घुस गया। स्कूल परिसर में करीब 2 फुट तक पानी खड़ा हो गया। पानी घुसने से स्कूल का कुछ अहम रिकॉर्ड भी खराब हो गया।

हालांकि स्कूल स्टाफ ने तुरंत मोर्चा संभाला और रिकॉर्ड को सुरक्षित जगह शिफ्ट करने की कवायद शुरू कर दी। इस बीच प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी की अधिसूचना जारी की गई थी, बावजूद इसके टकारला स्कूल में कुछ बच्चे मौजूद पाए गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि भविष्य में बच्चों की पढ़ाई और उनकी सुरक्षा खतरे में न पड़े क्योंकि यह कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

स्कूल प्रिंसिपल अनिल बक्शी ने कहा कि हमें सुबह करीब 8.30 बजे सूचना मिली कि जिलाधीश ने सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी है। इसके बाद हमने तुरंत अभिभावकों को सूचित किया, लेकिन कुछ बच्चे पहले ही पहुंच जाते हैं, जिन्हें सुरक्षित उनके घर भेजा जा रहा है। हमारी प्राथमिकता बच्चों की सुरक्षा है।

# तटीकरण टूटा, टकारला गांव पर मंडराया खतरा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )**



भारी बारिश के बाद गारनी खड्ड ने धारण किया विकराल रूप।

उपमंडल अंब के तहत टकारला पंचायत से सटी गारनी खड्ड ने बुधवार को विकराल रूप धारण कर लिया। तेज बहाव के चलते खड्ड के दोनों ओर किए गए तटीकरण में से टकारला पंचायत के गांव शिव नगर बड़ूही से ऊपर टकारला की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग सुरंग से पहले तटीकरण पूरी तरह से बह गया। इसके चलते साथ लगते गांव शिव नगर और संपर्क सड़क पर गंभीर खतरा मंडरा गया है।

गांव में लगभग एक हजार की आबादी रहती है, जो अब लगातार डर के साए में जीने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि एक और तेज बारिश हुई तो पानी टूटे हुए तटीकरण से सीधे गांव में घुस जाएगा, जिससे बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। टकारला गांव के निवासी राज शर्मा, तरलोक चंद और वेद प्रकाश ने बताया कि उनके घर टूटे हुए तटीकरण के ठीक दूसरी ओर स्थित हैं। ऐसे में वे हर वक्त खड्ड के बढ़ते बहाव से भयभीत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि खड्ड किनारे सड़क पर लगे विशाल पीपल के पेड़ का अट्याला भी पानी अपने साथ बहाकर ले गया है, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। इस संदर्भ में पंचायत प्रधान ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। प्रधान और ग्रामीणों ने कहा कि गांव व सड़क को बचाने के लिए तात्कालिक कदम उठाने आवश्यक हैं। यदि समय रहते अस्थायी सुरक्षा कार्य न किए गए तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

इस संबंध में तहसीलदार अंब नरेश पटियाल ने बताया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया है। उन्होंने कहा कि मैंने पटवारी और कानूनगो को मौके पर भेजने के आदेश दे दिए हैं। पूरी स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी और संबंधित विभाग को तुरंत सूचित किया जाएगा।

खड्ड के बढ़ते बहाव और टूटे तटीकरण के खतरे को ध्यान में रखते हुए अस्थायी तौर पर सुरक्षा कार्य भी शीघ्र शुरू किए जाएंगे। प्रशासन की प्राथमिकता गांव और सड़क को सुरक्षित करना है, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभागीय स्तर पर कार्यवाही में तेजी लाई जाएगी और समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

# भारी बारिश के चलते टकोली में बिजली के दो पोल गिरे



पोल गिरने से मकान पर बिजली की तारें गिर गईं, पर बिजली न होने से हादसा टल गया।

**अनंत ज्ञान, जोल**

भारी बारिश के चलते टकोली पंचायत में आबादी किशोर राणा के घर पास दो बिजली के पोल गिर जाने के चलते बिजली की तारे मकानों पर गिर जाने के चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

जानकारी के अनुसार इस कारण इन पोल पर लगी तारें मकानों के ऊपर गिर गईं और गनीमत यह रही कि उस समय समय बिजली की आपूर्ति बंद थी नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीण किशोर राणा ने बताया कि भारी बारिश के चलते जब यह पोल गिरे तो उस समय सभी लोग घर पर ही थे और यदि उस समय बिजली की आपूर्ति चालू होती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था । ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मांग की है की शीघ्र ही इन पोल को ठीक कर बिजली आपूर्ति चालू की जाए।

वहीं, चौकीमन्यार के कनिष्ठ अभियंता रजत कुमार ने बताया कि टकोली में दो पोल झुकने के चलते बिजली की तारे मकानों को छू रही और जैसे ही बारिश रुकती है इसे ठीक करवा दिया जाएगा ।

# कुटलैहड़ में भारी बारिश से 45 करोड़ का नुकसान

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान आपदा पर हुई चर्चा में अपने क्षेत्र की स्थिति का विस्तृत ब्यौरा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बरसात के मौसम में कुटलैहड़ में अब तक करीब 45 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। इस प्राकृतिक आपदा ने क्षेत्र की आम जनता की आजीविका, मकान, पशुधन और मूलभूत ढांचे को गहरी क्षति पहुंचाई है।

विधायक ने जानकारी दी कि 60 से अधिक रिहायशी मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं, जबकि 90 से ज्यादा पशुशालाएं भी बारिश की भेंट चढ़ चुकी हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र की अनेक सड़कों, पुलों और संपर्क मार्गों को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे आवागमन में दिक्कतें बढ़ गई हैं।

**गलत प्लानिंग से बढ़ा नुकसान :** विवेक शर्मा ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में सड़क निर्माण में लापरवाही और गलत योजना के चलते बारिश का पानी



**विधायक विवेक शर्मा ने विस में रखा विस्तृत ब्यौरा**

लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया, जिससे जन–धन का नुकसान और अधिक बढ़ा। उन्होंने इसे प्रशासनिक स्तर पर गंभीर चूक बताया और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

**मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना :** विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए 100 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज जारी किया है। इसके अंतर्गत पूरी तरह से नष्ट हुए मकानों के लिए 7 लाख, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 5 लाख और 3 लाख रुपऐ की सहायता राशि दी जा रही है। उन्होंने विपक्ष से भी अपील की कि आपदा जैसे गंभीर मसलों पर राजनीति न करते हुए, मुख्यमंत्री और सरकार के प्रयासों में सहयोग करें।

**कुटलैहड़ की सामाजिक एकजुटता की मिसाल :** विधायक ने बताया कि जब हाल ही में मंडी जिले में आपदा आई थी, तो कुटलैहड़ के डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम और अन्य सामाजिक संगठनों ने आगे आकर पीड़ितों के लिए 11 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और राशन किटें मुख्यमंत्री राहत कोष में भेजी थीं। यह कुटलैहड़ की सामाजिक जागरूकता और संवेदनशीलता का परिचायक है।

**बढ़साला पुल के पुनर्निर्माण की मांग :** उन्होंने सदन के माध्यम से विशेष रूप से बढ़साला पुल के पुनर्निर्माण की मांग उठाई, जो हाल ही में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि पुल के टूटने से क्षेत्र की बड़ी आबादी प्रभावित हुई है और लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**आपदा राजनीति नहीं, मानवता का विषय :** विवेक शर्मा ने कहा कि आपदा किसी राजनीतिक विचारधारा या दल को नहीं देखती, यह सीधे जनता के जीवन और संसाधनों को प्रभावित करती है। इसलिए सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए और पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से आपदा प्रभावित इलाकों में त्वरित राहत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू करने की अपील की।

### उत्तराखंड को राहत, हिमाचल नजरअंदाज क्यों?

**विधायक** विवेक शर्मा ने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि जब उत्तराखंड में आपदा के समय हजारों करोड़ रुपए का राहत पैकेज जारी किया जा सकता है, तो हिमाचल प्रदेश के लिए वैसी ही मदद क्यों नहीं दी जा रही? उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार आपदा प्रभावित राज्यों के साथ भेदभाव करेगी तो हिमाचल के पीड़ितों की मदद कैसे संभव होगी?

**कहर** गगरेट में फटा अंबर का सीना, दुकानें, रिहायशी मकान व एसडीएम कार्यालय भी हुआ जलमग्न, प्रशासन राहत कार्यों में जुटा

# गगरेट कस्बे की सड़कों ने धारण कर लिया नालों का रूप, करोड़ों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश को गहरे जख्म दे रहा बरसात का मौसम इस बार उपमंडल गगरेट को भी अपनी गहरी निशानी दे गया। बरसात के मौसम में बुधवार को बादल का सीना गगरेट के ऊपर इस कदर फटा कि कुछ ही देर में समूचा गगरेट जल–थल हो गया। कस्बे के बीच से निकलने वाले बरसाती नाले इस कद्र उन्माद से भरे कि कुछ ही देर में कस्बे की मुख्य सड़कों ने नालों का रूप धारण कर लिया। इसकी जद में कई दुकानें, रियाहशी मकानों सहित एसडीएम कार्यालय भी आ गया।

भारी बारिश के चलते कई सड़कें बंद हो गई। जिन्हें लोक निर्माण विभाग की टीम ने बुधवार देर सायं तक बहाल कर दिया जबकि जल शक्ति विभाग की पच्चीस के करीब पेयजल व सिंचाई योजनाएं प्रभावित हो गई। डंगोह में एक गोशाला के गिर जाने से एक भैंस मर गई तो एक भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। लोक निर्माण विभाग को बुधवार की बरसात ने एक करोड़ रुपए की चपत लगाई है तो जल शक्ति विभाग को करीब तीन करोड़ रुपए के नुकसान के साथ स्वां नदी तटीकरण को भी आठ करोड़ रुपये की चपत लगी है।



तेज बारिश ने कस्बे की मुख्य सड़कों ने नालों का रूप धारण कर लिया।

सड़कों पर आया बरसाती पानी दुकानों में जा घुसा, जिसके चलते व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। भरवाई रोड पर विकास शर्मा, प्रदीप बिल्ला, जीत कुमार, रिशु पुरी, संजीव व ऊना रोड पर किशन सिंह, सुरिंदर कुमार सहित कई व्यापारियों की दुकानों में बरसाती पानी के जा घुसने से लाखों रुपऐ का नुकसान हुआ है। बरसाती खड्डें इतनी उफान पर थीं कि कलोह पुल में प्रवाह प्रभावित होने के चलते खड्ड का पानी पुल के ऊपर से निकल गया, गनीमत यह रही कि तमाम पुल सुरक्षित रहे।

**कलोह बेली में प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में घुसा पानी :** कलोह बेली में प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में बरसाती पानी घुस जाने से प्रवासी मजदूरों का राशन सहित सारा सामान खराब हो गया। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए न सिर्फ प्रवासी मजदूरों को राशन वितरित किया बल्कि अस्थाई तौर पर उन्हें रैन बसेरा गगरेट में छत भी उपलब्ध करवाई है।

**बछड़ों का प्रशासन ने किया रेसक्यू :** तेज बहाव के बीच शिवबाड़ी के समीप छोटे पुल के साथ दो बछड़े पानी के तेज बहाव में फंस गए। इस बीच बरसात के नुकसान का आकलन करने निकले एसडीएम सौमिल गौतम की उन पर नजर पड़ गई। उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को मौका पर बुलाया और राजस्व कर्मियों के सहयोग से बछड़ों के रेस्क्यू आपरेशन के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल कर मां चिंतपूर्णी गौशाल ट्रस्ट की गोशाला में दोनों को आश्रय दिया गया है।

**विधायक राकेश कालिया ने शिमला से रखी नजर :** विधानसभा सत्र के चलते विधायक राकेश कालिया शिमला में थे लेकिन गगरेट में हुई भारी बरसात के चलते वह लगातार प्रशासन के संपर्क में रहे और राहत व बचाव कार्यों की पल–पल की जानकारी लेते रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी तत्काल सड़कों को बहाल करने के निर्देश दिए। यही नहीं बल्कि गगरेट में हुए नुकसान को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को भी अवगत करवाया।

**नुकसान का किया जा रहा आकलन :** एसडीएम सौमिल गौतम ने कहा कि बरसात से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने एक करोड़ के करीब जबकि जल शक्ति विभाग ने करीब तीन करोड़ रुपये व स्वां तटीकरण को आठ करोड़ रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। डंगोह में एक गोशाला गिर गई है। राजस्व कर्मी भी नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं।

### गगरेट में खुली आपदा प्रबंधन की पोल

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** बुधवार सुबह हुई तेज बरसात ने गगरेट क्षेत्र में जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग–03 पर एसडीएम गगरेट कार्यालय के ठीक सामने पानी घरों में घुस गया। घरों में पानी पहुंचने से गुस्साए लोगों ने ट्रैक्टर लगाकर राजमार्ग को जाम कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख प्रशासन और पुलिस को मौके पर पहुंचकर चक्का जाम खुलवाना पड़ा। इसी तरह गगरेट–ऊना संपर्क मार्ग भी जलभराव की चपेट में रहा। चोई से आया पानी सड़क पर पलट गया और मार्ग बरसाती नाले में तब्दील हो गया। इस सड़क पर स्थित कई दुकानों में पानी घुसने से सामान खराब हो गया। डीएफसी गोदाम में भी पानी घुसने की स्थिति बनी, लेकिन समय रहते अनाज को सुरक्षित कर लिया गया और पानी का रुख गोदाम से मोड़ दिया गया। प्रशासन का कहना है कि ऊना मार्ग पर बहने वाली चोई का अभी कोई समाधान संभव नहीं है, क्योंकि यह निजी भूमि से संबंधित मामला अदालत में लंबित है। अंबोटा और क्लोह में बरसाती नाले पुल के ऊपर से बह निकले। अंबोटा क्षेत्र में नाले का प्रकोप इतना था कि बिजली के खंभे तक गिर गए। विभिन्न विभाग नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

# छतेहड़ गांव में बड़ा हादसा टला बाल–बाल बचा कार सवार परिवार

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



बारिश से छतेहड़ गांव की मुख्य सड़क टूट गई।

लोक निर्माण विभाग उपमंडल जोल के तहत जोल से छतेहड़ सड़क मार्ग पर बुधवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार मनीष कुमार बासी छतेहड़ दोपहर को अपने बच्चों के साथ कार में सवार होकर जोल से अपने घर लौट रहे थे की जोल से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर सड़क की रिटेनइंग वॉल अचानक से गिर गई और कार का अगला टायर सड़क से नीचे लटक गया।

हालांकि मनीष कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोक ली और अपने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद परिजनों की मदद से कार को पीछे किया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार का जानी या माली नुकसान नहीं हुआ। गांव बसलेहड़ और छतेहड़ का संपर्क जोल से पूरी तरह से टूट गया है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क के किनारे लगे डंगे की जल्द से जल्द मरम्मत करवा कर इस सड़क को बहाल किया जाए ।

# मयाड़ करपट गांव के टेंटों में पहुंची सोलर पावर से रोशनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मयाड़ वेली में हाल ही आई बाढ़ से प्रभावित करपट गांव के लोग कई दिनों से टेंटों में रह रहे थे। बिजली की सुविधा न होने से ग्रामीणों को मुश्किलें हो रही थी। ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष दलीप बौद्ध ने बताया कि चार दिन पहले विधायक अनुराधा राणा ने करपट का दौरा किया था, जहां ग्रामीणों ने टेंटों में बिजली की मांग की। विधायक ने वादा निभाया और अब करपट में दो सोलर पावर प्लांट स्थापित किए गए हैं। इनसे लगभग 27-28 टेंटों में रोशनी और फोन चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध हो गई है। ग्रामीण अब दूध से लस्सी बनाने के लिए मधानी चलाने जैसी आवश्यकताएं भी पूरी कर पा रहे हैं। गांव के टेंट रोशनी से जगमगा उठे हैं, जिससे सभी को बड़ी राहत मिली है। ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही शेष दो टेंटों में भी होम लाइट सिस्टम पहुंचा दिया जाएगा, ताकि कोई परिवार अंधेरे में न रहे। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि इस कठिन घड़ी में करपट गांव के लोगों के साथ खड़े हैं और उनकी हर जरूरत पूरी करना प्राथमिकता है।



**विधायक अनुराधा राणा ने बाढ़ प्रभावितों को बिजली की सुविधा दिलाई**

# कराणा में चिलिंग प्लांट की तकनीकी खराबी से हजारों लीटर दूध बर्बाद

## दुग्ध उत्पादकों की मेहनत पानी में, सोशल मीडिया पर वायरल हुई दूध से सफेद खड्ड

**अनंत ज्ञान, आनी**

**आनी** उपमंडल के कराणा क्षेत्र में हजारों लीटर दूध खड्ड में बहा दिए जाने की घटना ने लोगों को हैरान कर दिया है। जानकारी के अनुसार, कराणा गांव की हिप्र मिल्कफेड की दुग्ध सोसायटी के 2000 लीटर क्षमता वाले मिल्क कूलिंग प्लांट में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण पहले ही सोसायटी ने दूध खरीदना बंद कर दिया था।

सोसायटी की प्रधान निशा ने बताया कि उन्होंने दत्तनगर स्थित मिल्क प्लांट के प्रभारी से संपर्क कर जल्द ही मेकैनिक भेजकर कराणा के मिल्क कूलिंग प्लांट की मरम्मत की गुहार लगाई। मेकैनिक सुबह कराणा पहुंच गया, लेकिन प्लांट की खराबी को ठीक करने में समय लग गया। इसी बीच, दुग्ध उत्पादकों ने दूध भी पहुंचा दिया। गर्म मौसम के कारण सुबह खरीदा गया दूध ठंडा नहीं हो पाया और शाम तक प्लांट में जब दूध पहुंचा, तो वह पूरी तरह फट चुका था। खराब दूध को प्लांट से वापस लौटाया गया और अंततः करीब 2000 लीटर दूध को कराणा से आनी की ओर बहने वाले खड्ड में बहा दिया गया। दूध बहाए जाने के बाद खड्ड का पानी सफेद हो गया, जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह दूध उनकी रोजमर्रा की आय का मुख्य स्रोत है और इस तरह की घटनाओं से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। दुग्ध सोसायटी की प्रधान निशा ने कहा कि प्लांट की तकनीकी खराबी ऐसी समस्या है, जिसे कोई जानबूझकर नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि मेकैनिक की सहायता से मरम्मत का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक दूध खराब हो चुका था, जिसे दुग्ध उत्पादकों ने वापस नहीं लिया, इसलिए दूध बहाना पड़ा।



हिमाचल प्रदेश मिल्क फेडरेशन के चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के कई इलाकों में बारिश से सड़क और बिजली बाधित हैं, जिससे दूध की सप्लाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने सभी दुग्ध समितियों से अपील की है कि वे मौसम की स्थिति का ध्यान रखते हुए ही किसानों से दूध खरीदें, ताकि दोनों पक्षों को नुकसान न उठाना पड़े।

# बारिश से टूटीं पेयजल लाइन, अलेउ गांव में तीन दिन से नहीं आया पानी



**अनंत ज्ञान, मनाली**

**पर्यटन** नगरी के समीपवर्ती अलेउ गांव में पानी का संकट गहरा गया है। भारी बारिश के कारण पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से पानी की आपूर्ति बंद हो गई है, जिससे क्षेत्र के लोग और होटल संचालक परेशान हैं।

बीआरओ द्वारा पानी के टैंकर भेजकर आपूर्ति की गई है। जलशक्ति विभाग के कर्मचारी पेयजल लाइन की मरम्मत में लगे हुए हैं और उम्मीद है कि बुधवार शाम तक पानी की आपूर्ति पुनः बहाल कर दी जाएगी। पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिससे पहाड़ों में कई जगह भूस्खलन हुआ है और पेयजल लाइन टूट गई है। अलेउ गांव को पानी मुहैया कराने वाली मुख्य लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण तीन दिनों से पानी की सप्लाई बाधित है। स्थानीय वार्ड पंच मोहन सिंह ने बताया कि बीआरओ ने समय रहते पानी के टैंकर भेजकर लोगों की जरूरतों को पूरा किया। जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता दीक्षांत शर्मा ने बताया कि मरम्मत में लगभग दो दिन लगे हैं और अब कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि पानी की आपूर्ति जल्द बहाल कर दी गई है।

# साहब! मेरे बेटे को ढूंढ दीजिए

## 2 अगस्त से लापता है बजौरा का अजय, परिजन कर रहे तलाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले के बजौरा गांव का युवक अजय 2 अगस्त से लापता है। परिजनों का कहना है कि अजय बिना बताए घर से निकला था और तब से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और तलाश शुरू की, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली। इस संदर्भ में अजय के माता-पिता सहित कई ग्रामीण ढालपुर स्थित पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचे और एसपी से मुलाकात की। उन्होंने एक मांग पत्र सौंपते हुए आग्रह किया कि अजय को जल्द से जल्द खोज निकाला जाए। अजय की माता फूला देवी ने बताया कि उन्होंने पूरे गांव में उसकी खोज की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने एसपी से अपील की है कि इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई की जाए, ताकि उनका बेटा जल्द से जल्द वापस घर आ सके।




लापता युवक के परिजन व ग्रामीण एसपी कार्यालय के बाहर, परिजन ने एसपी से मुलाकात कर जल्द तलाश की मांग की।

# बच्चों को कृमि से बचाने के लिए दी स्वास्थ्य सलाह, दवा वितरण का आह्वान



क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला स्तरीय विश्व मच्छर मुक्ति दिवस बुधवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तारा चंद की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) के तहत एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, नोडल शिक्षकों, सरकारी व निजी स्कूलों के प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मच्छरजनित रोगों की रोकथाम और कृमि संक्रमण से बचाव पर जानकारी दी गई।

**सफाई, स्वच्छता और सतर्कता से ही होगा मच्छर व कृमि संक्रमण पर नियंत्रण**

चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि कृमि नियंत्रण की दवा आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में निशुल्क दी जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इन केंद्रों तक अवश्य लाएं। साथ ही संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता अपनाने, खुले में शौच न करने, हाथ धोने, साफ पानी पीने और नाखून साफ रखने जैसी आदतों को अपनाने पर भी जोर दिया गया।

# सेब व आवश्यक वस्तुओं से लदे वाहनों को मिलेगी प्राथमिकता: डीसी तोरुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**उपायुक्त** कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बुधवार को बहुद्देशीय भवन में अंतर-विभागीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हाल ही में हुई भारी बारिश और बादल फटने से प्रभावित सड़कों, पुलों, पेयजल योजनाओं, बिजली और मोबाइल नेटवर्क की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अवरुद्ध संपर्क सड़कों, क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं और बाधित बिजली आपूर्ति को शीघ्र बहाल किया जाए।

एनएच-305 की स्थिति और यातायात बहाली पर भी चर्चा की गई। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पुलिस के सहयोग से सेब और अन्य आवश्यक सामग्री से भरे वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्य मार्गों से निकाला जाए, ताकि किसानों को नुकसान न हो और आम लोगों को असुविधा न हो। उन्होंने सभी विभागों से जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली और समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा और आपदा जैसी चुनौतियों के बावजूद विकास कार्यों की गति बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही, उपमंडलों में जागरूकता शिविर आयोजित कर सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, एसडीएम मनाली रमन शर्मा, सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर, आरटीओ राजेश भंडारी, जिला राजस्व अधिकारी गणेश, एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट और एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर व अन्य विभागीय अधिकारी।



## समृद्ध हिमाचल-2045 की जानकारी दी

**बैठक** के दौरान डीसी ने समृद्ध हिमाचल-2045 अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान द्वारा यह पहल की गई है, जिसमें आम नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र और संस्थान अपने अनुभव, ज़मीनी उदाहरण और भविष्य की अपेक्षाएं साझा कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों और नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में भाग लें और हिमाचल के भविष्य को आकार देने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# हिमाचल में सेब बहुल क्षेत्रों में जल्द खोले जाएं कलेक्शन सेंटर: गोविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**प्रदेश** का मंडी से कुल्लू सड़क मार्ग आए दिन भूस्खलन की चपेट में आ रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह यहां पर युद्ध स्तर पर सड़क बहाली का कार्य करें। ताकि यहां पर ट्रैफिक जाम की दिक्कतों का सामना लोगों को ना करना पड़े। जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि इस सड़क मार्ग से जिला कुल्लू, जिला लाहौल स्पीति तथा मंडी जिला का आधा क्षेत्र जोड़ता है। लेकिन बार-बार भूस्खलन के चलते यहां तीन दिनों तक ट्रैफिक जाम लग रहा है। इसका मुख्य कारण प्रदेश सरकार के द्वारा बरती जा रही ढील है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि जिला कुल्लू में इन दिनों सेब का सीजन चला हुआ है और यहां पर 1500 से 2000 रुपए करोड रुपए का सेब कारोबार होता है। लेकिन समय पर सेब मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिस कारण बागवानों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि इसके अलावा इस सड़क मार्ग पर ट्रैफिक जाम के चलते तीन दिनों तक लोग फंस रहे हैं और उनके लिए ना तो पानी की व्यवस्था है और ना ही खाने की। ऐसे में सरकार को भी इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। वही सेब सीजन को लेकर अभी तक सरकार के द्वारा कोई भी कलेक्शन सेंटर नहीं खोला गया है। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि हर साल 15 जुलाई तक प्रदेश के सेब बहुल इलाकों में सेब कलेक्शन सेंटर खोले जाते थे। जहां पर सी ग्रेड का सेब बागवानों से खरीदा जाता था। लेकिन आज 20 अगस्त का समय हो गया है और कहीं पर भी सेब कलेक्शन सेंटर नहीं खोले गए हैं। सेब कलेक्शन सेंटर न खोलने के चलते सी ग्रेड का सेब बागवानों को नदी नालों में फेंकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

वही, इस दौरान जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद, प्रदेश भाजपा किसान महामंत्री अखिलेश कपूर, प्रदेश भाजपा सदस्य नरोतम ठाकुर, मीडिया सह प्रभारी निलेश गौतम, तरुण विमल, सौरभ भारद्वाज, संजू पंडित, गोविंद भारती, हीरा लाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पतलीकूहल में गैस संकट गहराया गृहिणियों को खाना बनाना हुआ मुश्किल

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रहे भूस्खलनों के कारण सड़क यातायात बाधित हो गया है, जिसका सीधा असर कुल्लू घाटी के पतलीकूहल क्षेत्र पर पड़ रहा है। सड़क बंद होने से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है, विशेषकर रसोई गैस की। गैस न मिलने से स्थानीय लोगों को भोजन बनाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

**पंडोह में फंसे गैस के ट्रक :** गैस से भरे ट्रकों की आपूर्ति बाधित हो गई है क्योंकि कई ट्रक मंडी के पास पंडोह, सात मील और नौ मील क्षेत्रों में फंसे हुए हैं। भारत गैस के संचालक देवेंद्र नेगी ने बताया कि सड़क बहाली में छोटी मशीनों के बजाय बड़ी और आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि मलबा तेजी से हटाया जा सके। उनका कहना है कि यदि सड़क जल्द नहीं खुली तो न केवल गैस, बल्कि सेब जैसी अन्य आवश्यक वस्तुएं भी समय पर नहीं पहुँच पाएंगी।

**सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग :** स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस गंभीर मुद्दे को विधानसभा में उठाने की बात कही है और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से एनएचआई को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की है। वहीं, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने भी पत्र लिखकर जल्द समाधान की अपील की है। सड़क बहाली की धीमी गति ने क्षेत्र की जनता की चिंता बढ़ा दी है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो आवश्यक वस्तुओं की और भी किल्लत हो सकती है।



**सड़कें बंद होने से बढ़ी परेशानी विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा**

# बंजार के तन्मय भारद्वाज बने ट्राइबल किंग

**अनंत ज्ञान, बंजार।** लाहौल-स्पीति जिला मुख्यालय केलांग में हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ मॉडलिंग स्पर्धा भी करवाई गई। इसमें देश-प्रदेश से सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस उत्सव में कुल्लू जिले के बंजार निवासी 17 वर्षीय तन्मय भारद्वाज ने ट्राइबल किंग का खिताब जीता। लाहौल के नीरज पहले रनर-अप और विवेक दूसरे रनर-अप रहे। पत्रकारों से बातचीत में तन्मय ने कहा कि उनका सपना मॉडलिंग में सफलता हासिल करना है। उन्होंने बताया कि मॉडलिंग में फोटोशूट, रनवे शो, विज्ञापन सहित कई अवसर मिलते हैं, जिनसे वे अपनी प्रतिभा और पहचान बना सकते हैं। तन्मय ने इस सफलता का श्रेय अपनी माता प्रियंका शर्मा को दिया, जिनका योगदान और समर्थन उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा। तन्मय की इस उपलब्धि से बंजार क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनके मित्र और रिश्तेदार उन्हें बधाई दे रहे हैं।




# उझी घाटी में सेब फसल तैयार, भारी बारिश से मंडियों तक पहुंचाना मुश्किल



**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। कुल्लू जिले की उझी घाटी में भी मौसम का कहर जारी है। लगातार बारिश और भूस्खलन की घटनाओं के कारण मनाली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे बार-बार अवरुद्ध हो रहा है, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। भारी बारिश के कारण भूस्खलन से सड़कें बंद होने के कारण सेब और अन्य सब्जियों से भरी गाड़ियां मंडियों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। इससे बागवान और व्यापारी दोनों को भारी नुकसान हो रहा है। नेशनल हाईवे के अवरुद्ध होने से माल ढुलाई में देरी हो रही है, जिससे सेब के दाम गिर गए हैं। सब्जी मंडी के आढ़ती मोहमद और हेमंत ने बताया कि बीते साल जहां सेब के दाम 80 से 100 रुपए प्रति किलो थे, वहीं इस बार केवल 40 से 50 रुपए ही मिल रहे हैं।

व्यापारी भी मार्ग बाधित होने के कारण सेब खरीदने में संकोच कर रहे हैं। आढ़ती राजीव और नारायण ने कहा कि मंडियों के गोदाम भी पूरी तरह भर चुके हैं और सेब वहीं पड़ा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि नेशनल हाईवे के मरम्मत और सफाई के लिए अधिक मशीनरी लगाई जाए ताकि सड़क सुचारू हो और फलों की गाड़ियां जल्द मंडियों तक पहुंच सकें।

**मनाली-चंडीगढ़ एनएच पर भूस्खलन से ट्रैफिक जाम बागवान परेशान**

# हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ की संयुक्त बैठक, सरकार को चेतावनी

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल किसान सभा और हिमाचल सेब उत्पादक संघ की संयुक्त बैठक आनी में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता वीर सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से यह मांग उठाई गई कि आनी में भी एफआरसी कमेटियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाए, ताकि प्रभावित परिवार वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत अपने दावे प्रस्तुत कर सकें। साथ ही पंचायत स्तर पर बनी एफआरसी कमेटियों को सक्रिय करने की भी अपील की गई।

बैठक में प्रदेश सरकार से यह भी आग्रह किया गया कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा 5 अगस्त को निरस्त की गई धारा 163-ए के फैसले के खिलाफ तत्काल सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की जाए, ताकि लाखों गरीब परिवारों को बेदखली से राहत मिल सके। किसान सभा और सेब उत्पादक संघ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते कदम नहीं उठाए, तो प्रदेश भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**बंद सड़कों से बागवानों की समस्याओं पर चिंता और जल्द समाधान की मांग**

**बंद सड़कों से बागवान परेशान :** बैठक में आनी विधानसभा क्षेत्र की अधिकतर बंद पड़ी सड़कों पर भी चिंता जताई गई। किसान सभा का कहना है कि सेब सीजन के चरम पर होने के कारण बागवानों को अपनी मेहनत मंडियों तक पहुंचाने में दिक्कत हो रही है। सभा ने प्रदेश सरकार से तुरंत बंद सड़कों को खोलने की मांग की।

**बैठक में ये सदस्य रहे शामिल :** इस बैठक में हिमाचल किसान सभा सचिव गीता राम, हिमाचल सेब उत्पादक संघ सचिव हेम राज, विजय, मिलाप, केहर सिंह, रमेश, राजू, डालती राम, लच्छी राम, भगत राम, दौलत राम, लगूं राम, राम कृष्ण सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

**अनदेखी** आज तक नहीं लगी सुरक्षा दीवार, प्रशासन की अनदेखी से बढ़ा खतरा

# फ्लैश फ्लड की घटनाओं से सहमे जिया के बाशिंदे

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

**जिला** कुल्लू के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते फ्लैश फ्लड की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। खासकर कुल्लू-मंडी क्षेत्र में बारिश से भारी नुकसान हो रहा है। पिरडी, खोखन नाला, दोहरा नाला, लग घाटी और मणिकर्ण जैसे इलाकों में हाल ही में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

कुल्लू भूतनाथ क्षेत्र में सड़क तक धंस गई है। मणिकर्ण घाटी में बादल फटने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे पार्वती नदी बार-बार रौद्र रूप धारण कर रही है। पार्वती और ब्यास नदियों का जलस्तर बढ़ते ही जिया गांव के लोग दहशत में हैं। बीती रात लोग घरों से निकलकर नदी की तेज धारा को देखते रहे, पूरी रात जागते रहे डर के मारे कोई सो नहीं सका।



## जिया गांव बना उपेक्षा का शिकार

**ऐतिहासिक** नदियों के बीच बसा जिया गांव आज उपेक्षा का शिकार बन चुका है, जहां एक ओर बरसात अपने चरम पर है, वहीं दूसरी ओर शासन और प्रशासन गांव की दयनीय हालत तक जानने नहीं आ रहा है। गांववासियों ने कई बार सुरक्षा दीवार लगाने की गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवई नहीं हुई। 2023 की बाढ़ में जिया को भारी नुकसान हुआ था। गांव का एकमात्र फुटब्रिज भी बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया, जिसका अब तक पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है।

## ये हैं प्रमुख मांगें

**पार्वती** नदी के फोरलेन पुल के नीचे जमा मलबा हटाया जाए। नदी किनारे मजबूत कंक्रीट की सुरक्षा दीवार बनाई जाए। नदी में मौजूद एक बड़ी चट्टान को हटाया जाए, जिससे पानी का बहाव गांव की ओर मुड़ता है।

## प्रशासन ने आंखें क्यों मूंदी हैं?

**ग्रामीणों** का कहना है कि पार्वती नदी की दिशा बदल गई है और नदी में मलबा भरने से पानी का बहाव गांव की ओर हो गया है। इसके बावजूद कोई अधिकारी सुध लेने नहीं आया है। समाचार पत्रों और मीडिया में यह मुद्दा कई बार उठाया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यहां तक कि विधानसभा चुनावों में जिया गांव से कांग्रेस को बढ़त मिली थी, फिर भी गांव के हालात जस के तस हैं। गांववासियों की पुकार सुनने वाला कोई नहीं है।

# भूस्खलन से प्रभावित पतलीकूहल सब्जी मंडी बंद, बहाली की मांग

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रहे भूस्खलन और सड़क अवरुद्ध होने के कारण बुधवार, 20 अगस्त को पतलीकूहल सब्जी मंडी बंद रही। इससे बागवानों और व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ क्योंकि सेब और सब्जियों की सप्लाई बाधित हो गई। आढ़ती संघ के अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर ने बताया कि सड़क बंद रहने के कारण माल समय पर राज्य के बाहर भेजना मुश्किल हो रहा था, इसलिए मंडी एक दिन के लिए बंद रखने का फैसला लिया गया। इससे स्थानीय किसानों और व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है क्योंकि उनके उत्पाद मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

कुल्लू फलोत्पादक मंडल के अध्यक्ष प्रेम शर्मा और महामंत्री रिमन ठाकुर ने बागवानों से धैर्य बनाए रखने और अनावश्यक परेशानी से बचने की अपील की। स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भी बागवानों से सोच-समझकर निर्णय लेने का आग्रह किया।

**जनहित में एक हुए नेता :** पूर्व विधायक गोविंद ठाकुर और वर्तमान विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने राजनीतिक मतभेदों को भूलकर केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री से सड़क जल्द बहाल करने के लिए विशेष प्रयास करने की मांग की है। इसे जनहित में सकारात्मक पहल माना जा रहा है। पतलीकूहल और बंदरोल सब्जी मंडियां आज फिर से खुलेंगी।

**बागवानों से संयम बरतने की अपील**

## न्यूज ब्रीफ

### नाहन में पौधरोपण के साथ संरक्षण की शपथ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कॉलेज परिसर को स्वच्छ और हराभरा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने मुख्य प्रवेश द्वार पर गुलाब का पौधा लगाकर की। इसके बाद 50 से अधिक विद्यार्थियों ने गुलाब, एलोवेरा और सदाबहार जैसे पौधे रोपे। इसके साथ ही छात्रों ने परिसर की खरपतवार हटाकर सफाई भी की, जिससे परिसर अधिक सुंदर और स्वच्छ दिखा। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षक वॉरियर्सने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। यह पहल न केवल परिसर को हराभरा रखने में सहायक होगी, बल्कि छात्रों में पर्यावरणीय जागरूकता और जिम्मेदारी की भावनाभी विकसित करेगी।

### कोटलानाला में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड, सोलन के सहायक अभियंता हिमांशु मेहता ने बताया कि आवश्यक रखरखाव कार्यों के कारण 22 अगस्त 2025 को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक कोटलानाला, एपेक्स अस्पताल के आस-पास, क्षेत्रीय अस्पताल मार्ग, भगनाल कांप्लेक्स एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम या अन्य अपरिहार्य कारणों से समय में बदलाव हो सकता है। प्रभावित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है।

### डॉ. बिंदल ने शीघ्र सहायता की अपील की

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मातर पंचायत में आई बाढ़ से आठ घर गिर गए, 36 लोग बेघर हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि 17-18 अगस्त की भारी बारिश से अगड़ीवाला गांव में बड़ी तबाही हुई है। 8 घर पूरी तरह ध्वस्त हो गए और 13 घर गिरने के कगार पर हैं। 36 लोग हरिपुर खोल की माध्यमिक पाठशाला में रहने को मजबूर हैं। डॉ. बिंदल ने सरकार से प्रत्येक परिवार को 7 लाख रुपए की आर्थिक मदद और प्रभावितों को भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की राहत अभी अपर्याप्त है और जल्द मदद जरूरी है।

### समृद्ध हिमाचल-2045: जनता से मांगे सुझाव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासनिक संस्थान, शिमला द्वारा समृद्ध हिमाचल-2045 पहल शुरू की गई है। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य राज्य को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए आगामी 20 वर्षों का एक रोडमैप तैयार करना है। इसके लिए नागरिकों से ऑनलाइन सर्वेक्षण के माध्यम से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। सरकारी प्रवक्ता ने जिला सिरमौर सहित पूरे हिमाचल प्रदेश की जनता से आग्रह किया है कि वे इस पहल में भाग लेकर राज्य के भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### कर्मों के अनुसार ही मिलता फल: सतगुरु बाई

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** मनुष्य जीवन में जैसे कर्म करता है, उसे वैसा ही फल भोगना पड़ता है। हम जो भी अच्छे या बुरे कर्म करते हैं, उनका परिणाम हमें अवश्य भुगतना पड़ता है। यह उपदेश प्रसिद्ध नंगली धाम की सतगुरु श्रदानंद बाई ने चायल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक सत्संग के दौरान दिया। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए बताया कि भीष्म पितामह को अपने कर्मों के अनुसार बाणों की शय्या पर लेटना पड़ा। सतगुरु ने अनुयायियों को कर्मों को शुद्ध रखने, ईश्वर की भक्ति करने, परोपकार में संलग्न रहने, प्राणियों की सेवा करने, नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने और किसी की निंदा न करने का उपदेश दिया। उल्लेखनीय है कि यह सत्संग कार्यक्रम पिछले 40 वर्षों से अगस्त माह में चायल में आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं अनुयायी भाग लेते हैं।

### बुजुर्गों, विधवाओं व दिव्यांगों के लिए राहत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला कल्याण अधिकारी सिरमौर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारकों के लिए पहचान सत्यापन की प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाया गया है। इसके अंतर्गत 31 अगस्त, 2025 तक सभी लाभार्थियों को अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर ऑनलाइन ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। इसके लिए विभाग द्वारा विशेष मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र (जैसे पंचायत सचिव, नगर निगम या स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त दस्तावेज), मतदाता पहचान पत्र, 10वीं की मार्कशीट, पैन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र या बैंक/डाकघर की पासबुक की प्रति के आधार पर त्वरित सत्यापन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने से राहत दिलाना और समय पर पेंशन सुनिश्चित करना है।

### छात्रवृत्ति जागरूकता के लिए लगाई वर्कशॉप

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में विद्यार्थियों के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों के संदर्भ में एकदिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। स्कॉलरशिप प्रभारी डॉ. भावना आजाद ने बताया कि इस वर्कशॉप में विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्तियों की जानकारी देने के साथ-साथ स्कॉलरशिप फॉर्म ऑनलाइन भरने की विधि भी समझाई गई। प्राचार्या ने बताया कि उच्चतर शिक्षा में विद्यार्थियों को आर्थिक बाधा न हो, इसके लिए सरकार द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसका लाभ सभी विद्यार्थियों को अवश्य उठाना चाहिए। प्रियंका, दीपक, मयंक, मनप्रीत और करिश्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह वर्कशॉप उनके लिए बेहद सहायक साबित हुई।

### नरेंद्र थापा ने फुटबाल संघ से दिया इस्तीफा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर के नामी फुटबॉलर और साईं के पूर्व कोच नरेंद्र थापा ने सिरमौर के दो बड़े फुटबॉल संघों से अचानक इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, इस्तीफे के पीछे का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन इससे दोनों संघों को बड़ा झटका लगा है। नरेंद्र थापा ने जिला सिरमौर फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद और ऑल इंडिया मदन पाल सोलंकी फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी के महासचिव पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे का कारण निजी व्यस्तता बताया है और तुरंत इस्तीफा स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

### मां शारदा के नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** उपमंडल राजगढ़ के धरोटी गांव में चार गांवों की कुलदेवी मां शारदा के नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी आस्था को साकार करते हुए विधि-विधान से मां शारदा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कलश स्थापना के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। आयोजन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले का मंदिर अत्यंत प्राचीन और जर्जर हो चुका था, अब श्रद्धालुओं के सहयोग से नया भव्य मंदिर तैयार किया गया है। इस आयोजन में चारों गांवों के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचे। सभी ने मां शारदा से सुख-समृद्धि की कामना की। यह मंदिर अब आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था और एकता का प्रतीक रहेगा।

### बैठकों में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर विरोध

**संजय राजन, अनंत ज्ञान, सराहां।** पंचायत समिति पच्छाद के सदस्यों ने अधिकारियों की लगातार अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए समिति अध्यक्ष सुरेंद्र नेहरू की अध्यक्षता में मंगलवार को एसडीएम पच्छाद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिकारियों के खिलाफ पंचायतीराज अधिनियम के तहत कारण बताओ नोटिस जारी करने की मांग की गई है। सदस्यों ने आरोप लगाया कि अधिकारी बैठकें जरूरी नहीं समझते और विकास कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं। सुरेंद्र नेहरू ने कहा कि बैठक में संबंधित विभाग का अधिकारी स्वयं उपस्थित हो, न कि कोई प्रतिनिधि। उन्होंने अधिकारियों से जनहित में जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। समिति ने एसडीएम से ऐसे अधिकारियों को नोटिस जारी करने की मांग की है।

### स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नवीन सूद, अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी।** कसौली कांग्रेस कमेटी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर बुधवार को उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कुमारहट्टी वन विश्राम गृह में आयोजित सादे समारोह में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनके देश के प्रति दिए गए योगदान और बलिदान को याद किया। उन्हें कंप्यूटर क्रांति और आधुनिक भारत के जनक के रूप में जाना जाता है। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण और युवाओं को मतदान का अधिकार 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का श्रेय भी राजीव गांधी को ही जाता है। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। समारोह में जिला शिकायत निवारण समिति के सदस्य नवीन सूद, उन्हें पंचायत के प्रधान मोहनलाल कंवर, बड़ोग पंचायत के उपप्रधान गुरुदेव शर्मा, जिला सोलन युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष दीपक तंवर, कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजगढ़ जाने वाली बसें वेंडर मार्केट के समीप होंगी खड़ी

## डीसी ने समरून चौक पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**सोलन।** शहर के सपरून चौक पर बढ़ते वाहनों के रश और दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने राजगढ़ जाने वाली बसों का ठहराव स्थान बदल कर वेंडर मार्किट के समीप शिफ्ट करने के आदेश जारी किए हैं। सपरून चौक पर क्रॉसिंग के दौरान कई लोग चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय पार्षद राजीव कौड़ा ने इस समस्या को प्रशासन के समक्ष उठाया था। अब बसें गुरूद्वारा मार्ग पर नगर निगम पार्किंग एवं पालिका बाजार सपरून के पास ठहराव करेंगी।

जिला दंडाधिकारी मनमोहन शर्मा ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 और सड़क नियमन 1999 के तहत आवश्यक आदेश जारी किए हैं। पुराने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आवास के सामने वाले क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित कर ऑटो रिक्शा को ही अनुमति दी गई है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो चुके हैं। सड़क दुर्घटनाओं और सड़कों पर वाहनों की अव्यवस्था को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल और स्थानीय अधिकारियों की पहल से इस दिशा में कार्रवाई हुई है। सपरून चौक पर फुटपाथ और चौक निर्माण नहीं होने से लोगों को तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पार करने में खतरा हो रहा था, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही थीं। वेंडर मार्केट के आसपास बस स्टॉप होने से ट्रैफिक समस्या कम होगी और स्थानीय व्यवसाय को भी लाभ मिलेगा। वेंडर मार्किट एसोसिएशन और पार्षद राजीव कौड़ा ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## कुमारहट्टी में गाय चोरी के शक में दो युवक पकड़े

**नवीन सूद, अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी**

कुमारहट्टी में सोमवार देर शाम गाय चोरी के संदेह में स्थानीय युवाओं ने दो व्यक्तियों को पकड़ा। आरोप है कि एक व्यक्ति सड़क पर घूम रही गाय को रस्सी से बांधकर सोलन की ओर ले जा रहा था। शक होने पर युवाओं ने उसका पीछा किया और बड़ोग बाइपास के पास उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसका एक साथी पिकअप लेकर कुछ दूरी पर खड़ा है। मौके पर पहुंचकर युवाओं ने दूसरे युवक को भी पकड़ लिया। दोनों ने खुद को शिमला जिले के सराहन और सैंज का निवासी बताया और कहा कि वे पेशे से गुर्जर हैं और गाय को पालने के लिए ले जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने मामले को पशु तस्करी करार देते हुए डगशाई पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## राज्यस्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में किप्स के सात खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



प्रियांशी और रौनक ने स्वर्ण पदक जीतकर नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**कसौली** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (किप्स), सनवारा के सात विद्यार्थियों ने 14 से 18 अगस्त तक धौलाकुआं, सिरमौर में आयोजित 30वीं हिमाचल प्रदेश स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। राइफल एनआर यूथ वीमेन इंडिविजुअल वर्ग में प्रियांशी अरोड़ा (कक्षा 10) ने 379/400 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। 10 मीटर पिस्टल आईएसएसएफ यूथ मेन चैंपियनशिप में गरिमन (कक्षा 11) ने 545/600 अंक प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। 10 मीटर पिस्टल एनआर यूथ मेन इंडिविजुअल वर्ग में रौनक गुलिया (कक्षा 11) ने 374/400 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। वीरेन गुलिया (कक्षा 11) ने 370/400 अंक बनाकर रजत पदक प्राप्त किया। गिरीश कुमार (कक्षा 12) ने 353/400 अंक अर्जित कर प्री-नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। इसके अतिरिक्त अंश कौशल (कक्षा 11) और लक्ष्य कौशल (कक्षा 7) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ जोन ओपन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। कुल मिलाकर विद्यालय के सातों खिलाड़ी नॉर्थ जोन ओपन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। विद्यालय प्रबंधन, निदेशक हीरा ठाकुर, प्रिंसिपल राजीव गुलरिया और उप्राचार्या पूनम ठाकुर ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

## सिरमौर में डेंगू के बढ़ते मामलों से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**



मेडिकल कॉलेज नाहन में अब तक 18 डेंगू मरीजों की पुष्टि

**नाहन।** सिरमौर जिले में 2 अगस्त से डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। विभाग ने इलाज के पर्याप्त इंतजामों के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी तेज कर दिए हैं। मेडिकल कॉलेज नाहन में अब तक 18 मरीजों में एलिजा टेस्ट के जरिए डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं, रैपिड टेस्ट में 25 मरीज संदिग्ध पाए गए हैं, जिन्हें आगे की पुष्टि के लिए एलिजा टेस्ट कराने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग के अनुसार, केवल एलिजा टेस्ट से पुष्टि के बाद ही डेंगू का मामला आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता है। पिछले वर्ष जिले में डेंगू के लगभग 1800 मामले सामने आए थे। इस वर्ष फिलहाल बारिश के चलते संख्या अपेक्षाकृत कम हैं, लेकिन लगातार सामने आ रहे मामलों ने स्वास्थ्य विभाग को सतर्क कर दिया है और विभाग ने एहतियाती कदमों की रफ्तार बढ़ा दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अमिताभ जैन और मेडिकल कॉलेज नाहन के एमएस डॉ. संगीत ढिल्लों ने आम जनता से अपील की है कि बचाव ही सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने सलाह दी कि घरों और आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर, गमले, पुराने टायर आदि को नियमित रूप से खाली और साफ करें। मच्छर भगाने वाले साधनों का प्रयोग करें और पूरी बाजू के कपड़े पहनें। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं। विभाग का मानना है कि जनता की जागरूकता और सहयोग से ही डेंगू पर काबू पाया जा सकता है।

## सोलन में देवभूमि पार्टी आज करेगी विधायकों के लिए दान संग्रह

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रुमित ठाकुर ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से 21 अगस्त को सोलन के पुराने बस स्टैंड में एकत्रित होने का आह्वान किया है। उनका कहना है कि हिमाचल प्रदेश इस समय आपदा, महंगाई, बेरोजगारी और कर्मचारियों को भत्ते व पेंशन न मिलने जैसी कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस के विधायक जनता की समस्याओं की बजाय अपने भत्ते, वेतन और अन्य सुविधाएं बढ़ाने में व्यस्त हैं। चिंताजनक बात यह है कि इन मुद्दों पर दोनों दलों के 68 विधायक एकमत नजर आते हैं। रुमित ने कहा कि सरकार एक ओर संसाधनों की कमी का रोना रोती है, वहीं दूसरी ओर 100 करोड़ रुपए की राशि विधायकों के लिए नए आवास व अन्य सुविधाओं पर खर्च कर रही है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। देवभूमि पार्टी अब इन गरीब विधायकों के लिए 21 अगस्त को सुबह 11 बजे सोलन के पुराने बस स्टैंड पर दान राशि एकत्रित करेगी। ठाकुर ने कहा कि यह कार्यक्रम उन्हें यह अहसास दिलाने के लिए है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 2,24,000 बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल : डॉ. अजय पाठक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक।

- कहा-आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को दवा उपलब्ध कराएंगे
- स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता के साथ बच्चों को नशे से बचाने का संदेश

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 21 अगस्त को सोलन जिले के 1077 स्कूलों और 1281 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल दी जाएगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में दी। डॉ. पाठक ने बताया कि इस दिन लगभग 2,24,000 बच्चों को यह दवा दी जाएगी, जिसका उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ रखना है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस वर्ष में दो बार, अगस्त और फरवरी माह में मनाया जाता है। इस दौरान 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बच्चों को कृमि हर दवा के साथ-साथ हाथ धोने, स्वच्छता, डायरिया, एनीमिया और क्षय रोग से बचाव के विषय में जागरूक किया जाएगा। साथ ही नशे से दूर रहने के दुष्प्रभावों पर भी जानकारी दी जाएगी, जो बच्चे विद्यालय या आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंच पाते, उन्हें आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा उपलब्ध कराएंगे। डॉ. पाठक ने आयरन-फोलिक एसिड कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली गोलियां भी नियमित देने का आग्रह किया, ताकि बच्चों में आयरन की कमी न हो। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका ने कृमि मुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। विभिन्न विद्यालयों के नोडल अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## पबियाना मेले में रोहित पहलवान ने जीती बड़ी माली

### राजगढ़ के पबियाना में दो दिवसीय गुग्गा नवमी मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**



राजगढ़ की ग्राम पंचायत सैर जगास के पबियाना में आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय गुग्गा नवमीं मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले में एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि कहलाता है, जहां हर गांव में देव मंदिर और उससे जुड़ा मेला आयोजित होता है।

ये मेले हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं। पबियाना का यह मेला पिछले तीन-चार दशकों से लगातार आयोजित हो रहा है और अब इसे जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त है। यह मेला क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आयोजित किया जाता है। राज कुमार ठाकुर ने लोगों से अपील की कि वे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को आगे बढ़ाने में योगदान दें। उन्होंने क्षेत्रवासियों को मेले की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। मेले का आकर्षण विशाल दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। दंगल में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल के नामी पहलवानों ने भाग लिया। बड़ी माली में रोहित पहलवान ने कृष्ण पहलवान को पराजित कर माली अपने नाम की। छोटी माली में शुभम पहलवान ने रजनीश पहलवान को हराया। वहीं जूनियर दंगल में रंजत पहलवान ने भूपेंद्र पहलवान को पराजित किया।

## राजीव ठाकुर अध्यक्ष और प्रो. गोपाल भारद्वाज बने सचिव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में अभिभावक-शिक्षक संघ की आम सभा आयोजित की गई। इस सभा में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें अभिभावकों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। नई कार्यकारिणी में राजीव ठाकुर को अध्यक्ष, नरेश कुमार तोमर को उपाध्यक्ष और प्रो. गोपाल भारद्वाज को सचिव चुना गया। रूपिंदर कौर संयुक्त सचिव, जसवंत सिंह कोषाध्यक्ष, और नरेश कुमार मुख्य सलाहकार नियुक्त किए गए। सभा की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. वीके शुक्ला ने कहा कि अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से कॉलेज में सुविधाओं के विस्तार की संभावना बढ़ेगी। छात्रों की समस्याओं को दूर करने तथा बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार करने में पीटीए की अहम भूमिका रहेगी। सभा के दौरान छात्रों के कल्याण, नई कक्षाओं का निर्माण, पुस्तकालय विस्तार और खेल सुविधाओं को उन्नत बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

## सिरमौर पुलिस ने रस्साकशी स्पर्धा से नशामुक्ति का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, नाहन**



**नशामुक्ति** भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला सिरमौर पुलिस ने चंबा ग्राउंड, नाहन में एक विशेष आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस की दो महिला और तीन पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया। जिला सिरमौर की किऊआरटी टीम ने इस प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। खेल के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश देकर युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। सिरमौर पुलिस ने इस आयोजन के दौरान नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। अगस्त माह में सभी थानों के स्तर पर विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं, ताकि यह संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। पुलिस विभाग ने वर्ष 2025 में अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 113 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें 24 किलो से अधिक चरस, 2 किलो से अधिक अफीम, 76 किलो गांजा, 782 ग्राम हेरोइन, साथ ही हजारों नशीले कैप्सूल, गोलियां और सिरप बरामद किए गए हैं। इस दौरान 178 आरोपियों (167 पुरुष और 11 महिलाएं) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने नशा कारोबार में बार-बार संलिप्त पाए गए आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। चार मामलों में 2.72 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की गई और चार आरोपियों को तीन महीने के लिए आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन भेजा गया है।

## राज्यस्तरीय वामन द्वादशी मेले में कलाकारों का चयन 25 को

**अनंत ज्ञान, सराहां।** उपमंडलाधिकारी पच्छाद एवं सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेला सराहां, डॉ. प्रियंका चंद्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला 4 से 6 सितंबर तक सराहां में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान तीन सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रदेश और जिला के लोक कलाकारों को प्रस्तुति का अवसर मिलेगा। मेले में प्रस्तुति देने के लिए ऑडिशन के माध्यम से कलाकारों का चयन किया जाएगा। यह ऑडिशन 25 अगस्त को प्रातः 11 बजे उपमंडलाधिकारी कार्यालय सराहां के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए गठित समिति द्वारा आयोजित किया जाएगा। सदस्य सचिव ने जिला के लोक कलाकारों से आग्रह किया कि वे 25 अगस्त को आयोजित ऑडिशन में भाग लें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

## क्षय रोग की समय पर जांच व निशुल्क उपचार पर दिया जोर



बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन, डॉ. अजय पाठक ने खंड चिकित्सा अधिकारियों को क्षय रोग की जांच के लिए अधिक से अधिक शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। डॉ. पाठक ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के विषय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। डॉ. अजय पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य क्षय रोगियों की समय पर पहचान करना, उनका पूर्ण उपचार सुनिश्चित करना और रोग को रोकना है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत क्षय रोग की जांच, उपचार और दवाइयां निशुल्क प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा, उपचार के दौरान क्षय रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत वित्तीय सहायता भी दी जाती है। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में क्षय रोग की जांच के लिए नियमित शिविर आयोजित करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनता से भी अपील की कि यदि क्षय रोग के कोई लक्षण महसूस हों तो वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच अवश्य कराएं। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रोकश पंवर, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. योगेश, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी तथा अन्य चिकित्सक भी उपस्थित थे।

**परेशानी** एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, समय पर समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

## 3 पंचायतों में जलसंकट, ग्रामीणों ने जताया रोष

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** उपमंडल अर्की की रोहांज-जलाना, पलोग (मांजू) और खनलग पंचायतों के ग्रामीण लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर बुधवार को इन पंचायतों के ग्रामीणों ने एसडीएम अर्की निशांत तोमर को एक ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें 10 से 15 दिन के अंतराल पर ही पानी की आपूर्ति मिल रही है। इस कारण उन्हें भारी खर्च कर निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ता है। कई बार वर्षा जल का उपयोग करने की नौबत आती है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय पर कोई ठोस समाधान नहीं हुआ, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इससे पूर्व, 16 अगस्त को पलोग पंचायत में तीनों पंचायतों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी,



पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

जिसमें ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर रोष व्यक्त किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल बनाकर एसडीएम से मुलाकात कर समस्या को गंभीरता से उठाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया कि पलोग पंचायत के काटल, मांजू, मानन, डंगरोग, टांगटा, बागी, काउली, कुफरी, ब्युली, नेर, पलोग और रोहांज-जलाना पंचायत के बतिवां, राहु, निंवा, संझेर, कुलाह सहित खनलग पंचायत के थला, खनलग, रौड़ी, नाहनु, मैथी, जदेला आदि गांवों को अर्की खड्डु तथा बडयावन उठाऊ पेयजल योजना से जलापूर्ति की जा रही है।

इसके अतिरिक्त, हाल ही में इन गांवों को गंभर पेयजल योजना से भी जोड़ा गया है, लेकिन इसके बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब करोड़ों रुपए की योजनाएं संचालित की जा रही हैं, फिर भी यदि नियमित पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा, तो यह विभागीय लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने एसडीएम से मांग की कि इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पलोग पंचायत के प्रधान नरेंद्र कुमार, उपप्रधान तिलकराज शर्मा, पूर्व प्रधान योगेश चौहान, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा, भगतराम शर्मा, कृष्ण चंद शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, प्रेम सिंह, ज्ञानचंद, लेखराम, ओमप्रकाश चौहान, प्रेमचंद चौहान, ईश्वर सिंह, मोहनलाल, शमशेर सिंह, रतिराम, लक्ष्मीचंद, धर्मसिंह, नंदलाल, बनवारी लाल, यशपाल, टेकचंद और महिला मंडल पलोग की सदस्याएं भी उपस्थित रहीं। इस बीच, एसडीएम निशांत तोमर ने आश्वासन दिया कि पेयजल संकट की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विभागों से चर्चा कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एमसीएम डीएवी महिला कॉलेज में मनाया अक्षय ऊर्जा दिवस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय की नवीकरणीय ऊर्जा समिति और इको-क्लब परिवेश ने आईक्यूएसी के तत्वावधान में 'आवर पावर, आवर प्लैनेट' विषय पर अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया। यह कार्यक्रम सीआरईएसटी द्वारा प्रायोजित था। इस अवसर पर क्विज, स्लोगन और कविता लेखन जैसी गतिविधियों के साथ एक प्रदर्शनी भी आयोजित हुई, जिसमें कार्यशील मॉडल, पोस्टर और पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम ने जलवायु परिवर्तन और सतत ऊर्जा के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को जिम्मेदार ऊर्जा उपभोग और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है।

### वैश्विक पर्यटन गंतव्य बनाने की रणनीति पर समिति की बैठक



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रशासक की सलाहकार परिषद की कला, संस्कृति, पर्यटन और धरोहर संरक्षण समिति की उच्च स्तरीय बैठक यूटी सचिवालय, सेक्टर-9 में अध्यक्ष एचएस लक्की की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में चंडीगढ़ की पर्यटन और सांस्कृतिक क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा हुई। बैठक में सुखना झील, रॉक गार्डन और रोज गार्डन के उन्नयन के साथ, लंदन आई या दुबई मिरेकल गार्डन जैसी परियोजना चंडीगढ़ में शुरू करने का सुझाव दिया गया। प्रस्तावित कार्यक्रमों में 'चंडीगढ़ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स कार्निवल', 'फूड एंड हेरिटेज फेस्टिवल' और 'म्यूजिक एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स वीक' शामिल हैं। समिति ने पर्यटन स्थलों पर बेहतर पार्किंग, साइनेज, पैदल मार्ग और साइक्लिंग ट्रेल्स जैसे अवसंरचनात्मक सुधारों पर बल दिया। सांस्कृतिक संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय कला संगठनों के साथ साझेदारी और एक्सचेंज प्रोग्राम की भी सिफारिश की गई। बैठक का समापन पर्यटन स्थलों के निरीक्षण और कार्य योजना निर्माण के निर्णय के साथ हुआ।

### पूर्व अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के पूर्व अग्निवीरों को सीधी भर्ती में क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा नीति संबंधी पत्र जारी किया गया। नई नीति के अनुसार, ग्रुप-बी पदों पर एक और ग्रुप-सी पदों पर (कुछ अपवादों को छोड़कर) 5 आरक्षण दिया जाएगा। पुलिस कांस्टेबल के पदों पर 20, जबकि फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डर और माइनिंग गार्ड के पदों पर 10 आरक्षण निर्धारित किया गया है। सरकार ने यह भी घोषणा की कि उपयुक्त पूर्व अग्निवीर उपलब्ध न होने पर पद संबंधित वर्ग के पात्र उम्मीदवारों से भरे जाएंगे। पूर्व-अग्निवीरों को पुलिस व सुरक्षा पदों की भर्ती में शारीरिक जांच परीक्षा से छूट मिलेगी, क्योंकि उनकी क्षमता सैन्य सेवा में प्रमाणित हो चुकी है। साथ ही, उन्हें ग्रुप-सी पदों के लिए ष्टश्वञ्ज और कौशल-विशेषज्ञता से संबंधित परीक्षाओं से भी छूट दी गई है। हालांकि, उन्हें लिखित परीक्षा में भाग लेना अनिवार्य होगा।

# हरियाणा ने सख्त किए रिटायरमेंट के बाद सरकारी नौकरी के नियम

## पैनल की मंजूरी जरूरी, 2 साल की सीमा तय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा सरकार ने रिटायरमेंट (58 साल) के बाद सरकारी कर्मचारियों की दोबारा नियुक्ति को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हालांकि, इस कदम की आलोचना हो रही है क्योंकि इसका असर राज्य में नई भर्तियों पर पड़ सकता है।

सरकार का कहना है कि इन दिशा-निर्देशों का मकसद रिटायर कर्मचारियों की भर्ती की प्रक्रिया को व्यवस्थित करना है और यह सुनिश्चित करना है कि ऐसा केवल तभी हो जब इसकी वास्तव में जरूरत हो। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के दफ्तर से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक, अब सभी पोस्ट-रिटायरमेंट नियुक्तियों की जांच के लिए एक विशेष समिति बनाई जाएगी। यह नियम एक व्यक्ति या एक जैसे कई पदों के लिए लागू होगा। यह पहले की प्रक्रिया से अलग है।

दिशा-निर्देशों में यह भी साफ किया गया है कि हरियाणा में सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 58 साल है। हालांकि, अपवाद की स्थिति में जैसे किसी विभाग को किसी पुराने कर्मचारी की सेवाओं की तुरंत जरूरत हो, तो राज्य सरकार उन्हें दोबारा नियुक्त कर सकती है। पहले भी ऐसी व्यवस्था थी, लेकिन अब नियमों में सख्त जांच-परख जोड़ी गई है, ताकि इस प्रावधान का दुरुपयोग न हो। जून और जुलाई 2018 तथा हाल ही में मई 2023 में जारी गाइडलाइंस में पोस्ट-रिटायरमेंट नियुक्ति के प्रस्तावों की जांच के लिए कोई समिति नहीं थी। उस समय विभाग अपने स्तर पर ही फैसला लेते थे, लेकिन अब मामलों को समिति के पास भेजना होगा, जो महीने में एक बार बैठक करेगी। सरकार के मुताबिक, इससे फैसले ज्यादा निष्पक्ष और एक समान होंगे तथा केवल वास्तविक जरूरतों जैसे जरूरी सेवाओं की कमी पूरी करने के लिए ही मंजूरी मिलेगी, ताकि युवा अधिकारियों के प्रमोशन में बाधा न आए।

नए नियमों में एक और बड़ा बदलाव यह है कि रिटायरमेंट के बाद दोबारा नियुक्ति की अधिकतम सीमा अब दो साल तय की गई है। अगर किसी विभाग को दो साल बाद भी उस व्यक्ति की सेवाएं चाहिए होंगी, तो उन्हें कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त करना होगा। पिछले नियमों में यह सीमा इतनी सख्ती से लागू नहीं होती थी और कई बार सेवानिवृत्ति के बाद लंबे समय तक पुनर्नियुक्ति की अनुमति दे दी जाती थी।

### एशियन शूटिंग में स्वर्ण जीतने पर कपिल को खेल मंत्री ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने जिला पलवल के स्क्वाड्रन लीडर सिद्धांत सिंह को वीर चक्र से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सिद्धांत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सफल हवाई हमले कर देश की वीरता और पराक्रम का लोहा मनवाया। यह सम्मान केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की पहचान है। मंत्री ने जिला पलवल के कपिल बैंसला को 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप (कजाकिस्तान) में 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष जूनियर फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने पर भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। गौतम ने कहा कि हरियाणा की नई खेल नीति और आधुनिक सुविधाओं के चलते राज्य के खिलाड़ी वैश्विक मंच पर लगातार सफलता अर्जित कर रहे हैं। सिद्धांत और कपिल जैसे युवा, आज हरियाणा को वीरता और खेल दोनों क्षेत्रों में गौरवान्वित कर रहे हैं।

# अरावली में प्रस्तावित जंगल सफारी से हरियाणा बनेगा ईको-टूरिज्म का नया केंद्र

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि अरावली क्षेत्र में प्रस्तावित जंगल सफारी परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष पहल है। इसकी डिजाइनिंग और विस्तृत योजना रिपोर्ट आगामी दो महीनों में तैयार कर ग्लोबल निविदा प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि परियोजना पर जल्द काम शुरू हो सके। इस पहल का उद्देश्य न केवल ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है, बल्कि जैव विविधता संरक्षण और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन भी है।



राव नरबीर सिंह बुधवार को चंडीगढ़ में वन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लाइफ साइंस एजुकेशन ट्रस्ट ने परियोजना पर प्रेजेंटेशन दिया। बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

राव नरबीर सिंह ने बताया कि अरावली भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला है, जो हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली सहित चार राज्यों में फैली हुई है और 1.15 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। केंद्र सरकार ने हरियाणा को अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट और जंगल सफारी का दायित्व सौंपा है, जो पर्यावरणीय दृष्टिकोण से एक मील का पत्थर साबित होगा।

मंत्री ने कहा कि यह परियोजना पहले पर्यटन विभाग के अधीन थी, परंतु अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार इसकी जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं नागपुर की गोरेवाड़ा सफारी और गुजरात की वनतारा परियोजना का दौरा कर चुके हैं। हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि इस मेगाप्रोजेक्ट का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से कराया जाए।

# चंडीगढ़ में ईसीसीई पर परामर्श बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ प्रशासन के सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 20 अगस्त 2025 को स्नेहलया, मलोया में प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) पर परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव अनुराधा चगटी ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, गैर-सरकारी संगठनों, अभिभावकों और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिनमें आंगनबाड़ी केंद्रों का सशक्तिकरण, स्वास्थ्य-पोषण-शिक्षा का एकीकृत दृष्टिकोण, और समुदाय की भागीदारी प्रमुख रहे। चगटी ने कहा कि ईसीसीई बच्चे के भविष्य की नींव है, और इसे सशक्त करने के लिए विभागीय समन्वय और जनभागीदारी जरूरी है। सुझावों में डिजिटल शिक्षण उपकरणों का उपयोग, समुदाय-आधारित नवाचार और बाल-मैत्रीपूर्ण वातावरण की जरूरत पर बल दिया गया। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि सभी विभाग मिलकर ईसीसीई को और प्रभावी बनाएंगे, ताकि हर बच्चे को जीवन की श्रेष्ठ शुरुआत मिल सके।

### नशामुक्त हरियाणा अभियान को मिली नई गति, तस्करी पर कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने नशा तस्करी और मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ वर्ष 2025 में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई 11वीं नार्को कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक में बताया गया कि जनवरी-जुलाई 2025 के बीच 2,161 एफआईआर, 3,629 गिरफ्तारियां और 1.31 करोड़ रुपए की जायदाद कुर्की की गई। एसीएस डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि 698 जागरूकता कार्यक्रमों, 4,270 गांवों में गतिविधियों और 2.8 लाख युवाओं की भागीदारी के साथ अभियान को जनांदोलन बनाया गया। राज्य ने डि-एडिक्शन सेंटर्स की निगरानी, फॉरेंसिक लैब उन्नयन, और शैक्षणिक संस्थानों में प्रहरी क्लब जैसे कदम भी तेज़ किए हैं। हरियाणा सरकार का लक्ष्य व्यापक सामुदायिक भागीदारी से राज्य को पूर्णत: नशामुक्त बनाना है।

# किताब लवर्स का 'लोड द बॉक्स' बुक फेयर मोहाली में शुरू

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



किताब लवर्स द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित 'लोड द बॉक्स' बुक फेयर की शुरुआत आज सीपी 67 मॉल में जबरदस्त पाठक प्रतिक्रिया के साथ हुई। यह 12-दिवसीय मेला 20 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगा और प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। 10 लाख से अधिक किताबें और 20+ श्रेणियों में नवीनतम से क्लासिक टाइटल तक प्रदर्शित किए गए हैं।

मेले में प्रमुख आकर्षणों में से एक है पौराणिक लेखक देवदत्त पट्टनायक के साथ 30 अगस्त को शाम 6 बजे आयोजित होने वाला ऑथर मीटअप, जिसमें पाठक निशुल्क भाग ले सकते हैं। मेले की अनोखी 'लोड द बॉक्स' अवधारणा के तहत पाठक तीन बॉक्स साइज (1200, 2200, 3000 रुपए) में इच्छित संख्या में किताबें भर सकते हैं। संस्थापक राहुल पांडेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य किताबों को किफायती बनाकर पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। आयोजन में हिंदी साहित्य खंड, रीडिंग कॉर्नर, नई किताबों की झलकियां और मजेदार प्रतियोगिताएं भी शामिल हैं।

## देश-विदेश

# मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, दफ्तर बंद

## 34 लोकल ट्रेनें कैंसिल, मोनोरेल से यात्रियों का रेस्क्यू

**एजेंसी, मुंबई**




मुंबई में बुधवार को लगातार तीसरे दिन भारी बारिश हुई। 24 घंटे में यहां 300 एमएम बारिश हुई। मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद रहे। मुंबई लोकल की 34 ट्रेनें (17 जोड़ी) कैंसिल हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है।

मुंबई में एक मोनोरेल से करीब 800 लोगों को रेस्क्यू किया गया। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरेल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई थी। इसमें मौजूद 582 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से रेस्क्यू किया गया। रेल में सवार यात्री सागर ने कहा- बिजली और एसी बंद होने से डिब्बों में घुटन होने लगी थी। बाहर बारिश हो रही थी और अंधेरा बढ़ रहा था। सबसे डरावना पल तब था, जब ट्रेन खतरनाक ढंग से झुक गई थी, हम दुआ कर रहे थे कि जिंदा बाहर निकल जाएं। (अनंत ज्ञान)

### गोवा के मंत्री एलेक्सो सेक्वेरा का इस्तीफा

**एजेंसी, पणजी।** गोवा के पर्यावरण, बंदरगाह मंत्री, कानून एवं न्यायपालिका तथा विधायी मामलों के मंत्री एलेक्सो सेक्वेरा ने बुधवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया।



सेक्वेरा ने दोपहर में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। नुवेम विधानसभा से विधायक एलेक्सो नवंबर 2023 में सावंत के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में शामिल हुए थे। सेक्वेरा ने इस्तीफे को लेकर कहा, मैं स्वास्थ्य के आधार पर इस्तीफा नहीं दे रहा हूं, मैं व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें मुख्यमंत्री का भरपूर समर्थन मिला। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल ने 60 हजार रिजर्व सैनिकों को ड्यूटी पर बुलाया

**एजेंसी, तेल अवीव**



**गाजा पर कब्जा करने की तैयारी, शहर में तैनात होंगे 1.30 लाख सैनिक**

इसराइल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। इसके लिए वह 60 हजार रिजर्व सैनिकों को ड्यूटी पर बुला रहा है, जिसके लिए बुधवार से आदेश जारी हुए। सैनिकों को ड्यूटी जॉइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितंबर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाएंगे। दूसरी खेप नवंबर-दिसंबर में और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। यह फैसला रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने सेना प्रमुख और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक के बाद लिया। गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान को गिदोन 'स चेरीअट्स-बी' नाम दिया गया है। इस दौरान पहले से ड्यूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी। इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगी। इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नॉर्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी। यह अभियान कई स्टेप में चलेगा। सबसे पहले नागरिकों को गाजा सिटी खाली करने का नोटिस मिलेगा। इसके लिए अंतिम तारीख 7 अक्तूबर 2025 तय की गई है। (अनंत ज्ञान)

### अहमदाबाद में 10वीं के छात्र की चाकू से हत्या

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे स्कूल में 8वीं कक्षा के एक छात्र ने 10वीं कक्षा के एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार दोपहर की है। देर शाम अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए करीब 2 हजारों लोगों की भीड़ ने बुधवार सुबह स्कूल का घेराव कर जमकर तोड़फोड़ की। सिंधी समुदाय के लोग, बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ता बुधवार सुबह स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचते ही लोगों ने पहले तो स्कूल के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद रेलिंग कूदकर स्कूल के अंदिर दाखिल हो गए। अंदर घुसते ही लोगों ने गार्ड, बस ड्राइवर्स को पीटना शुरू कर दिया। गुस्साई भीड़ ने प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ को भी जमकर पीटा। सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें स्कूल पहुंचीं, लेकिन, लोग इतने गुस्से में थे कि पुलिसकर्मियों के सामने ही पूरे स्टाफ को पीटते रहे। (अनंत ज्ञान)

### मुख्तार के बेटे अब्बास की विधायकी होगी बहाल

**एजेंसी, प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास को हेट स्पीच केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को कोर्ट ने मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अब्बास को 2 साल की सजा सुनाई गई थी। लीगल एक्सपर्ट का कहना है कि अब अब्बास की विधायकी बहाल होगी। मामला 2022 के विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। इस दौरान एक चुनावी रैली में अब्बास ने कहा था, 'सपा प्रमुख अखिलेश यादव से कहकर आया हूं, सरकार बनने के बाद 6 महीने तक किसी की ट्रांसफर-पोस्टिंग नहीं होगी। जो जहां है, वहीं रहेगा। पहले हिसाब-किताब होगा, फिर ट्रांसफर होगी।' इसके बाद शहर कोतवाली में हेट स्पीच की एफआईआर दर्ज हुई थी। 31 मई को मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्बास को इस मामले में 2 साल की सजा सुनाई। कोर्ट का आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर फाइल मऊ से लखनऊ पहुंची। फिर रविवार को विधानसभा सचिवालय खोलकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई और सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने वेनेजुएला के पास तैनात किए 3 वॉरशिप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप तैनात किए हैं। रॉयटर्स के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को कहा था कि ये तैनाती ड्रग कार्टेल्स (ड्रग्स की तस्करी करने वाले ग्रुप्स) और इससे जुड़ी हिंसा को रोकने के लिए की जा रही है। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है। वहीं, वेनेजुएला ने अमेरिका के इन आरोपों को खारिज किया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोमवार को वॉरशिप तैनाती के खिलाफ 45 लाख सैनिकों को तैनात करने का ऐलान किया था। ये तीनों वॉरशिप हवा, समुद्र, और पनडुब्बी हमलों से रक्षा करने में माहिर है। इनके साथ 4,000 मरीन, पी-8ए पोसाइडन निगरानी विमान, और एक हमलावर पनडुब्बी भी शामिल है। ये अगले कुछ महीनों तक इस इलाके में ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान में शामिल रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### क्लास 3-12 के सप्लीमेंट्री मटेरियल में दो नए मॉड्यूल शामिल

# एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर पर नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने दो स्पेशल मॉड्यूल जारी किए हैं। इन्हें क्लास 3 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर शामिल किया गया है। मॉड्यूल में बताया गया है कि पाकिस्तान भले ही पहलगाम आतंकी हमले में किसी भी तरह से शामिल होने से इनकार करता है, लेकिन यह हमला पाकिस्तान की सैन्य और राजनीतिक लीडरशिप के सीधे आदेश पर हुआ था। ये मॉड्यूल स्कूली बच्चों के बीच भारत की सैन्य शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से बनाए गए हैं। क्लास 3 से 8 के लिए मॉड्यूल का टाइटल 'ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की गाथा' और 9 से 12 तक के लिए मॉड्यूल का टाइटल 'ऑपरेशन सिंदूर- सम्मान और बहादुरी का मिशन' है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ने 6000 स्टूडेंट वीजा किए रद्द

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**इनमें से 4000 अपराध व आतंकवाद में शामिल**

अमेरिका ने 6000 से ज्यादा इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के वीजा रद्द कर दिए हैं। जांच में पाया गया कि इनमें से कुछ ने कानून तोड़ा, कुछ वीजा एक्सपायर होने के बाद भी रुके हुए थे, जबकि कुछ गंभीर अपराधों में शामिल थे।

अमेरिका में रद्द किए गए 6000 वीजा में से लगभग दो-तिहाई यानी करीब 4000 वीजा धारक अपराधों में शामिल थे। इनमें मारपीट, चोरी और नशे में गाड़ी चलाना शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि कुछ मामले आतंकवाद से भी जुड़े थे। 2023-24 में अमेरिकी कॉलेजों में 11 लाख से ज्यादा विदेशी छात्र पढ़ रहे थे। अमेरिका की ट्रंप सरकार को चिंता है कि कुछ लोग एजुकेशन वीजा का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से वीजा नियमों की जांच को और सख्त किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 213 अंक चढ़ा, निफ्टी 25000 के पार

## आईटी शेयरों में भारी खरीददारी, इंफोसिस में सबसे ज्यादा 3.88 प्रतिशत की बढ़त

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 213.45 अंक उछलकर 81,857.84 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 341.23 अंक या 0.41 प्रतिशत बढ़कर 81,985.62 अंक पर पहुंच गया था। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 69.90 अंक के साथ 25,050.55 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस में सबसे ज्यादा 3.88 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। आईटी शेयरों में भारी खरीददारी रही। (अनंत ज्ञान)



**ब्रेंट क्रूड 66.54 डॉलर प्रति बैरल**

**वैश्विक** तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.14 प्रतिशत बढ़कर 66.54 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 634.26 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

### चांदी और सोना लुढ़के

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 20 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोना के दाम 222 रुपए गिरकर 98,946 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गए हैं। इससे पहले सोना 99,168 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 2,431 रुपए कम होकर 1,11,194 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,625 रुपए पर थी। वहीं, 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,784 रुपए बढ़कर 98,946 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए से 25,177 रुपए बढ़कर 1,11,194 रुपए पर पहुंच गया है।

## सुप्रीम सवाल

### अदालत ने पूछा-संविधान निर्माताओं का सपना, हकीकत से कितना दूर?

# राज्यपाल-सरकार के रिश्ते पर 'सुप्रीम' नजर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आजादी के बाद से देश ने संविधान निर्माताओं की उस उम्मीद पर खरा उतरा है, जिसमें राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य और आपसी परामर्श की व्यवस्था की कल्पना की गई थी। यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस बीआर गवई कर रहे हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस



नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर भी शामिल हैं।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होकर कहा कि संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति और उनकी शक्तियों को लेकर गहन बहस हुई थी। उन्होंने कहा कि अक्सर आलोचना होती है कि राज्यपाल का पद 'राजनीतिक शरण' लेने वालों का ठिकाना है, लेकिन असल में यह पद संवैधानिक जिम्मेदारियों और कुछ निश्चित शक्तियों से जुड़ा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### बिलों पर देरी का है मुद्दा

**कोर्ट** की पीठ राष्ट्रपति के उस राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकता है कि वे राज्य विधानसभाओं से पास हुए बिलों पर तय समय सीमा के भीतर फैसला लें। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अटॉर्नी जनरल से यह पूछा था कि आखिर क्यों कई राज्यों के विधानसभा से पास हुए बिल साल 2020 से ही राज्यपालों के पास लंबित पड़े हुए हैं। कोर्ट ने कहा कि यह चिंता का विषय है, लेकिन अदालत संवैधानिक दायरे में रहकर ही अपनी राय देगी।

### राष्ट्रपति ने मांगी है सुप्रीम कोर्ट से राय

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एशिया कप में बिना किसी ट्रेनिंग कैंप के उतरेगी भारतीय टीम



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप 2025 शुरू होने से चार या पांच दिन पहले दुबई के लिए उड़ान भरेगी। दुबई और अबू धाबी में आयोजित होने वाला इस आठ देशों के टूर्नामेंट का आगाज 9 सितंबर से होगा। टीम इंडिया टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला 14 सितंबर को होगा। बीसीसीआई ने मंगलवार को कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में इस बड़े आयोजन के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाया गया है। दरअसल, भारतीय टीम 4 या 5 सितंबर को दुबई के लिए रवाना होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम के लिए कोई प्रशिक्षण शिविर आयोजित नहीं किया जाएगा, जबकि भारत ने आखिरी बार जनवरी में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली थी। रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि चयनकर्ताओं ने कोई ट्रेनिंग कैंप नहीं लगाने का फैसला इसलिए लिया है, क्योंकि वे आईपीएल 2025 में अपने प्लेयर्स के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। (अनंत ज्ञान)

### एमबाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदल रियाल मैड्रिड को दिलाई जीत

**एजेंसी, मैड्रिड।** काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेज़बान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था। (अनंत ज्ञान)



### स्टाइल की भी चैंपियन सुशीला चानू

**नई दिल्ली।** हॉकी की इस रानी सुशीला चानू को ज्यादा लोग नहीं पहचानते। हालांकि, भारतीय हॉकी टीम में अगर आप ग्लैमर की तरफ नजर डालेंगे तो सबसे पहले नजरें सुशीला पर ही जाएंगी।



## टी-20 और वनडे में बने उपकप्तान, टेस्ट में मिल चुकी है कमान

# क्या तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बनेंगे गिल?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मंगलवार को बीसीसीआई ने एशिया कप के लिए भारत की टी-20 टीम घोषित की। कई मीडिया रिपोर्ट्स और एक्सपर्ट्स दावा कर रहे थे कि शुभमन गिल को टी-20 टीम में मौका तक नहीं मिलेगा। हालांकि, जब टीम अनाउंस हुई तो गिल को न सिर्फ मौका मिला, बल्कि उन्हें उप कप्तान भी बना दिया गया। शुभमन को इसी साल टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। उन्हें पिछली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में वनडे टीम का उप कप्तान भी बनाया गया था। अब टी-20 टीम में भी लीडरशिप रोल देकर बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि शुभमन जल्द ही तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बना दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



### टी-20 फॉर्मेट में कर चुके हैं कप्तानी

**2024** में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे पर गई। जहां शुभमन गिल को ही कप्तान बनाया गया। श्रीलंका में अगली सीरीज हुई, जहां सूर्यकुमार यादव को कप्तानी और शुभमन को उप कप्तानी सौंपी गई। यानी मैनेजमेंट ने गिल को लीडरशिप की जिम्मेदारी देने का मन बना लिया था। बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ बिजी शेड्यूल के कारण शुभमन को टी-20 टीम में मौका नहीं मिला। इस कारण अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया। अब जब एशिया कप के दौरान कोई और टूर्नामेंट नहीं है, इसलिए शुभमन को टीम में मौका भी मिला और उन्हें उप कप्तान भी बना दिया गया।

### 2026 के बाद मिल सकती है टी-20 की कप्तानी

**टी-20** फॉर्मेट में सूर्यकुमार यादव 2026 के टी-20 वर्ल्ड कप तक तो कमान संभालते नजर आएंगे। हालांकि, ऐसा जरूरी नहीं कि टूर्नामेंट के बाद भी उन्हें ही कमान मिले। अगर भारत आईसीसी टूर्नामेंट जीत गया तो सूर्या आगे भी कंटीन्यू कर सकते हैं, लेकिन टीम टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी तो वर्ल्ड कप के ठीक बाद शुभमन को कमान सौंपी जा सकती है। सूर्या बतौर प्लेयर टीम का हिस्सा बने रहेंगे। शुभमन भारत की टी-20 कप्तानी कर चुके हैं और उन्हें आईपीएल में गुजरात टाइटंस को 2 सीजन तक लीड करने का अनुभव भी है। पिछले सीजन तो उन्होंने टीम को प्लेऑफ में भी जगह दिलाई। हालांकि, टीम एलिमिनेटर में हारकर बाहर हो गई। रिकॉर्ड्स को देखते हुए वे लंबे समय तक गुजरात की कमान संभालते नजर आएंगे।




### टेस्ट कप्तानी में इंग्लैंड में सीरीज ड्रॉ कराई

**इसी** साल में मई में टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली ने संन्यास ले लिया। जिसके बाद शुभमन गिल को टीम इंडिया का नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। इंग्लैंड के खिलाफ पहली ही सीरीज में उन्होंने इस मौके को भुनाया और टीम को 2 मुकाबले जिताए। शुभमन ने बैट से भी अपना फॉर्म साफ जाहिर कर दिया और 750 रन बना दिए। शुभमन की कप्तानी में इंग्लैंड में सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई। इंग्लैंड सीरीज के साथ उन्होंने दर्शा दिया कि वे लंबे समय तक इस फॉर्मेट में टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं।

### जल्द ही बन जाएंगे वनडे टीम के कप्तान

**चैंपियंस** ट्रॉफी में शुभमन को उप कप्तान बनाए जाने से साफ हो गया कि वनडे में रोहित शर्मा के बाद गिल ही कमान संभालेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा भी किया जा रहा है कि उन्हें इसी साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान कप्तान बना दिया जाएगा। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि 2027 में वनडे वर्ल्ड कप तक रोहित ही कप्तान बने रहेंगे। वहीं वर्ल्ड कप के बाद शुभमन इस फॉर्मेट में भी टीम की कमान संभाल लेंगे। गिल वनडे बैटर्स रैंकिंग में नंबर-वन बल्लेबाज हैं और इस फॉर्मेट में उनकी जगह भी पक्की है। ऐसे में देखना अहम होगा कि शुभमन को वनडे फॉर्मेट का कप्तान कब बनाया जाएगा।

## सऊदी क्रिकेट महासंघ और अमेरिकी लीग के बीच करार

**एजेंसी, ह्यूस्टन**

सऊदी अरब क्रिकेट महासंघ (एसएसीएफ) और डलास स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूत करने और खिलाड़ियों के लिए सुगम राह तैयार करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है।



लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों से क्रिकेट 128 वर्ष बाद इस खेल महाकुंभ में वापसी करेगा। यह साझेदारी स्कूल और सामुदायिक कार्यक्रमों, कोचिंग और अंपायरिंग प्रमाणन, तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और उत्तरी अमेरिका में एनसीएल कार्यक्रमों के माध्यम से सऊदी अरब के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर केंद्रित होगा। इनमें कॉलेजिएट क्रिकेट लीग और पाथ टू क्रिकेट प्रो टैलेंट हंट शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना है।

एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा, ''यह क्रिकेट के प्रति साझा जुनून और इसके भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण वाले दो देशों को जोड़ने वाला सेतु है। हम युवा खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर से लेकर विश्व मंच तक पहुंचने के वास्तविक अवसर पैदा कर रहे हैं।'' सऊदी अरब में हाल के वर्षों में क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। एसएसीएफ ने कहा कि एनसीएल के साथ साझेदारी से विकास कार्यक्रमों में तेजी आएगी, जिससे उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पुरानी दिल्ली-6 को 21 रन से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नवदीप सैनी की शानदार गेंदबाजी के दम पर ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पुरानी दिल्ली-6 को 21 रन से हराया और इस तरह से वह दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई। राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्पित राणा के 64 और कप्तान अनुज रावत के 59 रन की मदद से छह विकेट पर 172 रन बनाए। पुरानी दिल्ली 6 की ओर से देव लाकड़ा और आयुष सिंह ने दो-दो विकेट लिए। पुरानी दिल्ली 6 की टीम इसके जवाब में समर्थ सेठ (30 गेंदों पर 41 रन), प्रणव पंत (25 गेंदों पर 29 रन) और कप्तान वंश बेदी (26 गेंदों पर 48 रन) की शानदार पारियों के बावजूद आठ विकेट पर 151 रन ही बना पाई। नवदीप सैनी राइडर्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए। (अनंत ज्ञान)

## आईसीसी की वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित और कोहली के नाम गायब

**एजेंसी, दुबई**

आईसीसी की ताजा रैंकिंग से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब हो गए हैं। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे। रोहित शर्मा नंबर-2 पर थे, जबकि विराट कोहली नंबर-4 पर थे। लेकिन, बुधवार को जब वनडे बैटर्स की रैंकिंग जारी हुई तो उसमें न तो रोहित शर्मा का नाम था और न ही विराट कोहली का।

संभव है कि, यह किसी गलती या तकनीकि कारण से हुआ हो। क्योंकि, आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब 6 घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था। (अनंत ज्ञान)

**पिछले हफ्ते टॉप-5 में शामिल थे दोनों भारतीय बल्लेबाज, गिल टॉप पर कायम**




### शुभमन गिल टॉप पर कायम बाबर आजम दूसरे नंबर पर

**ताजा** रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ नंबर-1 पर कायम हैं, जबकि बाबर आजम (739 अंक) दूसरे नंबर पर आ गए हैं। तीसरे पर डैरिल मिचल, चौथे पर चरिथ असलंका और पांचवें स्थान पर हैरी टेक्टर हैं।

## सिंकफील्ड कप: गुकेश ने अब्दुसत्तोरोव को हराया

**एजेंसी, सेंट लुई (अमेरिका)**

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की। पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञाननंदा ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे। एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज्सटॉफ को हराया। अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला। अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारूआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं। (अनंत ज्ञान)



## आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका का दौरा करेगा इंग्लैंड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका में फरवरी और मार्च 2026 में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की तैयारियों के लिहाज से इंग्लैंड की टीम अगले साल जनवरी में श्रीलंका का दौरा करेगी, जहां वह मेजबान टीम से तीन वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी। हैरी ब्रूक की अगुवाई में इंग्लैंड की टी 22 से 27 जनवरी तक तीन वनडे मैच और 30 जनवरी से 3 फरवरी तक तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट उचित समय पर मैचों के लिए स्थानों की पुष्टि करेगा। श्रीलंका दौरा 2010 और 2022 में आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले इंग्लैंड को तीसरी बार चैंपियन बनने में उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने का बहुमूल्य अनुभव प्रदान करेगी।




सात वर्षों से अधिक समय के बाद इंग्लैंड की टीम व्हाइट बॉल सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। इंग्लैंड ने 2018 में आखिरी बार श्रीलंका दौरा किया था और उस वक्त उसने मेजबान के खिलाफ 2-1 वनडे सीरीज और एक मात्र टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच पर कब्जा जमाया था। वैसे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच आखिरी बार भिड़ंत 2022 वर्ल्ड कप के दौरान हुई थी, जहां इंग्लैंड ने ग्रुप स्टेज में श्रीलंका को 4 विकेट से हराया था और मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खिताबी जीत दर्ज की थी। श्रीलंका को अगला पुरुष टी20 इंटरनेशनल मैच जिम्बाब्वे में तीन मैचों की सीरीज है, जबकि इंग्लैंड 10 सितंबर से कार्डिफ में शुरू होने वाले इतने ही मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। (अनंत ज्ञान)

## सौरभ-सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य



**एजेंसी, शिमकेंट (कजाखस्तान)**

सौरभ चौधरी और सुरुचि इंद्रसिंह की जोड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में बुधवार को चीनी ताइपै को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। दोनों ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17-9 से हराया। इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरुचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया। दोनों का कुल स्कोर 578 रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे। इस साल चार विश्व कप पदक जीत चुकी सुरुचि ने क्वालिफिकेशन दौर में परफेक्ट 100 के साथ शुरुआत की। दूसरे में 94 और तीसरे में 98 स्कोर किया। चौधरी का स्कोर 95, 96 और 95 रहा। (अनंत ज्ञान)

## डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की होने के बाद ब्रसेल्स में नहीं खेलेंगे नीरज चोपड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डाइमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है। नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने इसके बाद जूनर में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डाइमंड लीग का खिताब जीता।



ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे। नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था। कुल मिलाकर नीरज ने मौजूदा सत्र में अब तक छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जिसमें से चार में उन्होंने खिताब जीता जबकि दो में दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा तोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**हॉकी**

### हरमनप्रीत सिंह होंगे कप्तान, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह को मिली जगह

## एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान बुधवार को किया गया, जिसमें फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक खेला जाएगा, जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरुष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा, जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है।

ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं। राजिंद्र सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंद्र को शमशेर सिंह की जगह चुना गया, जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है। स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो-लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था। भारत को एशिया कप में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ पूल ए मिला है। भारतीय टीम 29 अगस्त को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है। गोलकीपिंग का दारोमदार कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा पर होगा। डिफेंस में हरमनप्रीत और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह हैं। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंद्र, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत जिम्मा संभालेंगे।

नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति को रिजर्व में रखा गया है। टीम चयन के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हमने अनुभवी टीम चुनी है। विश्व कप क्वालीफिकेशन को देखते हुए एशिया कप हमारे लिए महत्वपूर्ण है लिहाजा हमें दबाव में अच्छा खेलने वाले खिलाड़ी चाहिए। (अनंत ज्ञान)


फाइल फोटो

### भारतीय टीम

**गोलकीपर:** सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक।
**डिफेंडर:** हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह।
**मिडफील्ड:** मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंद्र, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह।
**फॉरवर्ड:** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह।
**रिजर्व खिलाड़ी:** नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति।